हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 29.11.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 124 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## मुख्यमंत्री ने 8792 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# बड़ी शिद्दत से नौजवानों का भविष्य गढ़ने में लगी है सरकार : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि राज्य सरकार बड़ी शिद्दत से नौजवानों का भविष्य गढ़ने में लगी है। एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर मोरहाबादी मैदान, रांची में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 8792 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आज जिन्हें नियुक्ति पत्र मिला है, उससे कम से कम 50 हजार लोगों का भरोसा मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य सरकार अपने दूसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ बना रही है। यह दिन हम सभी के लिए काफी उत्साह वाला है, लेकिन मन थोड़ा उदास भी है। क्योंकि, दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी इस ऐतिहासिक समारोह में हमारे बीच नहीं है। वे अगर आज होते तो इतनी बड़ी संख्या में युवाओं को नियुक्ति पत्र मिलता देख काफी खुश नजर आते। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने महान सुधारक ज्योतिबा फुले को उनकी पुण्यतिथि पर याद करते हुए नमन किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आज पहले वर्ष पूरा हो रहा है। यह दिन कई काफी ऐतिहासिक है। क्योंकि, एक साथ इतनी बड़ी संख्या में युवाओं को नियुक्ति पत्र देने का अवसर हमें मिला है। हमारी सरकार युवाओं का भविष्य संवारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सिर्फ इसी वर्ष 16 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और 8 हजार लोगों को गैर सरकारी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। वहीं, पिछले कुछ वर्षों के दौरान सरकारी और निजी क्षेत्र में हजारों लोगों को नौकरी और रोजगार से जोड़ने का सार्थक पहल सरकार के स्तर पर हुआ है। नियुक्तियों का यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। मुख्यमंत्री ने इस समारोह में नियुक्ति पर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से कहा कि आपकी पोस्टिंग राज्य के विभिन्न जिलों में होती रहेगी। ऐसे में आपसे आग्रह है कि आप जहां भी जाएं, वहां काम से कम एक नौजवान को अपने जैसा बनाने का संकल्प लें। अगर हम इसमें कामयाब हुए तो निश्चित तौर पर झारखंड की तस्वीर बदल जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम चुनौतियों के बीच राज्य में नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। हमारी सरकार पूरी शिद्दत, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ इस राज्य के नौजवानों को सशक्त बना रही है। हालांकि, कुछ ऐसे भी तत्व हैं, जो इसका विरोध कर रहे हैं। लेकिन, सरकार इसकी चिंता किए बगैर अपना कार्य कर रही है। हमारा मकसद इस राज्य में नया आयाम स्थापित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के हर वर्ग और तबके के लिए हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। आदिवासी, दलित, पिछड़ा, महिला नौजवान, दिव्यांग... हर किसी को सरकार सौगात दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि चाहे पढ़ा -लिखा व्यक्ति हो या कम पढ़ा- लिखा अथवा अनपढ़, सबको आगे ले जाने का काम सरकार कर रही है। सभी को उनकी योग्यता और क्षमता के रोजगार देने का प्रयास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने लड़कर इस राज्य को लिया है। ऐसे में इस राज्य के पदाधिकारी, किसान, नौजवान, महिला शिक्षक... हर किसी की कंधों पर अहम जिम्मेदारी है कि वे इस राज्य को सजाने- संवारने में अपनी भूमिका निभाएं। सभी के सामूहिक एवं सार्थक प्रयासों से झारखंड सशक्त और मजबूत राज्य बन सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा किए गए कार्यों का चौतरफा असर देखने को मिल रहा है। इस कड़ी में आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का प्रभाव पूरी तरह झलक रहा है।

### इन पदों के लिए नव नियुक्त अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

इस समारोह में कुल 8792 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इसमें झारखंड लोक सेवा आयोग की 11वीं से 13 वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा से अनुसंशित 197 उप समाहर्ता, 35 पुलिस उपाधीक्षक, 55 राज्य कर पदाधिकारी, 2 काराधीक्षक, 08 झारखंड शिक्षा सेवा श्रेणी -2, 01 जिला समादेष्टा, 8 सहायक निबंधक, 14 श्रम अधीक्षक, 6 प्रोबेशन पदाधिकारी और 3 उत्पाद निरीक्षक हैं। इसके साथ दंत चिकित्सक के 22, कीटपालक के 150 और सहायक आचार्य के 8291 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला। वहीं, कर्तव्य के दौरान 84 शहीद पुलिस कर्मियों के पारिवारिक सदस्य को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री चमरा लिंडा, मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, मंत्री सुदिव्य कुमार, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, विधायक ममता देवी, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह एवं विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव/सचिव तथा अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### रूस के राष्ट्रपति पुतिन चार दिसंबर को आयेंगे नई दिल्ली

**नई दिल्ली :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर दो दिवसीय यात्रा पर 4 दिसंबर को भारत की राजकीय यात्रा आयेंगे। इस दौरान वे दिल्ली में आयोजित 23वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर वार्ता में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।
राष्ट्रपति पुतिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता करेंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उनके उनके स्वागत में भोज आयोजित करेंगी। पुतिन की आगामी राजकीय यात्रा भारत और रूस के नेतृत्व को द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा का अवसर प्रदान करेंगी। इसके साथ विशेष एवं अधिकार प्राप्त रणनीतिक भागीदारी को और मजबूत करने के विजन तैयार होगा। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर आपसी हित से जुड़े मुद्दों पर विचार साझा किए जायेंगे।
उल्लेखनीय है कि भारत और रूस के बीच क्रम से एक-दूसरे के यहां वार्षिक स्तर पर शिखर वार्ता आयोजित होती है।
व्लादिमीर पुतिन 2021 में आखिरी बार भारत आए थे। इसबार कई रक्षा सौदे की संभावना है। इसके साथ ही दोनों नेताओं के बीच में यूक्रेन संघर्ष भी चर्चा हो सकती है।

### हांगकांग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 128 हुई

**हांगकांग :** दुनिया में अपनी निराली चमक और दमक के लिए विख्यात और 24 घंटे पूरी ऊर्जा के साथ दौड़ता हांगकांग अपने इतिहास की सबसे बड़ी आग त्रासदी से जूझ रहा है। परसों (26 नवंबर) आठ बहुमंजिला आवासीय इमारतों (टॉवर्स) में लगी आग में जनहानि के आंकड़ों को सुनकर लोग दहल गए। अब तक 128 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से अधिकांश के शव की पहचान करना असंभव है।
हांगकांग में सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले द स्टैंडर्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार हांगकांग के शीर्ष अधिकारियों ने आज दोपहर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज तड़के घटनास्थल से पांच शव और मिले। इनमें दो शव बच्चों के थे। दोपहर होते-होते मरने वालों की संख्या बढ़कर 94 से 128 हो गई। बचाव टीमें अभी भी जीवित लोगों की तलाश में धधक रहे टॉवर्स का चप्पा-चप्पा छान रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से चार इमारतों की आग गुरुवार रात तक बुझाई जा चुकी थी। तीन इमारतों में दमकल विभाग के कर्मचारी कड़ी मशक्कत कर रहे थे। एक टॉवर को सुरक्षित बताया गया था।

### गरीबों के लिए आधी रात तक कोर्ट में बैठ सकता हूं : चीफ जस्टिस सूर्यकांत

**नई दिल्ली :** नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने न्याय के प्रति अपनी निष्ठा जाहिर करते हुए कहा है कि गरीबों के लिए न्याय सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वे उनके लिए आधी रात तक कोर्ट में बैठ सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने ये टिप्पणी तिलक सिंह डांग नामक याचिकाकर्ता की याचिका खारिज करते हुए की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे मामले धनी वादीगण लड़ते हैं। मैं यहां सबसे छोटे, सबसे गरीब पक्षकार के लिए हूं। अगर जरुरत पड़ी तो मैं उनके लिए आधी रात तय यहां बैठूंगा।

### हेमन्त सोरेन से मिली विधायक पूर्णिमा दास



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी, विधायक कल्पना सोरेन से कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू ने शिष्टाचार भेंट की।

### मुख्यमंत्री से जेएसी के अध्यक्ष डॉ. नटवा हांसदा ने की शिष्टाचार मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (JAC) के अध्यक्ष डॉ. नटवा हांसदा ने शिष्टाचार मुलाकात की।

### उत्तर प्रदेश में कार पर बजरी लदा डंपर पलटने से एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

**सहारनपुर :** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर बेकाबू होकर एक कार पर पलट गया। इस हादसे में कार सवार एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से डंपर को हटाकर कार में दबे शवों को बाहर निकाला। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने बताया कि महेंद्र सैनी के गंगोह निवासी साले की मौत गुरुवार रात हो गई थी। शुक्रवार सुबह अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वह परिवार के साथ रिश्तेदार राजू सैनी (27) की कार से जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी ग्राम प्रधान के अनुसार वह हाईवे के किनारे कार लेकर खड़े थे। देहरादूर से बजरी से लदा आ रहा डंपर ओवरलोड था। जैसे ही चालक ने डंपर को मोड़ा वह बेकाबू होकर कार पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह पिचक गई और उसमे सवार सभी लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक नगर बिंदल ने बताया कि हादसा गागलहेड़ी थाना क्षेत्र में गांव सैयद माजरा अंडरपास के पास दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ है।

## तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला, एसआईआर से जुड़ी 40 मौतों की सूची सौंपी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को दिल्ली में चुनाव आयोग से मिला और मुख्य रूप से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित अपनी शिकायतें उसके समक्ष रखी। तृणमूल कांग्रेस के 10 सांसदों वाले इस प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से करीब दो घंटे तक बातचीत की। आयोग से मुलाकात के बाद तृणमूल नेताओं ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने आयोग के समक्ष अबतक 40 लोगों की मृत्यु होने की बात कही, जिसे एसआईआर से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग को इसके लिए दोषी बताया। इस दौरान हमने पांच प्रश्न उठाए जिनका हमें जवाब नहीं मिला। तृणमूल कांग्रेस वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रॉयन ने कहा कि हमने 40 लोगों की सूची चुनाव आयोग को सौंपी। इनकी मौत सीधे एसआईआर प्रक्रिया से जुड़ी थीं। हैरानी की बात है कि चुनाव आयोग ने इन्हें केवल आरोप कह कर खारिज कर दिया। उनका मानना है कि चुनाव आयोग के हाथ खून से रंगे हैं। महुआ मोइत्रा ने कहा कि हमने पाँच खास सवाल उठाए। हमने पूछा कि अगर एसआईआर का मकसद गैर-नागरिकों की पहचान करना था तो बिहार में फाइनल गिनती क्या थी? एसआईआर केवल बंगाल में ही क्यों किया जा रहा है, अन्य पूर्वोत्तर के राज्यों में भी घुसपैठ को लेकर चिंता है? असम में सिर्फ स्पेशल रिवीजन क्यों हो रहा है, इंटेंसिव क्यों नहीं? चुनाव आयोग कहता है कि पिछली मतदाता सूची भरोसे लायक नहीं है तो इस तर्क से पूरी लोकसभा की वैधता पर सवाल उठते हैं।

## छत्तीसगढ़ में 65 लाख के इनामी 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

**जगदलपुर :** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर के शौर्य भवन में शुक्रवार को झीरम हमले के मास्टरमाइंड दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का वरिष्ठ सदस्य और 25 लाख का इनामी चैतू उर्फ श्याम दादा के साथ कुल 65 लाख के इनामी 10 नक्सलियों ने बस्तर आईजी सुंदरराज पी. के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। नक्सल उन्मूलन अभियान पूना मारगेम : पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल के तहत झीरम हमले का मास्टरमाइंड दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का वरिष्ठ सदस्य और 25 लाख का इनामी 60 वर्षीय चैतू उर्फ श्याम दादा, जिसका पूरा नाम गिरी रेड्डी




पवन दा रेड्डी है। उस पर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था। वह मूलतः ग्राम तुलसापुर, मंडल रघुनंदापल्ली, जिला वारंगल का निवासी है। वह दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का वरिष्ठ सदस्य और दरभा डिवीजन का इंचार्ज था। आत्मसमर्पण के दौरान चैतू ने अपनी एके-47 रायफल भी पुलिस के हवाले कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के वरिष्ठ सदस्य इनामी चैतू उर्फ श्याम दादा के अलावा डीवीसीएम कैडर की सरोज भी शामिल है। उस पर 8 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनके साथ एसीएम (एरिया कमेटी सदस्य) भूपेश उर्फ सहायक राम, प्रकाश, कमलेश उर्फ झितरु, जननी उर्फ रयमती कश्यप, संतोष उर्फ सन्नू और नवीन एवं पीएम (प्रोटेक्शन मिलिशिया) की रमशीला और जयती कश्यप ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इन सभी आत्मसमर्पित 10 नक्सलियों पर कुल 65 लाख रुपये के इनामी घोषित था। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि नक्सली संगठन लगातार बिखरता जा रहा है, नक्सलियों की खोखली विचारधारा से त्रस्त होकर नक्सली अब धीरे-धीरे जागरूक होते जा रहे है और अपने साथियों को बिखरते संगठन से हटकर समर्पण करने की बात कही जा रही है। इसी का परिणाम था कि आज डीकेएसजेडसी सदस्य चैतू उर्फ श्याम दादा के साथ उनके 9 साथियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है।

## शांति और सत्य की स्थापना के लिए अत्याचारियों का अंत भी आवश्यक : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**उडुपी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भगवद्गीता का संदेश केवल अध्यात्म नहीं बल्कि राष्ट्र-निर्माण और मानव कल्याण का शाश्वत मार्गदर्शन देता है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने कुरुक्षेत्र के युद्धक्षेत्र में जो उपदेश दिए, वह बताते हैं कि शांति और सत्य की स्थापना के लिए कभी-कभी अत्याचारियों का अंत भी आवश्यक होता है। यही भाव आज भारत की सुरक्षा नीति में भी परिलक्षित होता है, जिसमें वसुधैव कुटुम्बकम के साथ धर्मो रक्षति रक्षितः का मंत्र भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को कर्नाटक



के उडुपी स्थित श्रीकृष्ण मठ में आयोजित लक्ष कंठ गीता पारायण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत शांति और करुणा का संदेश दुनिया तक पहुंचाता है, लेकिन जब राष्ट्र की सुरक्षा पर संकट आता है तो देश सुदृढ़ इच्छाशक्ति के साथ जवाब देने में भी पीछे नहीं रहता। उन्होंने लाल किले की प्राचीर से घोषित मिशन सुदर्शन चक्र का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य देश के महत्वपूर्ण स्थलों और औद्योगिक क्षेत्रों के चारों ओर ऐसी सुरक्षा दीवार खड़ी करना है, जिसे दुश्मन भेद न सके। उन्होंने कहा कि यदि दुश्मन हमले का दुस्साहस करता है तो भारत का सुदर्शन चक्र उसे ध्वस्त करने के लिए पर्याप्त है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल ही में किए गए ऑपरेशन सिदूंर में भी देश ने आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता दिखाई। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कई देशवासियों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पहले ऐसी घटनाओं के बाद सरकारें अक्सर हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाती थीं, लेकिन नया भारत न तो दबाव में झुकता है और न ही अपने नागरिकों की सुरक्षा के कर्तव्य से पीछे हटता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय जैसी नीतियों की प्रेरणा भी श्रीकृष्ण की शिक्षाओं से मिलती है। श्रीकृष्ण गरीबों की सहायता और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का संदेश देते हैं। यही प्रेरणा आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के मूल में है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का संदेश नारी सम्मान और नारी सुरक्षा का भी आधार है और इसी भावना ने देश को नारीशक्ति वंदन अधिनियम जैसा ऐतिहासिक निर्णय लेने की शक्ति दी।

## सारंडा में आईईडी ब्लास्ट, एक किशोरी की मौत, दो गंभीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में आईईडी ब्लास्ट का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को सारंडा के कोलबंगा गांव स्थित लेबरागढ़ा जंगल में लड़की चुनने गये ग्रामीण आईईडी ब्लास्ट का शिकार हो गये। जिसमें आईईडी की चपेट में आकर एक 16 वर्षीय नाबालिग युवती की मौत हो गई। मृतका फूलों घनवार कोलबंगा गांव की रहने वाली है। जबकि गांव के ही सालिनी कंडुलना (30) और बिरसी घनवार (35) गंभीर रूप से घायल है। घायलों का इलाज मनोहरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, घायलों का प्राथमिक उपचार कर सीएचसी से रेफर करने को तैयारी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह 7 बजे के करीब कोलबंगा गांव के रहनेवाले 15 से 20 ग्रामीण सुखी लकड़ी और पत्ता तोड़ने के लिये लेबरा गढ़ा के जंगल में गये थे। जहां लकड़ी चुनने के दौरान दोपहर 2 बजे करीब तेज धमके के साथ आईईडी विस्फोट हुआ। जिसमें लकड़ी और पत्ता चुन रहे कोलबंगा गांव निवासी 16 वर्षीय फूलों घनवार, सालिनी कंडुलना (30) और बिरसी घनवार (35) गंभीर रूप से जख्मी हो गये। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिये तत्काल मनोहरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाजनके क्रम में फूलों घनवार ने दम तोड़ दिया है।

# अदाणी फाउंडेशन के जॉब फेयर से चमकी किस्मत, गोंदुलपारा के युवक को मिली नौकरी

प्रत्युष नवबिहार संवाददाता




**बड़कागांव :** गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन की ओर से स्थानीय युवाओं के रोजगार के लिए सतत किए जा रहे प्रयास का बड़ा सकारात्मक परिणाम सामने आया है।बीते दिनों बड़कागांव प्रखंड में आयोजित जॉब फेयर में गोंदुलपारा गांव के युवक प्रदीप यादव को अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के कार्यों के लिए सीनियर टेक्नीशियन के पद पर चयनित किया गया है।इस जॉब फेयर में विभिन्न गांवों से 200 से अधिक युवाओं ने रूचि ली और अपने - अपने बायोडाटा जमा किए थे।इसके अलावा रोजगार मेले में आए गाली गांव के पांच युवाओं को भी सुरक्षा गार्ड की नौकरी प्रदान की गई है, जो फिलहाल कंपनी की विभिन्न परियोजनों में कार्यरत हैं।

**आकर्षक वेतन के साथ विभिन्न सुविधाएं**

चयन के बाद कंपनी की ओर से जारी ऑफर लेटर के अनुसार प्रदीप की नियुक्ति पहली दिसंबर 2025 से शुरू होगी।उन्हें आकर्षक वेतन के अलावा कर्मचारी भविष्य निधि, ग्रैच्युटी, बोनस, बीमा लाभ, वार्षिक मेडिकल जांच, सस्ते दर पर भोजन और आवास जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।यह उपलब्धि न केवल प्रदीप के परिवार के लिए बल्कि पूरे इलाके के युवाओं के लिए प्रेरणा का विषय बन गई है। स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ना अदाणी फाउंडेशन की प्राथमिकता है और आने वाले समय में भी इस तरह के जॉब फेयर और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।जॉब फेयर के माध्यम से मिले इस रोजगार अवसर से युवाओं में नया उत्साह दिख रहा है।प्रदीप यादव ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन के जॉब फेयर ने हमारे जैसे ग्रामीण युवाओं को बड़े प्लेटफॉर्म तक पहुंचाया है।उन्होंने इस अवसर के लिए फाउंडेशन और कंपनी को धन्यवाद दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रदीप की सफलता पर खुशी व्यक्त की और उम्मीद जताई कि आगे भी क्षेत्र के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

**जल्द होगी स्कूल, हॉस्पिटल और स्किल ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना**

अदाणी फाउंडेशन जल्द ही इलाके में स्कूल , हॉस्पिटल और स्किल ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना करेगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्र में स्थानीय लोगों को सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा पिछले दिनों आयोजित हुए रोजगार मेले में जमा हुए बायोडाटा की भी शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया जारी है। अदाणी फाउंडेशन के अधिकारियों ने बताया कि युवाओं को उनकी योग्यता, अनुभव और कौशल के आधार पर और भी नौकरी के ऑफर दिए जाएंगे।

## एक नजर

### एनएचआरए के प्रदेश संरक्षक बने मुराद खान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बनी सुप्रिया सिंह

**हजारीबाग :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश इकाई की ओर से कांके रांची निवासी मुराद खान को प्रदेश संरक्षक बनाया गया है। इनका मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के द्वारा किया गया है। वही रांची निवासी सुप्रिया सिंह को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश की महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। इनका मनोनयन प्रदेश अध्यक्ष प्रीति उपाध्याय एवं प्रदेश महासचिव मंजू सिंह के द्वारा किया गया है। नव मनोनीत प्रदेश संरक्षक मुराद खान एवं प्रदेश उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सुप्रिया सिंह ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई , उसका पूर्ण निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करेंगे। मानवाधिकार संरक्षण के लिए काम करेंगे। दोनों के मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार, राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार सुमन, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिलीप राय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, राष्ट्रीय विधि सचिव आत्मानंद कुमार पांडेय,महिला प्रदेश अध्यक्ष प्रीति उपाध्याय, प्रदेश संयोजक भरत यादव, प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय, जगदीश दास, प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव,प्रदेश सचिव प्रो हीरामन साव, प्रमंडल अध्यक्ष हीरा देवी, कामिनी देवी,जिलाध्यक्ष हजारीबाग डॉ दीनानाथ ठाकुर, कोडरमा जिलाध्यक्ष धीरज कुमार, रांची जितेंद्र सिंह, रीना आनंद, संजू देवी देवी, नीतू देवी, सिमरन कुमारी, कमल शंकर पंडित, प्रभाकर पाठक, रेखा देवी, दुर्गेश वर्मा, पूनम प्रसाद आदि ने बधाई दी है।

### हजारीबाग नगर निगम ने की बरही चौक के आसपास सड़क की सफाई

**बरही :** बरही में हाई कोर्ट के न्यायधीश का प्रवास होना तय हुआ है। जिसको देखते हुए स्थानीय प्रशासन सुरक्षा एवं सफाई के प्रति गंभीर दिख रहा है। न्यायधीश के प्रवास को देखते हुए हजारीबाग नगर निगम के कर्मियों ने बरही चौक के आसपास सड़क की साफ सफाई की। सफाई करने में बरही के स्थानीय लोगों ने सहयोग किया। बरही अधिसूचित क्षेत्र समिति नहीं बना है, जिसके कारण साफ सफाई प्रशासन और नागरिक के संयुक्त प्रयास से किया जाता है। बरही चौक से जब राज्य के न्यायाधीश और मुख्य न्यायाधीश गुजरते हैं तो जिला प्रशासन के पहल पर बरही चौक की साफ सफाई करायी जाती है। सफाई भी इसी की कड़ी है।

## बड़कागांव में एकल विद्यालय आचार्यों का दो दिवसीय मासिक अभ्यास वर्ग संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** एकल अभियान के तहत एकल विद्यालय आचार्यों की दो दिवसीय मासिक अभ्यास वर्ग बड़कागांव में आयोजित किया गया । इस मासिक अभ्यास वर्ग में बतौर मुख्य अतिथि संच अध्यक्ष रंजीत कुमार चौबे एवं डॉक्टर सावित्री देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मासिक अभ्यास वर्ग में विषय बिंदु पाठ्यक्रम, दीवार लेखन, केचुआ बेड, सत्संग टोली का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, सत्संग कार्यकर्ता एवं अन्य विषयों पर चर्चा किया गया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री पिंटू गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद जिला सामान्य प्रमुख इंग्लिश सोनी, आरोग्य प्रमुख संतोष कुमार, अशोक कुमार मेहता, रामचरित्र कुमार मेहता, दिनेश कुमार मेहता, राज किशोर मेहता, अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक नरेश पासवान, गतिविधि प्रमुख अभिषेक कुमार, संच प्रशिक्षक सुषमा राणा, कुलेश्वर कुमार मेहता, अभिनय कुमार मेहता, प्रभात कुमार मेहता, सुचिता राणा, मालती देवी, लीला देवी, अनीता देवी, संगीता देवी, राखी कुमारी, ज्योति कुमारी, विनीता कुमारी, अनु कुमारी, रीता, रानी, ममता कुमारी, बिना कुमारी, पूनम कुमारी बिना कुमारी गीता कुमारी धरती देवी, धनु कुमारी, खुशबू कुमारी, विमला देवी ललिता कुमारी संध्या कुमारी पूनम देवी ,कविता देवी, सविता देवी सुषमा रविदास ,किरण देवी, पूनम देवी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## संगम पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**बड़कागांव :** प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित संगम पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य परवेज आलम व संचालन उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने की। अध्यक्ष रमेश साव ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य परवेज आलम ने कहा कि बच्चों को खेलने से मानसिक एवं सर्वांगीण विकास होता है । विद्यालय के उप प्राचार्य ने बच्चों से कहा कि मेहनत, अनुशासन और सीखने ललक से ही आप आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें खो खो, कबड्डी, क्रिकेट, बैलून फोड़, बिस्कुट रेस, सुई धागा रेस, रिंग दौड़,रस्सा कस्सी दौड़, बोतल, दौड़, वॉलीबॉल,कॉपी दौड़, चम्मच दौड़, तीन पैर वाला दौड़, खेल इत्यादि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विद्यालय में चार हाउस के बच्चे ने भाग लिए थे जिसमें से प्रथम बुलू हाउस विशाल, साहिल, फरहान, आलिया नूरी, सिमरन, सन द्वितीय रेड हाउस हर्ष, कुंदन, रिमझिम,अन्वेशा सना इराकी और तृतीय ग्रीनहाउस अस्जद ,आकाश, शम्श, कशिश, प्रीति, जिया , नुसरत ,रूप, लवली, रिया रहा। येलो हाउस विनर बच्चे कैसफी, कायनात, खुशी , सीमा, अंजनी, प्रिया, अश्विनी, पम्मी, संगम, रूबीना ,अमित, राज गुप्ता,बच्चों को मेडल ,पुरस्कार एवं ट्रॉफी देखकर सम्मानित किया गया। मौके पर संगम पब्लिक स्कूल के सचिव सुरेंद्र प्रसाद दांगी सह निर्देशक तालेश्वर प्रसाद, शिफा आभा, सुनीता, मोजीब, सूरज लोकेश, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बी.एम. मेमोरियल स्कूल में मनाई गई ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव बी.एम. मेमोरियल स्कूल में ज्योतिबा बाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य कैलाश कुमार व संचालन शिक्षक आनंद कुमार ने किया। मौके पर निर्देशक संदीप कुशवाहा के नेतृत्व में सभी शिक्षकों ने महान समाज सुधारक व लेखक एवं दार्शनिक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दिया। मौके पर निर्देश संदीप कुशवाहा ने कहा भारत के समाज सुधारकों में महात्मा ज्योतिबा फुले का नाम सबसे ऊपर आता है।1827 में महाराष्ट्र में जन्मे फुले ने अपने पूरे जीवन में जातिवाद और सामाजिक अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनका मानना था कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है,जिससे समाज में बदलाव लाया जा सकता है। वही उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा दिनकर ने कहा कि ज्योतिराव गोविंदराव फुले,जिन्हें हम महात्मा फुले के नाम से जानते हैं। उनको बचपन में जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ा था इसीलिए उन्होंने जातिवाद खत्म करते हुए सत्य शोधक समाज का स्थापना करने का निर्णय लिया था। उन्होंने यह मान लिया था कि हर व्यक्ति,चाहे जाति या लिंग कोई भी हो, समान अवसर का हकदार हैं।

फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले ने लड़कियों और दलित बच्चों के लिए स्कूल खोले,उस समय जब महिलाओं का पढ़ना-पढ़ाना लगभग असंभव माना जाता था।उन्होंने विधवाओं के अधिकारों की भी रक्षा की और विधवाओं और अनाथ बच्चों के लिए आश्रम खोले।प्राचार्य कैलाश कुमार व उप्राचार्य पूनम कुमारी ने कहा की फुले की विरासत आज की प्रासंगिकता हैं। फुले ने सिर्फ शिक्षा ही नहीं बल्कि समाज में न्याय, समानता और करुणा की भी नींव रखी। उनके विचार आज भी सामाजिक आंदोलनों को प्रेरित करते हैं।उनकी सीख हमें याद दिलाती है कि सच्ची तरक्की तभी संभव है जब हर व्यक्ति को सम्मान और समान अवसर मिले।

## सरकारी शिक्षक बने चौपारण के 25 से अधिक अभ्यर्थी, नियुक्ति पत्र पाकर खिल उठे चेहरे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** प्रखंड में शिक्षा जगत के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। प्रखण्ड के दो दर्जन से अधिक अभ्यर्थी अब सरकारी शिक्षक बनकर सेवा देंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर राँची के मोरहाबादी में आयोजित समारोह में जेएसएससी द्वारा आयोजित सहायक आचार्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रखण्ड से भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी शामिल हुए और प्रमाण पत्र प्राप्त करते ही उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। नियुक्ति पत्र पाने वालों में यूएमएस बरवाडीह के सुधीर कौशल, भोला यादव, बालेश्वर रजक, पीएस बेंदुआरा के सीताराम साव, पीएस मुड़िया के कुलदीप यादव, यूएमएस सीयरकोनी के राजेश सिंह, यूएमएस चैथी के अजय कुमार यादव व उमेश सिंह, यूपीएस बरई केंदुआ के प्रमोद कुमार, एमएस नेवरी करमा के नौशाद आलम, यूएचएस दैहर के किशोरी प्रजापति और जयकिशोर पांडेय, नरियाही के विजय प्रसाद, यूएमएस ब्रह्मोरिया के मिथलेश इंद्र गुरु, चौपारण के उदय साव, कुतलु के गौतम सागर सिंह, सोहरा के चन्द्रशेखर सिंह, करमा के अमित चंद्रवंशी, हरिजन करमा के प्रमोद कुमार, यूएमएस बुढ़ियाढाबर के शशिभूषण सिंह व अरविंद सिन्हा, यूएमएस डेबो के सुरेश प्रसाद गुप्ता व प्रकाश कुमार साव, पेटुला के रामचंद्र राम, प्रसादी यादव, सुबोध कुमार सिंह, महाराजगंज काजी मुहल्ला की शबाना आजमी, दादपुर के प्रमोद दांगी, महाराजगंज के प्रकाश यादव, डुमरी सिंघरावा बच्छई के चंदन कुमार, ताजपुर पपरो के उमाशंकर प्रसाद, और बोंगा बेढना के रंजीत कुमार भारती शामिल हैं।

## सर्दियों में बढ़ता हार्ट अटैक का खतरा : डॉ. एक्यू खान ने बताए दिल को सुरक्षित रखने के सरल उपाय



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** सर्दियों की शुरूआत होते ही हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ठंड में रक्त वाहिकाएं सिकुड़ जाती हैं, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है और दिल पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। ऐसे मौसम में भोजन और आदतों में थोड़े बदलाव दिल को बड़ी सुरक्षा दे सकते हैं। इसी संदर्भ में न्यू एसएम मेमोरियल अस्पताल के संचालक डॉ एक्यू खान ने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं जो हृदय को मजबूत बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। एक्यू खान के अनुसार सर्द मौसम में अखरोट और बादाम का सेवन दिल के लिए बेहद लाभकारी है। इनमें मौजूद ओमेगा 3 फैटी एसिड खराब कोलेस्ट्रॉल कम करते हैं और हृदय को स्वस्थ रखते हैं। नाश्ते में ओट्स या मल्टीग्रेन का उपयोग भी दिल की सुरक्षा के लिए उत्तम माना गया है। क्योंकि इनमें फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करता है। आंवला सर्दियों में मिलने वाला एक मजबूत प्राकृतिक टॉनिक है जो विटामिन सी से भरपूर होता है। यह इम्युनिटी बढ़ाने के साथ-साथ हृदय की धमनियों को स्वस्थ रखता है। लहसुन भी ठंड के मौसम में दिल के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इसे सुबह खाली पेट लेने से खून पतला रहता है और हार्ट अटैक का खतरा घटता है। चुकंदर का सेवन ठंड में विशेष रूप से लाभकारी माना गया है। चुकंदर में मौजूद नाइट्रेट्स रक्त वाहिकाओं को फैलाते हैं और ब्लड सकुर्लेशन में सुधार करते हैं, जिससे दिल पर भार कम होता है। एक्यू खान का कहना है कि ठंड में अचानक बाहर निकलने से बचना चाहिए और शरीर को गर्म रखना चाहिए।

## हजारीबाग के कर्जन स्टेडियम में अस्मिता एथलेटिक्स लीग सम्पन्न, बालिका खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव




**हजारीबाग :** भारतीय खेल प्राधिकरण एवं एथलेटिक्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में खेलो इंडिया एथलेटिक्स महिला अस्मिता लीग का आयोजन ऐतिहासिक कर्जन स्टेडियम, हजारीबाग में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी हजारीबाग कैलाश राम तथा विशिष्ट अतिथि हजारीबाग एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेंट स्टीफन स्कूल की प्राचार्या कल्पना बाड़ा द्वारा किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि हजारीबाग ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अस्मिता लीग के माध्यम से जिले की बालिका खिलाड़ियों को सुनहरा मंच मिला है, जिससे ग्रासरूट स्तर पर बेहतर चयन सुनिश्चित हो रहा है। मौके पर नीरज कुमार राय (ऑब्जर्वर, भारतीय एथलेटिक्स एसोसिएशन), प्रभात रंजन तिवारी, कोलेश्वर गोप (सचिव, फुटबॉल एसोसिएशन), सहदेव सिंह (वॉलीबॉल एसोसिएशन), रमेश सिंह, संजीव भट्टाचार्य, चंदेश्वर दास (महासचिव, ओलंपिक संघ हजारीबाग), सरोज यादव (डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर), मनोज कुमार (सचिव, तीरंदाजी एसोसिएशन), अनुकम्पा कुमारी, प्रीति कुमारी, सिम्मी कुमारी, रवि कुमार आदि। प्रतियोगिता की पूरी जानकारी हजारीबाग जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव अजीत साव द्वारा दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने डुप्लीकेट 32 बोतल शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बड़कागांव :** पुलिस ने डुप्लीकेट शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया की थाना अंतर्गत के ग्राम पकरी बरवाडीह निवासी के एक व्यक्ति सुनील कुमार उम्र करीब 30 वर्ष पिता अंतू साव के गिरफ्तारी को लेकर छापा मारी की गई।छापामारी में 180 एमएल का 20 बोतल और 375 एमएल का 12 बोतल कुल 32 बोतल आईकौनीक वाईट का डुप्लीकेट शराब के साथ सुनील कुमार को गिरफ्तार कर बड़कागांव थाना कांड संख्या–276/25 , धारा 274 / 275 / 249 बी .एन .एस और 47 ( ए ) धारा के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### कर्णपुरा महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया





**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव के प्रांगण में प्राचार्य डॉ कीतीर्नाथ महतो की अध्यक्षता में एन एस एस के द्वारा संविधान दिवस मनाया गया । संविधान दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ कीर्ति नाथ महतो ने कहा की भारत का संविधान विश्व के सबसे विस्तृत एवं सर्व समावेशी संविधानों में से एक है। भारतीय लोकतंत्र की नीव इसी संविधान पर टिकी है। डॉ निरंजन प्रसाद नीरज ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जिन्होंने पूरे भारत को संविधान के रूप में एक अमूल्य भेट प्रदान किए हैं , डॉ भीमराव अंबेडकर को संविधान का शिल्पकार कहा जाता है। 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा ने हमारे संविधान को औपचारिक रूप से स्वीकार किया तथा 26 जनवरी 1950 को पूरे भारतवर्ष में लागू हुआ। प्रो फजरूद्दीन ने कहा कि संविधान हमें स्थिरता और दिशा प्रदान करता है भारत के सभी नागरिकों चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या सामुदाय का हो ,सभी को समान अधिकार अवसर प्रदान करती है। डॉ पवन कुमार ने कहा कि संविधान दिवस केवल एक तिथि भर नहीं है बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा को याद करने का अवसर है यह हमें याद दिलाता है कि हमारे संविधान द्वारा स्थापित सिद्धांत स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुत्व हमारे राष्ट्र की एकता और प्रगति की आधारशिला है। मौके पर थाना प्रभारी ओपी सीकरी रामकुमार राम, डॉ सुरेश महतो, प्रो नरेश कुमार दांगी, डॉ अन्नु कुमारी, प्रो ऋतुराज, प्रो रंजीत प्रसाद, डॉ ललिता कुमारी, डॉ चंद्रशेखर राणा, प्रो रामकिशोर प्रसाद दांगी, प्रो लालदेव महतो, डॉ सनवीर कुमार, नेमधारी राम,अनिता देवी, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्र–छात्राएं शामिल थे।

### एकल अभियान अंचल आरोग्य सचिव बने शिवकुमार पांडेय, मिली बधाइयां



**बरही :** एकल अभियान हजारीबाग अंचल समिति का विस्तार करते हुए बरही के शिवकुमार पांडेय को एकल अभियान हजारीबाग अंचल आरोग्य सचिव का दायित्व दिया गया है। अंचल आरोग्य प्रभारी इंद्रदेव गुप्ता के अनुशंसा पर शिव कुमार पांडेय का मनोनयन किया गया। अंचल कार्यालय बरही में आयोजित सादे समारोह में अंचल अध्यक्ष भरत यादव, अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति एवं श्रीहरि कथा सत्संग अध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय ने अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत करते हुए उनके पदनाम की घोषणा की। शिवकुमार पांडेय योग, आयुर्वेद विशेषज्ञ के साथ साथ हवन चिकित्सा पद्धति की जानकार है। अब तक हवन चिकित्सा पद्धति से 2000 से ज्यादा लोगों को गंभीर बीमारियों से मुक्त किया है। आरोग्य सचिव बनाए जाने पर एकल से जुड़े समिति एवं सेवा व्रती कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। मौके पर प्राथमिक शिक्षा प्रभारी सुनील कुमार राणा, आरोग्य प्रभारी इंद्रदेव गुप्ता, एकल अभियान प्रमुख विनोद कुमार एवं कार्यालय प्रमुख मनोज कुमार मौजूद थे।

### बरही में सांसद खेल महोत्सव के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**बरही :** सांसद खेल महोत्सव के तहत फिट युवा विकसित भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर एवं जिप सदस्या प्रीति गुप्ता शामिल हुई। जहां सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वहीं इस प्रतियोगिता में बरही, चौपारण एवं पदमा प्रखंड से बालक एवं बालिका वर्ग के कुल छह टीमों ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला बरही एवं पदमा के बीच खेला गया, जिसमें बरही की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए पदमा की टीम को पराजित किया, जबकि बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला पदमा एवं चौपारण के बीच खेला गया। जिसमें पदमा की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए चौपारण महिला टीम को पराजित किया। मौके पर भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, स्थानीय मुखिया शमशेर आलम, मुकुंद साव, मुखिया मोतीलाल चौधरी एवं निर्णायक के रूप में मनन प्रसाद विश्वकर्मा, जयशंकर प्रसाद, राखी कुमारी, प्रमोद कुमार, अंकित राज, महेंद्र राणा, निखिल यादव, युधिष्ठिर महतो, राहुल कुमार एवं सर्वोत्तम कुमार ने मुख्य भूमिका निभाया।

एक नजर

## रांची में ज्वेलरी दुकान से 10 किलो चांदी लेकर चोर फरार



**रांची** : रांची के बेड़ो थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ के समीप स्थित 'उत्तम ज्वेलर्स' दुकान का ताला काटकर अज्ञात चोर लाखों के जेवरात लेकर फरार हो गये। चोर दुकान से 10 किलो चांदी उड़ा ले गए हैं। साथ ही दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी निकाल कर साथ ले गए हैं। इस संबंध में उत्तम ज्वेलर्स के मालिक ने शुक्रवार को बताया कि दुकान में 10 किलो चांदी के अलावा सोने के कई गहने मौजूद थे। सोने के सभी गहने तिजोरी में बंद थे, इसलिए वह बच गए, लेकिन चोर 10 किलो चांदी अपने साथ ले गए। दुकान में चोरी करने वाले चोरों ने इलाके में गश्त लगा रहे बहादुर को भी रस्सी से बांध दिया। बहादुर ने बताया कि दुकान में कुछ गतिविधि देखकर उन्होंने जोर से सिटी बजाना शुरू किया तो चोरों ने उसे पकड़ लिया और उसके हाथ-पैर को बांध दिया। सुबह जब कुछ ग्रामीण सड़क से गुजर रहे थे तो उन्होंने उसे आजाद करवाया। बेड़ो पुलिस ने घटना को लेकर कहा कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

## होटवार जेल में तैनात सजायाफ्ता उच्च कक्षपाल बर्खास्त

**रांची** : गृह एवं कारा विभाग ने रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में तैनात कक्षपाल राहुल कश्यप को जांच के बाद बर्खास्त कर दिया है। जेल प्रशासन की ओर से की गई जांच में राहुल कश्यप के सजायाफ्ता होने की बात छिपाकर नौकरी करने की गंभीर सच्चाई उजागर हुई थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। विभाग ने यह भी निर्देश दिया है कि राहुल को किसी तरह का भुगतान अब विभाग से नहीं किया जाएगा। राहुल कश्यप पर यह आरोप था कि उसने अपने सजायाफ्ता होने की बात को छिपाकर रांची के होटवार जेल में उच्च कक्षपाल के पद पर नौकरी हासिल की थी। मामला सामने आने के बाद, कारा विभाग ने इसकी जांच के लिए तीन सदस्यीय कमिटी का गठन किया। गठित कमेटी ने जांच के बाद कारा विभाग को अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें राहुल कश्यप को दोषी पाया गया और उसे बर्खास्त करने की अनुशंसा की गई थी। जांच समिति की रिपोर्ट में राहुल कश्यप के विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामले और उसकी सजा का पूरा विवरण सामने आया। 26 सितंबर 2010 को राहुल के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ था। सुनवाई के बाद न्यायालय ने राहुल को दस साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद वो 22 अप्रैल 2014 से 28 अप्रैल 2014 तक खूंटी उपकारा में सजावार बंदी के रूप में बंद रहा। फिर 29 अप्रैल 2014 उसे रांची के होटवार जेल में स्थानांतरित कर दिया गया।

# झारखंड उच्च न्यायालय का अहम फैसला : ग्रामीण क्षेत्रों में जेआरडीए और आरआरडीए नहीं, पंचायत का राज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : उच्च न्यायालय ने झारखंड पंचायती राज अधिनियम और झारखंड रीजनल डेवलपमेंट अथॉरिटी (जेआरडीए) के बीच क्षेत्राधिकार के टकराव को सुलझाते हुए एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अपने एक आदेश में स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां पंचायती राज अधिनियम लागू है, ग्राम पंचायतों की शक्तियां प्रभावी होंगी और जेआरडीए अधिनियम की धाराएं, जो पंचायतों के अधिकारों से असंगत हैं, वे उस हद तक निहित रूप से निरस्त मानी जाएंगी। यह मामला तब सामने आया, जब याचिकाकताओं ने रांची के नामकुम अंचल के सिदरौल इलाके के ग्रामीण क्षेत्र में जमीन खरीदी और नियमानुसार ग्राम पंचायत से भवन निर्माण की अनुमति लेकर भवन बनाए। कई वर्षों बाद, रांची रीजनल डेवलपमेंट अथॉरिटी (आरआरडीए) ने कार्यवाही शुरू की। आरआरडीए ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ताओं के पास सेक्शन 30 जेआरडीए के तहत पूर्व अनुमति नहीं थी और इस आधार पर इमारतों को गिराने के आदेश जारी कर दिए। इसके बाद याचिकाकर्ताओं ने आरआरडीए की कार्रवाई को चुनौती दी। इस मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रोशन की अदालत में हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने अदालत में पक्ष रखा। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि पंचायतों को अब केवल राज्य सरकार की नीतियों को लागू करने वाली संस्था के रूप में नहीं, बल्कि स्थानीय आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए स्वतंत्र कार्यक्रम बनाने और लागू करने वाली सक्षम तीसरी स्तर की सरकार के रूप में देखा जाना चाहिए। कोर्ट ने इसे व्यापक रूप से पढ़ते हुए यह निष्कर्ष निकाला कि 'ग्रामीण आवास' में भवन मानचित्र स्वीकृति और भवन निर्माण की अनुमति देने की शक्ति भी शामिल है। कोर्ट ने पाया कि जेआरडीए अधिनियम की धारा 30 सभी प्रकार के भूमि विकास के लिए प्राधिकरण से अनुमति अनिवार्य करती है जबकि पंचायती राज अधिनियम ग्रामीण आवास और भवन मानचित्र स्वीकृति का अधिकार पंचायतों को देता है। कोर्ट ने कहा कि इन दोनों कानूनों के बीच क्षेत्राधिकार का टकराव स्पष्ट है और एक ही कार्य (भवन अनुमति) पर दो समानांतर प्राधिकार अस्तित्व में नहीं रह सकते। इसलिए, पंचायती राज अधिनियम के लागू होने के बाद, उससे असंगत जेआरडीए की धाराएं (विशेषकर धारा 30), उस सीमा तक निहित रूप से निरस्त मानी जायेगी। रांची रीजनल डेवलपमेंट अथॉरिटी के पास गांव सिडरॉल जैसे पंचायत क्षेत्र में भवन मानचित्र पास करने की कोई शक्ति नहीं है और वहां सेक्शन 30 जेआरडीए के तहत अलग से अनुमति लेना आवश्यक नहीं है इसलिए याचिकाकताओं की ओर से निर्मित भवनों को अवैध नहीं कहा जा सकता।

## सूर्या हांसदा एनकाउंटर : सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई

रांची : गोड्डा में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए सूर्या हांसदा मामले की सीबीआई जांच के लिए दायर क्रिमिनल रिट पर झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह में सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने बहस की। सूर्या हांसदा की पत्नी सुशीला मुर्मू और मां नीलमुनी मुर्मू ने एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए मामले की जांच के लिए उच्च न्यायालय में क्रिमिनल रिट दाखिल की है। उल्लेखनीय है कि गोड्डा में 11 अगस्त को पुलिस से एनकाउंटर में सूर्या हांसदा मारा गया था। साहिबगंज के मिर्जा चौकी थाना और गोड्डा के ललमटिया थाना में सूर्या हांसदा के खिलाफ कई संगीन अपराधों में संलिप्त रहने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई थी।

## भाजपा नेता कड़िया मुंडा की तबीयत बिगड़ी, रांची के अस्पताल में भर्ती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष सह वरिष्ठ भाजपा नेता और पद्मभूषण से सम्मानित कड़िया मुंडा को सांस लेने में परेशानी हो रही थी, जिसके बाद उन्हें रांची के ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कड़िया मुंडा को पूर्व में भी सांस लेने में तकलीफ हुई थी। जांच में निमोनिया के लक्षण पाए गए थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता फिलहाल स्वस्थ हैं और बातचीत कर रहे हैं। परिजनों के अनुसार कड़िया मुंडा को ठंड लगने के कारण सांस लेने में परेशानी हुई थी। फिलहाल उन्हें आईसीयू में पर्यवेक्षण में रखा गया है। कड़िया मुंडा की तबीयत बिगड़ने की जानकारी दिल्ली तक पहुंची, जिसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने फोन कर उनकी सेहत की जानकारी ली। उन्होंने कड़िया मुंडा से भी बातचीत की और उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। कड़िया मुंडा के पुत्र अमर मुंडा ने बताया कि गुरुवार सुबह ठंड बढ़ने की वजह से उन्हें सांस लेने में हुई दिक्कत के बाद एहतियातन अस्पताल में भर्ती कराया गया। अमर ने बताया कि अब डॉक्टरों की निगरानी में उनकी हालत बेहतर है।

## सीसीएल जन-आरोग्य केंद्र में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : सीसीएल जन-आरोग्य केंद्र, गांधीनगर द्वारा निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जाँच शिविर का सफल आयोजन 28 नवंबर 2025, दिन शुक्रवार को राँची स्थित सृजन वैली स्कूल, अम्बाटोली परिसर में किया गया। शिविर का आयोजन सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एवं निदेशक (कार्मिक) सी.सी.एल. हर्ष नाथ मिश्र के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा कुल 254 स्थानीय नागरिकों की विस्तृत स्वास्थ्य जाँच की गई तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श, जीवन-शैली संबंधी सुझाव और निवारक स्वास्थ्य उपायों की जानकारी प्रदान की गई। शिविर में विशेष रूप से हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर एवं उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) की निःशुल्क जाँच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। साथ ही जाँच के उपरांत सभी लाभार्थियों को चिकित्सकीय सलाह के अनुसार निःशुल्क दवा वितरण भी किया गया। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना, संभावित रोगों का प्रारंभिक स्तर पर निदान सुनिश्चित करना तथा जरूरतमंद लोगों को उपचार तक सरल पहुँच उपलब्ध कराना रहा। शिविर के दौरान चिकित्सकों ने एनीमिया, मधुमेह और रक्तचाप जैसी आम स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम पर विशेष परामर्श दिया एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व पर जोर दिया। शिविर के सफल एवं सुचारू आयोजन में सीएसआर विभाग, सी.सी.एल. के महाप्रबंधक एस. एस. लाल, सीएमओ सह सीएसआर इंचार्ज डॉ प्रीति तिग्गा सहित डॉ शशिकान्त, डॉ दीपाली, मुन्ना कुमार सिंह तथा सभी पारा-मेडिकल स्टाफ एवं स्वास्थ्य कर्मियों का उल्लेखनीय एवं सराहनीय योगदान रहा।

## फेस टाइम के जरिए पुलिस और कोल माफिया चोरी का सिंडिकेट चलाने की तैयारी में : मरांडी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में कोयला चोरी को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को मरांडी ने कहा कि जब से ईडी की दबिश बढ़ी है और उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कोयला चोरी की पोल खोली, तब से धनबाद में अवैध कोयले के 'धंधे' पर एक अघोषित आंशिक अल्प विराम लगा है, माफियाओं में डर पैदा हुआ और लूट थोड़ी कम हुई। उन्होंने आगे लिखा कि विश्वस्त सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि कोयला चोर फिर से सक्रिय हो रहे हैं और कानून की आंखों में धूल झोंकने के लिए उन्होंने अपने 'कम्युनिकेशन' का तरीका बदल दिया है। मरांडी ने कहा कि चौंकाने वाली सूचना यह है कि धनबाद के बैंक मोड़ स्थित एक दुकानदार ने हाल ही में करीब 55 आईफोन मंगाए हैं। मकसद साफ है सामान्य कॉल ट्रेस होने के डर से अब फेस टाइम के जरिए पुलिस और माफिया मिलकर कोयला चोरी का सिंडिकेट चलाने की तैयारी में है। मरांडी ने केंद्रीय जांच एजेंसियों से आग्रह किया कि धनबाद में अचानक सक्रिय हुए इन आईफोन और इनके खरीदारों और नामी-बेनामी उपयोगकर्ताओं पर कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि ये चोर चाहे जितनी तकनीक बदल लें, प्रदेश की संपत्ति की लूट रुकवाने के लिये वे इन्हें बेनकाब करते रहेंगे।

## सालभर में रांची को बाल विवाह मुक्त करने का होगा प्रयास : राजेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय की ओर से बेडो में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय के सचिव राजेन कुमार ने कहा कि सालभर में रांची जिले कोल विवाह मुक्त करने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश से बाल विवाह को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से भारत सरकार की 100 दिनों की विशेष कार्य योजना चलाई जा रही है। इसके तहत सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय, लगातार सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए जनजागरुकता अभियान चला रहा है। इसी के तहत रांची जिले को सालभर में बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि जिले को सालभर के भीतर बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए सरकारी विभागों के साथ बेहतर काम करेगा। राजन ने कहा कि 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान को बाल विवाह मुक्त भारत के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर देश में शुरू किया गया था जो रणनीति तय कर कार्य किया जा रहा है। कार्यशाला में बेडो प्रखंड के सीडीपीओ संगीता स्नेहलता कुजूर, बेडो थाना के एसआई अक्षय कुमार सिंह, सभी आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका सहित अन्य मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

## झारखंड में पछुआ हवा नहीं चलने से ठंड से राहत, तापमान में चार डिग्री की वृद्धि



**रांची** : राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों में शुक्रवार को पछुआ हवा के नहीं चलने से लोगों को दिन में कडाके की ठंड से राहत मिली। इससे न्यूनतम तापमान में चार डिग्री की बढोत्तरी दर्ज की गई। गुरुवार को रांची में न्यूनतम तापमान जहां 8.4 डिग्री था यह शुक्रवार को बढकर 12 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार राज्य के अन्य जिलों में भी तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। इसमें जमशेदपुर में 10.2 डिग्री की तुलना में 12 डिग्री, बोकारो में 9.1 डिग्री के मुकाबले 12.1 डिग्री, चाईबासा में 10.4 डिग्री की तुलना में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 31.3 डिग्री गोडडा में और सबसे कम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस गुमला में रिकॉर्ड किया गया। इस दौरान रांची सहित कई जिलों में रात में तडके सुबह में कुहासा छाया रहा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि देश के उत्तरी राज्यों (जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश) में हो रही भारी बर्फबारी के चलते ठंडी हवाएं देश के पूर्वी और मध्यवर्ती राज्यों में प्रवेश कर रही हैं। इससे इन राज्यों में कडाके की ठंड पड रही है। विभाग ने आनेवाले दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना व्यक्त की है। शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ और कनकनी महसूस की गई। इसके बाद दोपहर में पछुआ हवाएं नहीं चलने से धूप में तल्खी महसूस की गई और स्वेटर और जैकेट पहनने पर गर्मी का एहसास हुआ। हालांकि शाम में भारी कनकनी महसूस की गई।

## जेएससीए स्टेडियम के पास निगम ने हटाया अतिक्रमण



**रांची** : झारखंड स्टेटस क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) मैदान में प्रस्तावित 30 नवंबर को होनेवाले भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होनेवाले एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर शुक्रवार को नगर निगम ने स्टेडियम के पास अतिक्रमण हटाया। इस दौरान नगर निगम और जिला प्रशासन की टीम ने पारस एचईसी हॉस्पिटल की ओर लगनेवाले दुकान, गुमटी और होटलों को ध्वस्त कर दिया गया। अतिक्रमण हटाने को लेकर अस्पताल की तरफ लगनेवाले दुकानों को कई बार नोटिस दिया गया था, लेकिन दुकानदार अपनी दुकानें नहीं हटा रहे थे। अंततः निगम और प्रशासन की टीम ने दुकानों को जेसीबी की मदद से हटा दिया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों ने अपने सामानों को समेट लिया। हालांकि अस्पताल के दूसरी ओर बने होटल और दुकानों को निगम ने नहीं हटाया है। इस ओर क्रिकेट मैच को लेकर सुरक्षा के लिए लोह? की बेरिकेटिंग कर दी गई है। ताकि सडक पर अनावश्यक भीड जमा नहीं हो सके। मौके पर नगर निगम और जिला प्रशासन के साथ दर्जनों पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

## हेमन्त सरकार के कार्यकाल के एक साल के बाद भी झारखंडियों के सपने अधूरे : नायक

**रांची** : शुक्रवार को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के दूसरे कार्यकाल को आज एक वर्ष पूरा होने पर आज अपनी प्रतिक्रिया में कही। इन्होने आगे कहा की हेमंत सरकार ने जन-कल्याण और परिवर्तन का साल बताया था, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और कहानी कहती है। झारखंडी समाज जिन मुद्दों को लेकर दशकों से संघर्ष करता आया है—उनमें से कई पर आज भी निर्णायक कदम दिखाई नहीं देता। सवाल यह है कि झारखंडी जनता के सपनों का राज्य आखिर कब बनेगा? नायक ने आगे कहा की शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने बड़े बड़े वादे किये थे मगर बदलाव न के बराबर ही हुआ। हजारों स्कूलों को मॉडल स्कूल बनाने का दावा किया, लेकिन ग्रामीण इलाकों में शिक्षकों की कमी जस की तस आदिवासी-दलित छात्रों की छात्रवृत्ति में अनियमितता जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत को लेकर कोई ठोस प्रगति नहीं शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया अभी भी धीमी झारखंड के बच्चे आज भी वही प्रश्न पूछ रहे हैं—हम कब बेहतर शिक्षा पाएंगे? कइन्होने आगे कहा की आज भी स्वास्थ्यः ग्रामीण जनता अब भी बेहाल राज्य के बड़े अस्पतालों को अपग्रेड करने की घोषणाओं के बावजूद प्रखंड स्तर के अस्पतालों में डॉक्टर और दवा की भारी कमी गांवों में स्वास्थ्य उपकेंद्र केवल नाम मात्र गंभीर मरीजों को अब भी रांची या जमशेदपुर के बड़े अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है कस्वास्थ्य संरचना में सुधार कागजों पर अधिक और जमीन पर कम दिखता है। रोजगारः युवाओं की उम्मीदें टूटी सरकार ने रोजगार देने के कई वादे किए थे, लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं की धीमी प्रक्रिया खाली पड़े सरकारी पदों पर नियमित नियुक्ति नहीं उद्योग और निवेश के नाम पर कोई बड़ा बदलाव नहीं झारखंड का युवा आज भी बेरोजगारी से लड़ रहा है और पूछ रहा है सरकार ने हमारा साल कब बदला? नायक ने आगे कहा की सरकार आदिवासी मूलवासी के अधिकार और जल, जंगल, जमीन जैसे संवेदनशील मुद्दे पर चुप्पी साध ली है जो चिंता का विषय है।

# लोजपा के संगठन की मजबूती के लिए जनसंपर्क अभियान चलाएं कार्यकर्ता : प्रधान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष बीरेन्द्र प्रधान ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और राम विलास पासवान एवं डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर पार्टी की मूल विचारधारा, संगठन विस्तार, जनसंपर्क की दिशा और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बीरेन्द्र प्रधान ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व में बिहार चुनाव में मिली शानदार जीत पर सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताआरें बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पार्टी को बिहार-झारखंड सहित पूरे देश में और अधिक मजबूती कैसे मिले, इस पर सभी की एकजुटता और प्रतिबद्धता बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधान ने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने, सभी मोर्चों को सक्रिय करने और बड़े स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य जनता तक सीधे पहुंच कर उनकी समस्स्यओं का समाधान करना और आने वाले चुनावों में संगठन को एक सशक्त विकल्प के रूप में स्थापित करना है। कार्यक्रम में उमेश तिवारी, उमेश पासवान, अभिषेक राय, आदित्य विजय प्रधान, ममता रंजन, श्रवण कुमार, दीपिका होरो, शिवजी कुमार, रतन पासवान सहित प्रदेश और जिला स्तर के कई पदाधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**रिक्ति परिपत्र**

फा. सं 2 (15)/2025-एबीसीडी

भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6-सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003

विषयः- महानिदेशक, एजुकेशन एंड रिसर्च नेटवर्क (ईआरनेट) इंडिया, एमईआईटीवाई के अंतर्गत स्वायत्त सोसायटी, के पद को भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करना।

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) महानिदेशक, एजुकेशन एंड रिसर्च नेटवर्क (ई.आर.नेट), इंडिया एमईआईटीवाई के अधीन एक स्वायत्त सोसाइटी के पद को वेतन मैट्रिक्स के स्तर 15 (182,200 -224100 रुपये) के वेतनमान में सीधी भर्ती / प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) प्रणाली से भरने का प्रस्ताव करता है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन के बाद पड़ने वाला दिन होगा।

2. विस्तृत विज्ञापन और आवेदन प्रपत्र एमईआईटीवाई (http://meity.gov.in): ई. आर. नेट (www.ernet.in): डीओपीटी (http://persmin.gov.in) और नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल (www.ncs.gov.in) की वेबसाइटों से प्राप्त किए जा सकते हैं।

**CBC06101/11/0011/2526**

# युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में हेमंत सरकार का ऐतिहासिक कदम : मंटू यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** चास प्रखंड के सुनता पंचायत में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आज चास प्रखंड अंतर्गत सुनता पंचायत के पंचायत भवन में बतौर मुख अतिथि झामुमो नेता मंटु यादव, चास प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार, सुनता पंचायत मुखिया छवि देवी ने दीप जलाकर भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य मंटू यादव ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में सरकार का एक वर्ष पूरा हो चुका है, और यह वर्ष जन-कल्याण और विकास को समर्पित रहा है। मंटु यादव ने बताया कि हेमंत सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर, आज राज्य के हजारों नौजवानों को मुख्यमंत्री महोदय द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने इसे युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में सरकार का एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा दर्जनों जन-कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका डायरेक्ट लाभ आम जनता को मिल रहा है और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है।सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के पहले दिन से ही उपस्थित अधिकारियों ने जनता की अनेकों समस्याओं का ऑन द स्पॉट (मौके पर ही) समाधान किया। विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर लोगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन दिए और आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त किया। झामुमो नेता श्री मंटू यादव ने जनता से अपील की कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएँ और अपनी समस्याओं का निराकरण कराएँ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनता पंचायत मुखिया छवि देवी, जिला परिषद निशा हेंब्रम, चास प्रखंड अध्यक्ष रामदयाल सिंह, लालमोहन हेंब्रम, पंचायत सचिव बेला टोपो, पंचायत समिति उमेश सोरेन, सुशांत मुंडा, प्रथम हसदा, करमचंद टुडू, सुरेश हसदा, कामेश्वर मांझी, इंद्रदेव मांझी, रामबरन मांझी, हाराधन केवट राबिसोर मांझी इत्यादि।

## एक नजर

### सुमित कुमार बने 15 वें नवलशाही थाना प्रभारी के रूप मे पदभार किया ग्रहण



**मरकच्चो:** एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर गुरुवार की देर रात्रि को नवलशाही थाना में एसआइ सुमित कुमार ने थाना प्रभारी के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी होने के बाद सुमित कुमार ने 15 वें थाना प्रभारी के रूप में थाने में योगदान देकर अपना कार्यभार संभाल लिया है। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि समाज के आम से लेकर खास सभी तबके के लोगों को साथ लेकर शांति व्यवस्था बरकरार रखना मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के साथ-साथ पुलिस के प्रति लोगों के विश्वास को कायम रखने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की। मौके पर एसआइ नितायचंद्र साहा , एसआइ मदन मिश्रा,दशमत किस्कू, एएसआई सूर्यप्रकाश पूरी,राजीव सिंह,शांति भूषण,अक्षय अकेला, संदीप मंडल, विकास पाण्डेय, मनोज पासवान, मुन्द्रिका पासवान,श्यामसुंदर कुमार,बीरेंद्र सिंह आदि कई पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

### जिला भाजपा आईटी सेल अभियंता प्रेमांशु कुमार को भारत युवा स्वयंसेवक बनाया गया



**डोमचांच/ कोडरमा :** जिले के डोमचांच नगर क्षेत्र निवासी सह वर्तमान जिला भाजपा आईटी सेल को अभियंता प्रेमांशु कुमार को भारत युवा स्वयंसेवक सदस्य के पद पर भाजपा चयन समिति ने नियुक्त किया है। भाजपा कार्यकताओं का मानना है अभियंता प्रेमांशु कुमार इस पद की दायित्व को अच्छी तरह से निर्वहन करेंगे तथा युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे। प्रेमांशु कुमार के नेतृत्व में युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण की दिशा में नई ऊर्जा मिलेगी। बधाई व शुभकामना देने वालों में जितेंद्र कुमार रजक, सुनील कुमार मेहता, सुधांशु कुमार, अमरदीप कुमार, सुजीत मेहता, भीम सिंह, सुदेश मोदी इत्यादि रहे।

### डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्कूल के छात्रों ने किया जैविक उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण



**बोकारो :** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पब्लिक सेक्टर 9 रानी पोखर से कक्षा प्रथम व द्वितीय,के बच्चों ने शुक्रवार को बोकारो के जैविक उद्यान में एक शैक्षिक भ्रमण के लिए गए। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्राकृतिक पर्यावरण, जैव विविधता व पौधों व विभिन्न प्रकार के जानवरों के महत्व का वास्तविक अनुभव प्रदान कराना था।

भ्रमण के दौरान बच्चों ने जैविक उद्यान में मौजूद विभिन्न प्रकार के पेड़पौधों व जानवरों को देखा, पहचाना और उनके बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। शिक्षकों ने बच्चों को पौधों व जीव जंतुओं की प्रजातियों, पर्यावरण संरक्षण व हरियाली के महत्व को समझाया।

## बाल विवाह मुक्त भारत: कसमार में '100 दिवसीय अभियान' के तहत कैडल मार्च




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के संकल्प के साथ, कसमार प्रखंड में शुक्रवार की देर शाम कैंडल मार्च निकाला गया। यह आयोजन 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' के बैनर तले 'सहयोगिणी, बोकारो' द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का एक हिस्सा था। अंधेरे में जलती मोमबत्तियाँ हाथ में लिए, क्षेत्र के कार्यकर्ता और जागरूक नागरिक एक साथ आए। उन्होंने बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाने और समुदाय को इसके गंभीर परिणामों के बारे में संवेदनशील बनाने का आह्वान किया। सहयोगिनी संस्था के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि यह 100 दिवसीय अभियान समाज के हर तबके को यह संदेश देने के लिए चलाया जा रहा है कि बाल विवाह न केवल गैरकानूनी है, बल्कि यह बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान के अधिकार का सीधा उल्लंघन है। जुलूस के दौरान कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे अपने क्षेत्र में किसी भी बाल विवाह की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देंगे और इसे रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने स्थानीय युवाओं और अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को 18 वर्ष और 21 वर्ष की कानूनी उम्र पूरी करने से पहले विवाह न करने दें।

## डीपीएस चास में दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का शानदार आगाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** दिल्ली पब्लिक स्कूल चास में दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव का पहला दिन आज खास उत्साह और रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वार्षिकोत्सव अभ्युदय-द राइजिंग' एवं 'स्कॉलर बैज' समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें कुल 96 विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र और बैज दिए गए। कार्यक्रम में माननीय सुनील भास्कर, आईजी बोकारो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में हरविंदर सिंह, आरक्षी अधीक्षक बोकारो और डीएसपी चास, प्रवीण कुमार सिंह ने भी कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। प्राचार्य डा. ए.एस. गंगवार, चास के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने भी उत्सव में भाग लिया। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए सीनियर विंग में सतलज और जूनियर विंग में गंगा सदन को सर्वश्रेष्ठ सदन पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'प्रकृति बचाओ' थीम पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं, जिसमें बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक बहिष्कार पर अपने संदेश उत्साहपूर्वक दर्शाए।आईजी सुनील भास्कर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि दृढ़ निश्चय और प्रेरणा से लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने छात्रों को अपनी सफलता में शिक्षकों के योगदान को याद रखने और उनका सम्मान करने की सलाह दी। वहीं एसपी हरविंदर सिंह ने बच्चों को सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने और विद्यालय के मानदंडों को बनाए रखने पर जोर दिया।

## बाल विवाह की रोकथाम पर आधारित विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में कोडरमा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, के तत्वावधान में परियोजना बालिका उच्च विदयालय, कोडरमा में बाल विवाह की रोक थाम पर आधारित विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ' कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष बाल कृष्ण तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही कल के भविष्य है तथा उन्हें अवसर मिलने पर कभी भी पीछे नहीं रहना चाहिए बल्कि अपनी प्रतिभा को उभारना चाहिए । उन्होंने वहां उपस्थित सभी बच्चो को बाल विवाह नहीं करने की नसीहत देते हुए बच्चो से यह अपील की कि सभी को एक लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने का संकल्प लेना चाहिए तथा उस लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों को सलाह देते हुए कहा कि सभी बच्चों को कानूनी रूप से जागरूक होकर अपने आस-पास के लोगों को अपराधिक घटनाओं से दूर रहें, ताकि अपराध मुक्त समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने बच्चों को मन लगा कर पढ़ने एवं वेज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए देश की सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी के साथ कोई घटना घटित होती है तो जहाँ एक ओर दोषी व्यक्ति को न्यायालय द्वारा सजा दी जाती है, वहीं दूसरी ओर पीड़ित व्यक्ति को सरकार द्वारा मुआवजा दिए जाने का प्रावधान पीड़ित मुआवजा अधिनियम के तहत किया गया है। इसके अलावा पोक्सो के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। एल ए डी सी एस के अधिवकता नवल किशोर ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक एवं कानूनी अपराध है और कानून में इसके लिए कठोर दंड के प्रावधान है ।

## कथौटिया हाल्ट बना स्टेशन पर केन्द्रीयकृत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का सफल कमीशनिंग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया :** झारखंड वासियों के लिए खुशखबरी भरी खबर है कि कोडरमा हजारीबाग टाउन और बडकाकाना के बीच कथौटिया हॉल्ट को स्टेशन का दर्जा मिल गया है और आने वाले दिनों में अब जहां एक पेंसेंजर का ठहराव हो रहा है । इस खंड पर चलने वाली वन्दे भारत आसनसोल रांची इन्टरसीटी एवं गया कोडरमा मुम्बई मेल का ठहरराव का रास्ता साफ हो गया है। मालूम हो कि कोडरमा से बडकाकाना 133 किमी का दोहरीकरण का कार्य भी 3.063 करोड की राशि से स्वीकृति दी गई है। यह परियोजना से कोडरमा चतरा रामगढ हजारीबाग जिला के 15 लाख की जनसंख्या को लाभ मिलेगा साथ ही शिवपुर टोरी लाईन भी सीधी इस खंड से जुड जायेगा और माल वाहन की क्षमता 30.4 मिलियन तक बढेगी। वर्तमान में यह प्रतिदिन हजारीबाग बानादाह साईडिंग एवं अन्य साईडिंग से कोडरमा के रास्ते 18 से 20 रैक कोयला की आपूर्ति एनटीपीसी के लिए हो रही है। धनबाद मंडल के शिवपुर कथौटिया नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत कथौटिया स्टेशन पर अत्याधुनिक केन्द्रीयकृत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली का सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया है। इसके साथ ही दो नए इंटरमीडिएट ब्लॉक हट एवं भी सफलतापूर्वक कमीशनिंग किए गए। कथौटिया स्टेशन पर नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का कमीशनिंग किया गया। सभी कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप पूर्ण किए गए तथा सभी सिस्टमों का सफल ट्रायल एवं एकीकरण सुनिश्चित किया गया।

## स्वच्छता को समर्पित मारवाड़ी युवा मंच की बैठक में संगठन का विस्तार, 14 नये सदस्य जुड़े

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच की मासिक बैठक मंच कार्यालय में सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन विस्तार, स्वच्छता अभियान, खेल आयोजन और सामाजिक सेवा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की शुरूआत सचिव अंकित केडिया द्वारा सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुई। अध्यक्ष राहुल जैन ने कहा कि प्रांत द्वारा नवंबर माह को संगठन विस्तार माह घोषित किया गया है। इसी क्रम में मंच को बड़ी सफलता मिली और 14 नए सदस्यों ने मंच की सदस्यता ग्रहण की। नवंबर माह में शामिल नए सदस्यो मे अमित तुलसियान, चैतन्य जैन सेठी, कुणाल जैन ठोल्या, नमन जैन सेठी, ऋषभ जैन पहाड़िया, तुषार चौधरी, उमंग कन्दोई, मनीष अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, आकाश जैन गंगवाल, प्रतीक जैन पांड्या, अर्चित जैन, अक्षय जैन गंगवाल का नाम शामिल हैं। सभी नए सदस्यों का तालियों की गड़गड़ाहट के बीच स्वागत किया गया। बैठक में मंच के द्वारा वॉकथॉन और गौशाला सहयोग कार्यक्रम सफल आयोजन का मासिक प्रतिवेदन में बताया गया कि अक्टूबर में मंच द्वारा आयोजित वॉकथॉन अत्यंत सफल रहा, जिसमें स्वास्थ्य, खेल और स्वच्छता—तीनों पर जोर दिया गया। इसके साथ ही मंच ने गौशाला झोली यात्रा में उल्लेखनीय सहयोग दिया और अब तक का सर्वाधिक संग्रह गौशाला समिति को सौंपा। उपाध्यक्ष शुभम चौधरी, सह-सचिव अतुल खेतान, कोषाध्यक्ष राहुल चौधरी, सदस्य अजय शर्मा, आयुष पोद्दार, अनुराग हिसारिया को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया गया। स्वच्छता अभियान पर बड़ा फैसला : मोहल्ला समितियाँ सक्रिय रूप से लगीं हैं 1 नवंबर को मंच की पहली मोहल्ला समिति का गठन किया गया, जिसने चांडक कॉम्प्लेक्स को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। इस पहल में ईशान जैन सेठी की विशेष भूमिका रही, जिनका सदस्यों ने अभिनंदन किया। अब मंच द्वारा स्टेशन रोड से महाराणा प्रताप चौक तक के मुख्य मार्ग के लिए दूसरी समिति बनाई जा रही है। इसके तहत 30 नवंबर को दोपहर 12 से 2 बजे तक विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें आमजनों से अपील की जाएगी कि– कचरा सड़क पर न फेंकें नगर परिषद के डोर-टू-डोर कलेक्शन का उपयोग करें आवश्यकता पड़ने पर नगर परिषद से डस्टबिन प्राप्त करें।

## संक्षिप्त खबरें

### "आरपीवाई ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने किया कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन का शैक्षणिक दौरा



**कोडरमा :** आरपीवाई ग्लोबल स्कूल, कोडरमा के छात्रों ने उप-प्रधानाचार्य और दो शिक्षकों के साथ कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन का एक प्रेरणादायक शैक्षणिक दौरा किया। कक्षा 6 और उससे ऊपर के कई छात्रों के लिए यह पहली बार था जब उन्होंने कोडरमा के गर्व—थर्मल पावर स्टेशन—को इतने करीब से देखा। यह अनुभव उनके लिए बेहद ज्ञानवर्धक, रोचक और प्रेरणादायक रहा। छात्रों का स्वागत सुश्री रिंकी कुमारी ने किया, जिससे दिन की शुरूआत बहुत ही सौहार्दपूर्ण हुई। इसके बाद मनोज कुमार ठाकुर, दिनेश सोनी और आशीष कुमार ने छात्रों से मुलाकात की। उनका गर्मजोशी भरा अपनापन देखकर छात्रों को ऐसा लगा मानो वे किसी नई, महत्वपूर्ण और नवाचार से भरी दुनिया में कदम रख चुके हों। कॉन्फ्रेंस हॉल में, ठाकुर ने छात्रों को पावर प्लांट के इतिहास और काम करने की प्रक्रिया के बारे में आसान भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि थर्मल बिजली कैसे बनती है और कठिन वैज्ञानिक बातों को सरल और रोचक तरीके से समझाया। उन्होंने छात्रों को बड़ा सपना देखने, उद्यमी बनने और देश के विकास में योगदान देने की प्रेरणा भी दी। छात्रों से उनके लक्ष्य पूछकर उन्होंने माहौल को और भी प्रेरक बना दिया। इसके बाद असली रोमांच शुरू हुआ। सेफ्टी विभाग के भोला बर्मन ने छात्रों को पूरे पावर प्लांट का भ्रमण कराया। उन्होंने सुरक्षा नियमों का ध्यान रखते हुए बड़े ही साफ और सरल तरीके से प्लांट की कार्यप्रणाली दिखाई।

### स्नेह मिलन कार्यक्रम में बच्चों मिला स्कूल बैग उपहार



**बोकारो :** आधुनिक समाज में एक ओर अपनेपन व पारिवारिक समरसता की कमी से समाज चिंतित है वहीं दूसरी ओर सामाजिक समरसता को समटे संकल्प सृजन के विभिन्न आयाम एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम समरसता का सशक्त उदाहरण है उक्त बातें संकल्प सृजन की संस्थापिका सह महासचिव डा० साध्वी झा ने सोनाटांड स्थित संकल्प सृजन कार्यालय परिसर में आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में कही सर्वप्रथम सावित्री बाई फुले एवं माता अनसुईया शिशु सृजन वाटिका के बच्चों द्वारा तिलक व पुष्प से अतिथियों का स्वागत किया गयो अतिथि उषा सिन्हां एवं महासचिव साध्वी झा ने मंत्रोच्चारण के साथ भारत माता चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से कार्यक्रम शुभारंभ का संकेत दियो बच्चों द्वारा गायत्री मंत्र व सरस्वती वंदना के साथ मातृभूमि वंदना अत्यंत मनोहर रहो उषा सिन्हा ने अपने पौत्र प्रत्युष पीयुष के जन्मदिवस के अवसर पर वाटिका के ब्बच्चों के बीच स्कूल बैग, पंसिल, रबर सहित फल व मिष्टान भेंट देकर अपनी खुशियाँ बाँटी मौके पर निरीक्षिका प्रिया पांडे, केंद्र संचालिका नितु, सरिता, प्रिति सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन प्रिया पांडे व धन्यवाद ज्ञापन सरिता कुमारी ने किया।

### बिरसा कंपेनियन संस्था का धूमधाम से मना स्थापना दिवस



**बोकारो:** सामाजिक संस्था बिरसा कंपैनियन स्नेह कार्यक्रम द्वारा शुक्रवार को चास स्थित वन विभाग परिसर में 6वां एनुअल डे बड़े ही उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीएफओ विकास पालीवाल शामिल हुए, जबकि कई सम्मानित अतिथिगण व स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद संस्था के वर्षगांठ के अवसर पर केक काटकर उत्सव का माहौल और भी खुशनुमा हो गया। इस मौके पर डीएफओ विकास पालीवाल ने संस्था द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार व लोकल प्रोडक्ट के प्रोत्साहन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे रही है, जो समाज के लिए प्रेरणादायी है। संस्था के सचिव सीता देवी ने कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा-सहायता, स्वास्थ्य जांच शिविर, कौशल विकास प्रशिक्षण तथा स्थानीय उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री जैसी पहलें निरंतर चलाती आ रही है। कार्यक्रम में स्नेह टीम के सदस्यों ने बारी-बारी से अपने-अपने कार्यों व अनुभवों को मंच से साझा किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सचिव द्वारा मुख्य अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### एलजेपी का 25वां स्थापना दिवस मनाया गया गरीब गुरुवा में कंबल व मिठाई का वितरण



**बोकारो:** सेक्टर-5 में शुक्रवार को लोक जनशक्ति पार्टी का 25वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय रामविलास पासवान जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद गरीब गुरुवा जरूरतमंदों के बीच कंबल और मिठाई के डब्बे वितरित किए गए। यूथ आइकॉन चिराग पासवान के नेतृत्व में पूरे देश में यह स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बोकारो में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने उनके नेतृत्व की सराहना की। बिहार में एनडीए की जीत पर मीडिया से बात करते हुए पार्टी नेता रवि चौबे ने कहा कि यह जीत "पांचों पांडव"—अर्थात एनडीए के सभी सहयोगी दलों की एकता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बिहार के बुद्धिजीवी वर्ग का भरोसा, नीतीश सरकार के पिछले कार्यकाल का अनुभव और कार्यकताओं की मेहनत ने प्रचंड जीत दिलाई है।

## एक नजर

### प्रेम प्रसंग को लेकर युवक ने किया आत्महत्या



**ईचागढ़ :** चौका थाना क्षेत्र के चांदुडीह में अपने कपड़े की दुकान में दुकान का शीशा का दरवाजा अंदर से लॉक कर दुकान के अंदर अपनी गर्लफ्रेंड से मोबाइल से विडिओ कॉल करके दिखा कर 21 वर्षीय राहुल मंडल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना गुरुवार दोपहर की है। जब दुकान में राहुल अकेला था,उस वक्त वह घटना को अंजाम दिया । उन्होंने दुकान के बेटशीट की फंदा बनाकर फांसी लगाकर अपना जीवन लीला समाप्त कर लिया।जानकारी के अनुसार राहुल मंडल ने फांसी लगाने से पहले अपना गर्लफ्रेंड से अपना मोबाइल से विडिओ कॉल किया। फांसी लेने की सारा घटना क्रम को दिखाने के लिए मोबाइल को खिड़की में बांध कर टांग दिया था। जिसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।यह सारा घटना क्रम देखने पर राहुल का गर्लफ्रेंड घबरा गया।जिसके बाद राहुल के गर्लफ्रेंड ने राहुल के साथ विडिओ कॉल काटकर राहुल को कई बार कॉल किया,लेकिन राहुल ने कॉल रिसीव नहीं किया। उसके बाद राहुल के दोस्त एवं राहुल के बड़े भाई को फोन किया और सारा घटना क्रम के बारे में जानकारी दिया। राहुल का बड़ा भाई रांची में रहता है। वह रांची में रहकर पढ़ाई करता है। आनन-फानन से अपने पिता कृपा मंडल को फोन कर सारी घटना क्रम का जानकारी दिया।आके देखने पर पता चला कि दुकान का शीशा का दरवाजा अंदर से लॉक कर दिया है तथा अंदर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना पर चौका पुलिस पहुंचे तथा शीशा का दरवाजा तोड़कर दुकान के अंदर घुसे,मामले की छानबीन किया।

# प्रधानमंत्री कृषि धन-धान्य योजना अंतर्गत आकांक्षी कृषि जिला के केंद्रीय प्रभारी ने किया सिमडेगा जिले का दौरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** प्रधानमंत्री कृषि धन-धान्य योजना अंतर्गत आकांक्षी कृषि जिला के केन्द्रीय प्रभारी नन्द कुमारम द्वारा दिनांक 28.11.2025 को सिमडेगा जिला अंतर्गत कृषि एवं संबंद्व क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यो की समीक्षा एवं स्थल निरीक्षण किया गया। उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की उपस्थिति समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने सर्वप्रथम कृषि एवं संबंद्व विभागों द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं में अबतक की प्रगति की समीक्षा करते हुए एल0डी0एम0 को निदेश दिया कि जिले का सी0डी0 रेशीयों काफी कम है जिसमें सुधार करने की आवश्यकता है। बैठक में




एफ0पी0ओं0 के द्वारा किसानों के बीच किये जा रहे कार्यो की भी समीक्षा किया गया, जिसमें निदेश दिया गया कि जिला प्रशासन के सहयोग से जिले में वनोपज के प्रोसेसिंग हेतु छोटे स्तर पर प्लांट लगाया जा सकता है। पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम में जिले में उत्पादित दुध के प्रोसेसिंग हेतु प्लांट लगाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। जिससें जिले के किसानों को इसका पूरा लाभ प्राप्त हो सकें। बैठक के पश्चात सिमडेगा प्रखण्ड अंतर्गत खुँटीटोली में कृषि विभाग द्वारा अधिष्ठापित लिफ्ट इरिगेशन के माध्यम से किये जा रहे कृषि कार्यो का का स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होनें किसानों से संवाद भी किया। जिसके बाद मत्स्य विभाग द्वारा केलाघाट सिमडेगा में क्रियान्वित किये जा रहे मत्स्य पालन संबंधी योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान इसके समुचित प्रबंधन एवं मार्केट लिंकेज से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त दिपांकर चौधरी, जिला कृषि पदाधिकारी माधुरी टोप्पों, जिला मत्स्य पदाधिकारी सीमा टोप्पों, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पों, भूमि संरक्षण पदाधिकारी विलसन डुंगडुंग, कृषि विज्ञान केन्द्र बानो के वैज्ञानिक, सनद सवैया, एल0डी0एम सन्नी लकडा, जिला पशुपालन पदाधिकरी सह गव्य विकास पदाधिकारी, सिमडेगा, कृषि निरीक्षक शंकर प्रसाद, उप परियोजना निदेशक आत्मा, प्रवीण सिंह एवं एफ0पी0ओं0 के सी0ई0ओ0/सचिव उपस्थित थें।

## पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विधायक ने किया परिसंपत्तियों का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** प्रखंड के उरमाल में पंचायत स्तरीय आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शुक्रवार को विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोग अधिक से अधिक ले। उन्होंने कहा यह शिविर पंचायत स्तर पर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभुकों तक पहुँचाने, आवेदन और शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने और ग्रामीणों में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे



अपने नजदीकी पंचायत/वार्ड में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर अपने आवेदन और शिकायत दर्ज कराएँ और अपने आस-पास के लोगों को भी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित करें। इस शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित स्टॉलों का निरीक्षण विधायक ने किया और योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी तालेश्वर रविदास, अंचलधिकारी प्रदीप महतो, सीडीपीओ विभा सिन्हा, मुखिया भीम सिंह मुंडा, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, विधायक के बेटी स्नेहा महतो, अनिल महतो एवं सम्बंधित विभागों के पदाधिकारी के साथ काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत विशेष शिविर का किया गया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** "सेवा का अधिकार सप्ताह" के अंतिम दिन 28 नवम्बर 2025 को सिमडेगा जिला प्रशासन द्वारा शहरी क्षेत्र में भी विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नगर भवन, सिमडेगा में लगाया गया, जहाँ बड़ी संख्या में शहरी क्षेत्र के नागरिक उपस्थित हुए और सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान का लाभ उठाया। शिविर में पहुंचे लोगों ने विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित अपने आवेदन समर्पित किए, जिनमें से अनेक मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया गया। अभियान के तहत उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह स्वयं नगर भवन पहुँचीं और विशेष शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी स्टॉलों का भ्रमण करते हुए सेवा वितरण की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध और सफलतापूर्वक निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शिविर के दौरान विभिन्न सेवाओं का लाभ भी वितरित किया गया। उपायुक्त ने 10 स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए, जिससे उनके शैक्षणिक एवं भविष्य की योजनाओं से जुड़े कार्यों में सहुलियत मिलेगी। साथ ही 8 महिला मजदूरों को जॉब कार्ड वितरित किए गए, इसके अतिरिक्त बुजुर्ग महिलाओं के बीच सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत साड़ी दी गई तथा एक लाभुक को पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। मौके पर नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे और शिविर को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## प्रथम सूफियान खान स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज, विधायक ने की शानदार बैटिंग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** शहर के खैरनटोली स्कूल मुहल्ला मैदान में आयोजित प्रथम सूफियान खान स्मृति क्रिकेट टूनामेंट का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। उद्घाटन के बाद जब विधायक ने खुद मैदान में उतरकर बल्लेबाजी की, तो दर्शकों की तालियों की गूंज थमने का नाम नहीं ले रही थी। विधायक के दमदार शॉट्स और बेहतरीन टाइमिंग ने खिलाड़ियों का दिल जीत लिया। विधायक के बैटिंग और बॉलिंग देखकर उपस्थित दर्शकों ने कहा कि हमारे विधायक सिर्फ. हॉकी नहीं, क्रिकेट में भी मंजे हुए खिलाड़ी की तरह बल्लेबाजी करते हैं। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि खेल सिर्फ. प्रतियोगिता नहीं समाज को जोड़ने वाला सबसे मजबूत सेतु है। खेल के मैदान में न जाति रहती है, न धर्म सिर्फ. प्रतिभा, मेहनत और टीमवर्क बोलता है। जिले का युवा जिस अनुशासन और लगन के साथ खेल रहा है, वह सिमडेगा का भविष्य सुनहरा होने का प्रमाण है। हमारी सरकार और संगठन युवाओं को बेहतर प्लेटफॉर्म देने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है। जिस तरह खिलाड़ी मैदान में संघर्ष करते हैं, उसी तरह हम भी आपके विकास के लिए संघर्षरत हैं।

## आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ठेठईटांगर :** प्रखंड क्षेत्र के कोनमेंजरा पंचायत में सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना और विशिष्ट अतिथि जीप सदस्य अजय एक्का, अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, अतिथि झामुमो केंद्रीय सदस्य नोवास केरकेट्टा, झामुमो जिला कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, झामुमो नगर अध्यक्ष अनस आलम, मुखिया सुषमा बिलुँग के द्वारा वृद्धा पेंशन, मनरेगा जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बच्चों के बीच स्वेटर और छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इसके अलावा शिविर में लगे सभी स्टोलों का बारी-बारी से अतिथियों ने निरीक्षण किया और जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य



अतिथि झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि आम ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक पदाधिकारी आपके पंचायत तक आ रहे हैं। आप सभी अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में भाग ले और सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार के लाभकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले इसे सेवा का अधिकार के तहत पंचायत के लोगों को अधिक से अधिक लाभ देना है इसके लिए विभिन्न पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### दो अभ्यर्थियों को अनुकंपा के आधार पर पुलिस सेवा में मिला नियुक्ति पत्र



**सिमडेगा :** पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा द्वारा झारखंड पुलिस संगठन के तहत जिला बल में दो अभ्यर्थियों को सशर्त अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। अनिता केरकेट्टा, पिता स्व. अल्बर्ट बिलुंग, ग्राम कुरूमडेगी, थाना ठेठईटांगर को आरक्षी तथा सुजाता कुल्लू, पिता स्व. जुना कुल्लू, ग्राम सिकिरमा जितियाटोली, थाना पालकोट, जिला गुमला को बाल आरक्षी के पद पर नियुक्त किया गया। दोनों नियुक्त कर्मियों को पुलिस सेवा की जिम्मेदारियों, जवाबदेही और अनुशासन संबंधी नियमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव नियुक्त कर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करते हुए पुलिस विभाग की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाएं।

## संक्षिप्त खबरें

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिल्ली :** मुरी शुक्रवार को सिल्ली प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुरी पूर्वी एवं पश्चिमी तथा सिल्ली लुपुंग के लोग अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। इस कार्यक्रम में सबसे ज्यादा महिलाओं की संख्या देखी गई जिनमें मैया सम्मान योजना, आवास योजना आदि से संबंधित लिखित आवेदन जमा किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक अमित महतो उपस्थित रहे उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यह अबुआ सरकार है, आपकी सरकार है किसी भी योजना का लाभ पाने के लिए एवं किसी भी सरकारी समस्याओं का समाधान के लिए इस तरह का जनता दरबार लगाया गया है ताकि समय रहते समस्याओं का निराकरण किया जाए। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार एवं अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का ने कहा कि जो भी वास्तविक लाभुक होंगे उन्हें चिन्हित कर योजना का लाभ दिलाने का प्रयास करेंगे, लाभार्थी को यहां वहां भटकने की आवश्यकता नहीं है। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना देवी चौधरी, जिला परिषद लक्ष्मी देवी,सिल्ली मुखिया भरत मुरी पुर्वी पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार लुपुंग मुखिया सीमा कुमारी समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जंगली हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात, किसानों के फसल किया नष्ट



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बोड़ा पहाड़,कुटाम जंगल और पीलिद जंगल,जारगोडीह वन में अलग अलग झुंड में जंगली हाथी डेरा डाले हुए हैं। हाथी दिन और रात को भी जंगल से सटे खेतों में धानों और फसलों को अपना निवाला बना रहा है। धान पकते ही हाथियों का झुंड ईचागढ़ व कुकडू प्रखंड क्षेत्र के कई जंगलों में पहुंच कर खेतों में लगे धानों को चट कर रहा है। झुंड हाथी ने जयपुर गाँव के किसान साधु महतो का टमाटर,रामधन महतो का टमाटर,बिंदेश्वर महतो,बासु महतो,गणेश महतो का खेतों में लगे पके धानों को रौंद कर नष्ट कर दिया। किसान गणेश चन्द्र महतो ने बताया कि हाथी के डर से खेतों में लोग धान कटनी में जाने से भी डर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झुंड से बिछड़े हाथी को वन विभाग क्षेत्र से भगाए और नष्ट किया गया धानों का समुचित मुआवजा दे। मिली जानकारी के अनुसार 12 की संख्या में हाथियों का झुंड कुटाम जंगल में डेरा डाले हुए है।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर पटमदा में निकली एकता पदयात्रा



**पटमदा :** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निदेर्शानुसार, मेरा युवा भारत, पूर्वी सिंहभूम द्वारा सांसद विद्युत बरन महतो के मार्गदर्शन में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिलास्तरीय एकता पदयात्रा का आयोजन पटमदा में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विद्युत वरण महतो,मेरा युवा भारत पूर्वी सिंहभूम के जिला युवा अधिकारी मोंटू पातर ,भारतीय जनता पार्टी,अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप महतो ,पूर्व प्रत्याशी मुचिराम बाउरी,महावीर महतो,समाजसेवी सुदीप महतो,कृपसिंधु महतो,प्राचार्य सुजीत सेठ,सुष्मिता खा,मंटू दत्ता उपस्थित रहे। पीएम कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बैंड ग्रुप द्वारा प्रस्तुत शानदार बैंड परेड कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। छात्राओं की सुसंगठित चाल, तालबद्ध प्रस्तुति और अनुशासन ने सभी का मन मोह लिया। +2 आदिवासी उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने झारखंड का मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद एकता पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। पदयात्रा में 1500 से अधिक युवा, विद्यार्थी, नागरिक, स्वयंसेवक और विभिन्न संस्थानों के सदस्य शामिल हुए। राष्ट्रीय ध्वज, प्रेरक नारों और सौहार्द के संदेशों के साथ यह पदयात्रा आगे बढ़ती रही, जिसने पूरे क्षेत्र में एकता, सुरक्षा, संविधान-सम्मान और राष्ट्रीय चेतना का संदेश पहुँचाया।

# जिले में 2 लाख लोगों को CPR एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की विशेष पहल के तहत जिले में 2 लाख नागरिकों को उढफ एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण प्रदान करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसे पूर्ण कर लिया गया है। आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियो जैसे कार्डियक अरेस्ट, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं में लोगों को सक्षम बनाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रहा। जून माह से शुरू हुई जिले-व्यापी पहल। इस मेगा अभियान की शुरूआत जून माह 2025 से की गई। पहल के प्रथम चरण में पूरे जिले में गहन प्रशिक्षण देकर 3,229 मास्टर ट्रेनरों को तैयार किया गया। ये मास्टर ट्रेनर आगे




अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को उढफ एवं फर्स्ट एड का कौशल सिखाने के लिए तैयार किए गए, जिससे जिले में प्रशिक्षण का व्यापक नेटवर्क तैयार हो सका। दूसरे चरण में विद्यालयों, पंचायतों एवं कारखानों तक विस्तार। द्वितीय चरण में अभियान को क्रमबद्ध रूप से जिले के सभी विद्यालयों, पंचायतों, कारखानों एवं सार्वजनिक स्थलों तक विस्तारित किया गया। बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों, मजदूरों, स्वयं सहायता समूहों एवं आम नागरिकों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण का प्रभावः बढ़ा आत्मविश्वास, बची तीन की जान। प्रशिक्षण के बाद लोगों में आकस्मिक स्वास्थ्य स्थितियों में त्वरित कार्रवाई करने का आत्मविश्वास उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। विगत 6 महीनों में जिले में 3 नागरिकों की जान CPR देकर सफलतापूर्वक बचाई गई, जो इस अभियान की प्रभावशीलता का स्पष्ट प्रमाण है। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में भी शामिल आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत आयोजित प्रत्येक शिविर में आने वाले नागरिकों को भी CPR एवं फर्स्ट एड प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा**
Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com

पत्रांक............................/सिमडेगा, दिनांक ........................../

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा **M/S J.P Construction, Kandu Muhalla Daltonganj**, को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजनान्तर्गत सिमडेगा जिला के ठेठईटांगर प्रखण्ड अन्तर्गत बाघचट्टा नाला खम्महनटोली के पास उच्चस्मरीय पुल निर्माण कार्य का एकरारनामा संख्या $38F_2$/2023-24 दिनांक 16.11.2023 के अनरुसार उपरोक्त निर्माण कार्य दिनांक 15.05.2025 को पूर्ण कर देना था। परन्तु अब तक निर्माण कार्य अपूर्ण है तथा विगत छः माह में कार्य में कोई प्रगति नहीं है। आपके द्वारा कार्य स्थल पर निर्माण कार्य भी अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है। उपरोक्त वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि आपके द्वारा जान बूझ कर योजना को लम्बित रखा गया है तथा भविष्य में आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई अभिरूची नहीं है।

अतः दिनांक 11.11.2025 को मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, राँची की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक में दिये गये निदेश के आलोक में आपको (**M/S J.P Construction, Kandu Muhalla Daltonganj**) एकरारनामा के शर्तों के अनुसार डिबार सूची में डालने हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दिया गया है। जिसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी। इस संबंध में भविष्य में आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
सिमडेगा।

PR.NO.367292 Simdega(25-26):D

# वंदे मातरम् है भारत की साकार अंतश्चेतना

वैश्विक स्तर पर भारत सदियों से अनेक देशों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा है । यह तथ्य अनेक साक्ष्यों से बहुशः प्रमाणित है कि प्राचीन भारत की भौतिक समृद्धि से प्रभावित हो खिंचे आए विदेशी आक्रान्ताओं ने भारत का अनेक प्रकार से शोषण और दोहन किया और अनैतिक ढंग से विभिन्न क्षेत्रों में और विभिन्न अवधि के लिए अपना अनधिकृत आधिपत्य जमाया। इस प्रक्रिया में भारतीय सांस्कृतिक परिदृश्य और जीवन पद्धति में अनेक परिवर्तन आए। इस श्रृंखला की अंतिम कड़ी के रूप में बर्तानवी (अंग्रेजी) उपनिवेश की लगभग दो सौ वर्षों की त्रासदी थी। यह इस अर्थ में विशेष अर्थ रखती है कि इस दौर में देश को न केवल भौतिक और आर्थिक क्षति पहुँची अपितु दुर्भाव के साथ उसमें मानसिक रूप से भी बदलाव भी लाया गया ।

शिक्षा के क्षेत्र में जो हस्तक्षेप किया गया उसके बड़े दूरगामी परिणाम हुए जिनसे हम आज तक नहीं उबर सके हैं। इस हस्तक्षेप के अंतर्गत भारतीय चिंतन , ज्ञान-परम्परा और भारतीय विश्व दृष्टि को अप्रासंगिक ठहरा कर उसे हाशिये पर डाल दिया गया। भारतीय प्रतिभा, कौशल और ज्ञान संपदा का समूचा अवदान कालबा घोषित कर दिया गया। इस अहैतुक उपेक्षा का सीधा परिणाम यह हुआ कि हमारा आत्मबोध और हमारी पहचान पश्चिम के आलोक में परिभाषित की जाने लगी। पश्चिमी चिंतन वैज्ञानिक और आधुनिक कहलाते हुए मुख्यधारा बनकर हम सब पर थोप दिया गया। दूसरी तरफ भारतीय दृष्टि उस मुख्यधारा से विचलन के रूप में अग्राह्य और व्यर्थ मानी जाने जाने लगी। उसकी ओर सतत उपेक्षा और वितृष्णा की प्रवृत्ति ने एक ऐसा माहौल बनाया जो हमें सोच-विचार और अपनी निर्णय- क्षमता के लिए पर निर्भर कर दिया। हमने आचार-व्यवहार के लिए मानक भी उधार लेने शुरू कर दिए। हीनता और अपर्याप्तता की तीव्र अनुभूति से ग्रस्त हो कर बहुतों ने भारतीयता की अवधारणा को प्रश्नांकित कर डाला । फलतः भारत की मौलिक अस्मिता संशयग्रस्त बनने के लिए अभिशप्त हो गई, इतनी कि जब देश स्वतंत्र हुआ तो नामकरण का निश्चय करते समय हमने भारत शब्द को अपर्याप्त मान लिया। अंततः भारतवर्ष के लिए इंडिया दैट इज भारतह्लका नाम संविधान में दर्ज किया गया।

घटनाक्रम कुछ ऐसा भी हुआ कि पश्चिमी जगत का आर्थिक और राजनैतिक वर्चस्व निरंतर बढ़ता चला गया। हम उसे अपनाते चले गए और उसी में ही गौरव बोध अनुभव करने की आदत डाल ली। दूसरी ओर हमारा देशज चिंतन जो स्वयं अपना निजी चिंतन था और हमारे अनुकूल था, हमसे दूर होता हुआ अपरिचित होता गया। महात्मा गांधी के हिन्द स्वराज के स्वर जो १९०९ में उठे थे वे तेजी से मद्धिम पड़ने लगे। आर्थिक योजनाएं, शैक्षिक व्यवस्थाएं, सांस्कृतिक नीतियाँ सबकुछ महात्मा गांधी के स्वप्न के विपरीत दिशा में चलने वाला हो चला। परिणाम यह हुआ कि देश के स्वतंत्र होने के बाद भी देश के शैक्षिक आयोजन में गुलामों के लिए बनाया गया पुराना औपनिवेशिक ढाँचा ही बदस्तूर चलता रहा। यदा-कदा कुछ सतही बदलाव लाने का प्रयास जरूर हुआ पर वह आयोजन मुख्य रूप से पश्चिम से आयातित ढाँचा लेकर ही आगे बढ़ता रहा। इसका परिणाम शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में भारत के पिछड़ने के रूप में सामने आया। आज भारत विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश हो चुका है। साथ ही वह ऐसा देश भी है जिसमें युवा वर्ग की जनसंख्या का अनुपात विश्व में सबसे अधिक है। देश के लिए यह निश्चित रूप से लाभ की स्थति हो सकेगी बशर्ते हमारा युवा वर्ग योग्य और कुशल हो। यह चर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि भारत वर्ष २०४७ तक विकसित देश की कोटि में आने के लिए तत्पर और प्रयासरत है। इस पूरे परिदृश्य में भारत को समझना, उसे अंगीकार करना आज भी प्रमुख प्रश्न हो जाता है।

# एसआईआर का विरोध : चिन्ता लोकतंत्र की या वोट बैंक की

ललित गर्ग




भारत का लोकतंत्र आज जिस निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, वहां उसकी विश्वसनीयता और मजबूती का सवाल पहले से कहीं अधिक गंभीर हो गया है। चुनावों की पारदर्शिता, मतदाता सूची की शुचिता और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से मतदाता पहचान की सत्यता को बनाए रखना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को सुरक्षित रखने का मूल तत्व है। विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर इसी उद्देश्य से प्रारंभ की गई वह अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची में मौजूद संदिग्ध, दोहरे या अवैध प्रविष्टियों की पहचान और सत्यापन किया जा सके। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस कार्य को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक कदम माना जाना चाहिए, उसे कुछ विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के चश्मे से देख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में जिस प्रकार के उतावले, भावनात्मक और अक्सर तथ्यहीन तर्क प्रस्तुत किए गए, उससे यही प्रतीत होता है कि यह विरोध किसी तर्क या सिद्धांत का नहीं, बल्कि वोट-बैंक की चिंता का परिणाम है। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर बेतूका राष्ट्र-विरोधही अड़ंगा लगाने वालों को आईना ही दिखाया कि बिहार में तो एक भी व्यक्ति यह शिकायत करने नहीं आया कि उसका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि बिहार में एसआईआर के समय कुछ खास लोगों के वोट काटे जाने का आरोप उछालने वाले भी ऐसे कथित पीड़ित लोगों के उदाहरण का साक्ष्य नहीं दे सके थे। हालांकि बिहार में एसआईआर पर विपक्षी दलों को मुंह की खानी पड़ी, लेकिन वे बाज नहीं आ रहे हैं और अब 12 राज्यों में जारी एसआईआर की प्रक्रिया को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष खड़े हैं।

यह तब है, जब एसआईआर वाले राज्यों में करीब 65 प्रतिशत फार्म भरे जा चुके हैं। इसका मतलब है कि लोग इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। एसआईआर होना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि मतदाता सूचियों में भारी त्रुटियां एवं विसंगतियां है, बड़ी संख्या में ऐसे लोगों के नाम दर्ज हैं, जिनकी मृत्यु हो गई है या फिर जो अन्यत्र चले गए हैं। इसके अलावा ऐसे भी लोग हैं, जिनके पास दोहरे मतदाता पहचान पत्र हैं। चुनाव आयोग एसआईआर के जरिये इन्हीं विसंगतियों को दूर कर रहा है, लेकिन विपक्षी दलों को पता नहीं क्यों यह रास नहीं आ रहा है। वे मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की शिकायत भी कर रहे हैं और एसआईआर भी नहीं होने देना चाहते है। लोकतंत्र की जड़ों में सबसे बड़ा विष तब घुलता है जब मतदाता सूची अवैध हस्तक्षेपों, बाहरी घुसपैठियों और राजनीतिक संरक्षण के सहारे खड़ी प्रविष्टियों से दूषित होने लगती है। भारत लंबे समय से विदेशी घुसपैठ की समस्या से जूझ रहा है। राज्यों के बीच असंतुलित प्रवासन, सीमावर्ती क्षेत्रों में बेतरतीब आबादी का फैलाव, राजनीतिक शरण और संरक्षण के नाम पर अवैध बसेरों का निर्माण-ये सब ऐसी वास्तविकताएं हैं जिन्हें अनदेखा करना राष्ट्रहित से खिलवाड़ है।

एसआईआर की प्रक्रिया इसीलिए आरंभ की गई कि मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध, विश्वसनीय, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित बनाया जा सके। यह प्रक्रिया किसी समुदाय, क्षेत्र या वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यक्तिगत पहचान के सत्यापन पर आधारित है। यह समान रूप से हर उस मतदाता की जांच करती है जो कानूनन इस प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके बावजूद विपक्ष द्वारा इसे अधिकारों पर हमला, राजनीतिक भेदभाव या अविश्वास की राजनीति से जोड़ना केवल दुष्प्रचार एवं भोलेभाले लोगों को गुमराह करना है। यह सवाल इसलिए उठता है कि जब प्रक्रिया सबके लिए समान है, सभी क्षेत्रों पर लागू है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में संचालित हो रही है, तो किस आधार पर इसे लोकतंत्र विरोधी कहा जा सकता है? वास्तव में विपक्ष इस प्रश्न का ठोस, तथ्यपूर्ण उत्तर देने में असफल रहा है। यह आशंका निराधार नहीं कि बंगाल जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए मतदाता बन बैठे हैं। उनके बांग्लादेश लौटने से इसकी पुष्टि भी होती है। यह ठीक है कि पहचान पत्र के रूप में आधार भी मान्य है, लेकिन उसे भी फर्जी तरीके से बनवाया गया हो सकता है। ऐसे में चुनाव आयोग को दस्तावेजों के सत्यापन का अधिकार मिलना ही चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत विपक्षी तर्कों का विश्लेषण करें, तो उनमें वास्तविक तथ्यों एवं आंकड़ों का अभाव है। भावनात्मक अपीलें, आशंकाओं का जानबूझकर सृजन, प्रशासनिक प्रक्रिया को अविश्वसनीय बताने का प्रयास, और तथ्यों से अधिक आरोपों का शोर-ये सब इस बात की ओर संकेत करते हैं कि उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा नहीं बल्कि अपनी राजनीतिक जमीन को बचाना है। यदि मतदाता सूची वास्तव में त्रुटिरहित है, यदि घुसपैठियों का प्रश्न बिना आधार का है, यदि किसी वर्ग की वैधता पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं, तो फिर सत्यापन से भय क्यों? सत्यापन तो वही व्यक्ति या समूह टालेगा, जो स्वयं को संदेह के घेरे में पाता हो। जो स्वच्छ, वैध और तथ्यपूर्ण हैं उन्हें कभी डर नहीं होता कि जांच उनके लिए समस्या बन जाएगी। इसलिए यह विरोध लोकतंत्र की चिंता नहीं बल्कि लोकतंत्र का उपयोग करके अपने हित साधने की कोशिश प्रतीत होता है। भारत की चुनाव प्रणाली में वर्षों से यह शिकायत उठती रही है कि मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियां, मृत व्यक्तियों के नाम, काल्पनिक मतदाता और बाहरी लोगों की अवैध प्रविष्टियां बढ़ती जा रही हैं। इनमें से अधिकांश समस्याएं प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम हैं, लेकिन एक बड़ा हिस्सा ऐसे राजनीतिक हितों का भी है जो ऐसी प्रविष्टियों को बनाए रखने में खुद को लाभान्वित देखते हैं।

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि भारत के अनेक राज्यों में स्थानीय राजनीतिक तंत्र विदेशी घुसपैठियों के लिए न केवल छत्रछाया प्रदान करता रहा है, बल्कि उन्हें वोट-आधारित पहचान और सुविधाओं तक पहुंच भी दिलाता रहा है। इन परिस्थितियों में एसआईआर जैसी प्रक्रिया न केवल उचित है, बल्कि अत्यंत आवश्यक है। यह प्रक्रिया जितनी देर से लागू होगी, लोकतंत्र पर उतना ही खतरा बढ़ेगा। एसआईआर के विरोध का एक और पक्ष भी है, और वह है विपक्ष का यह डर कि यदि मतदाता सूची शुद्ध कर दी गई, तो उनका चुनावी गणित प्रभावित होगा। यह राजनीति का वह पक्ष है जिसमें आदर्शवाद के लिए बहुत कम जगह है। राजनीतिक दल अक्सर यह मानकर चलते हैं कि जहां संख्या उनके पक्ष में है, वहां सुधार का कोई हस्तक्षेप उनकी स्थिति को कमजोर कर सकता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की आत्मा के विरुद्ध है, क्योंकि लोकतंत्र केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि नागरिक विश्वास और संवैधानिक मूल्यों का संरक्षक है। एसआईआर का उद्देश्य किसी को मताधिकार से वंचित करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि मताधिकार का उपयोग वही करे जो इसके योग्य है, जो देश का वैध नागरिक है, और जिसका नाम सही तरीके से मतदाता सूची में दर्ज है। भारत का भविष्य उन सुधारों पर निर्भर करता है जो चुनावों को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाएं। जब तक मतदाता सूची शुद्ध नहीं होगी, तब तक चुनाव परिणामों पर संदेह रहेगा और लोकतंत्र की साख कमजोर होती जाएगी। एसआईआर इस दिशा में उठाया गया साहसिक कदम है, जिसे किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव या भ्रम फैलाने वाले अभियानों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में यह प्रक्रिया और अधिक निष्पक्ष और संरक्षित होती है, इसलिए विरोध के ये प्रयास और भी आधारहीन प्रतीत होते हैं।

# भारत यायावर की कृतियां सदा हिंदी सेवियों का मार्ग प्रशस्त करती रहेंगी



विजय केसरी

झारखंड के जाने माने साहित्यकार कवि, संपादक, आलोचक, समीक्षक भारत यायावर की कृतियां सदा हिंदी सेवियों का मार्ग प्रशस्त करती रहेंगी। वे झारखंड के एक मात्र ऐसे साहित्यकार थे, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट साहित्य सृजन से प्रांत का नाम राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। उन्होंने विपुल साहित्य का सृजन किया। उन्होंने हिंदी साहित्य की हर विधा पर जमकर लिखा। उन्होंने अपने जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण समय महान कथाकार फणीश्वर नाथ रेणु एवं महावीर प्रसाद द्विवेदी की देश भर में बिखरी पड़ी कृतियों को खोजने व संपादन में लगा दिया था। अपने जीवन के अंतिम दौर में उन्होंने रमणिका गुप्ता की रचनावली को भी पूरा कर लिया था। झारखंड के प्रख्यात कथाकार राधा कृष्ण की रचनावली पर काम कर ही रहे थे, कि उनका निधन हो गया था। उनका मत था कि एक साहित्यकार अपने जीवन में बहुत कुछ रचता है। वह विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में छपता रहता है। इन पत्र-पत्रिकाओं में उक्त साहित्यकार की कई महत्वपूर्ण रचनाएं छप चुकी होती हैं। जिसका साहित्यिक मूल्यांकन होना बाकी होता है। जब मूल्यांकन का समय आता है, तब तक पत्रिकाओं में छपी उस लेखक की रचनाएं साहित्यकारों, आलोचकों, समीक्षकों और शोधकर्ताओं की पहुंच से दूर हो जाती है। अगर किसी खोजकर्ता व शोधकर्ता ने उस लेखक की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में छपी रचनाओं को संकलित कर एक रचनावली का रूप प्रदान कर देता है, तब उस लेखक की रचनाएं पुनर्जीवित हो जाती हैं।

भारत यायावर ने साठ से अधिक पुस्तकों का सृजन किया था। फणीश्वर नाथ रेणु रचनावली एवं महावीर प्रसाद द्विवेदी रचनावली कुल सोलह खंडों में है। शेष उनकी पुस्तकें काव्य संग्रह, आलोचना, समीक्षा एवं विविध साहित्यिक विषयों पर आधारित है । इसके अलावा भी विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं एवं फेसबुक पर इनकी अनगिनत रचनाएं बिखरी पड़ी हुई हैं। वे नियमित रूप से लिखते रहे थे। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में अपनी सामग्रियां भेजा करते थे। अब चूंकि वे इस धरा पर नहीं हं। इसलिए उनकी रचनाएं एक रचनावली वली की मांग कर रही हैं।

भारत यायावर की प्रकाशित व अप्रकाशित रचनाओं की खोज हिंदी साहित्य के लिए बहुत जरूरी है।? भारत यायावर एक तपस्वी की तरह अपना संपूर्ण जीवन हिंदी साहित्य को समर्पित कर दिया था। उन्होंने साहित्य की गहराइयों में जाकर जीवन भर खोज, चिंतन और मनन किया था । उन गहराइयों की खोज को अपनी कलम से लिपिबद्ध भी किया था। उनकी खोज पूर्ण रचनाएं समय-समय पर विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में छपती रहती थीं। उनकी कई महत्वपूर्ण रचनाएं हिंदी दैनिक अखबारों में भी छपती रहती थी ।? वे पिछले लगभग आठ दस वर्षों से फेसबुक पर नियमित रूप से कुछ ना कुछ लिखा करते थे। उनके एक-एक लेख पर सैकड़ों टिप्पणियां आती थीं।

भारत यायावर का जन्म हजारीबाग के एक छोटे से गांव कदमा में जरूर हुआ था, लेकिन उनका साहित्यिक संसार बहुत ही विशाल था। उन्होंने प्रांत की सीमा को अपनी विशिष्ट लेखकीय प्रतिभा के बल पर बहुत ही कम उम्र में लांघ दिया था। उन्होंने राष्ट्रीय क्षितिज पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई थी। उनकी गिनती देश के एक वरिष्ठ साहित्यकार के रूप में होने लगी थी । उनकी रचनाएं देशभर में पढ़ी जाने लगी। देशभर से उन्हें बड़ी बड़ी गोष्ठियों से आमंत्रण मिलता था । वे इन गोष्ठियों में बहुत ही गर्मजोशी के साथ शिरकत करते थे। इन गोष्ठियों में उनकी साहित्यिक बातों एवं कविताओं को सुनने के लिए लोग दूर दूर से आया करते थे । वे इन गोष्ठियों के मुख्य वक्ता बन जाते थे । उनकी विद्वता पूर्ण बातों की चर्चा आज भी होती है। अपने वक्तव्य की तारीफ सुनकर भारत यायावर कहा करते थे, 'वक्तव्य दिया, लोग सुने । बातें वहीं खत्म हो जाती हैं। अगर बातें कागज पर दर्ज हो जाती हैं, वही बातें जीवित रह पाती हैं। इसलिए बोलने से कई गुना महत्वपूर्ण है,लिखना।' आज उनकी कही बातों पर मनन करने से प्रतीत होता है कि वे कितने दूरद्रष्टा थे । उन्होंने बात ही बात में कितनी बड़ी बात कह दी थी। यह बात समाज में कहीं जाती है कि लिखतम्‌ के आगे वक्तम्‌ नहीं ।

भारत यायावर निश्चित तौर पर एक बड़े साहित्यकार थे । वे एक सहज, सरल, प्रकृति के साहित्यकार थे । जीवन पर्यंत नए लेखकों को प्रोत्साहन करते रहे थे। उन्होंने नए लेखकों को आगे बढ़ाने में कभी भी कोई कोर कसर छोड़ा नहीं। उनसे पढ़ें- सीखे कई साहित्यकार आज राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक रहे हैं। भारत यायावर सभी से समान रूप से प्यार किया करते थे। वे हिंदी के साहित्यकार होने के बावजूद देश दुनिया में विभिन्न भाषाओं में क्या लिखा जा रहा है? इसका भी व्यापक अध्ययन किया करते थे। भारत यायावर की पुस्तकों की खासियत यह है कि एक बार जो भी पाठक पढ़ने की शुरूआत करता है, अंत करके ही छोड़ पाता है।

आज उनके जन्मदिन पर उनकी एक महत्वपूर्ण कृति 'कविता फिर भी मुस्कुराएगी' कविता संग्रह की विशेष रूप से चर्चा करना चाहता हूं। इस संग्रह में कुल उनहत्तर कविताएं दर्ज हैं। सभी कविताएं विविध विषयों पर लिखी गई हैं। कविताओं के पाठन के उपरांत मैं यह विमर्श कर रहा था कि आखिर भारत यायावर ने इस संग्रह का नामकरण 'कविता फिर भी मुस्कुराएगी' शीर्षक कविता को ही क्यों चुना ? इस संग्रह की कविताओं के पाठन से लगा कि उन्हें संपादन की भी बड़ी अच्छी समझ थी । इस संग्रह का नामकरण इससे बेहतर और कुछ हो भी नहीं सकता था।

'कविता फिर भी मुस्कुराएगी' कविता के माध्यम से कवि भारत यायावर ने दर्ज किया है। टहनियां सूख जाएंगी/ अपना होने का अर्थ मिट जाएगा/ कविता फिर भी मुस्कुराएगी। इन पंक्तियों के माध्यम से कवि कहते हैं कि टहनियां सुख जाएंगी । अपना होने का अर्थ मिट जाएगा। फिर भी कविता मुस्कुराएगी । अर्थात यह जीवन एक वृक्ष के समान है । समय के साथ एक वृक्ष का उदय होता है । समय के साथ वृक्ष पुष्पित और पल्लवित होता है और अपना संपूर्ण आकार ग्रहण करता है । लेकिन एक न एक दिन उसकी टहनियां धीरे धीरे कर सूखती चली जाती है। एक समय ऐसा आता है, जब वृक्ष का अस्तित्व मिट जाता है। लेकिन मनुष्य के जीवन के वृक्ष से निकले उदगार और कर्म कविता के रूप में फिर भी मुस्कुराते रहेंगे । भारत यायावर की पंक्तियां एक जीवन के समान हैं। उनकी पंक्तियां चंद शब्दों के मिलान भर नहीं है, बल्कि मनुष्य का संपूर्ण जीवन है।

## सूडोकु नवताल- 7628

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7627 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# मासूम चेहरों के पीछे छिपे क्रूर आतंकी मंसूबे



डॉ. अंशुल उपाध्याय

आतंकवाद जाति और मजहब के नाम पर गहरा धब्बा है। जो लोग इस कृत्य में शामिल होते हैं उनकी जीवन प्रत्याशा अपने आप कम हो जाती है। एक ओर जहां आतंकी नेटवर्क चलाने के लिए बालकों के दिमाग में जहर और नफरत भरकर उनको कम उम्र में ही इसमें धकेल दिया जाता है। दूसरी ओर युवाओं को रुपए और उनके परिवार के भरण-पोषण का झूठा वादा कर आतंकी बनने के लिए घसीट लिया जाता है। बदलते परिवेश में मनोवैज्ञानिक तरीके से युवक और युवतियों का धीरे-धीरे ब्रेनवाश कर 15 से 16 वर्ष की आयु तक उन्हें ट्रेंड और क्रूर आतंकी बना दिया जाता है। फिर ये मासूम ऐसा व्यक्ति बन जाता है जिसका खुद का दिमाग चलना बंद हो जाता है और जो भी उन्हें आदेश या टारगेट दिए जाते हैं वे आंख मूंद कर उसे पूरा करने निकल जाते हैं। फिर चाहे उन्हें सुसाइड बंबर बनकर अपने ही शरीर के चीथड़े क्यों ना उड़ाने पड़े। आतंकवादियों को जरा भी इस बात का अफसोस नहीं होता कि उन्होंने कितने मासूमों को मारा है।

इतनी क्रूरता आखिर किसलिए सरकार को दिखाने के लिए या जनता को डराने के लिए या फिर अपने शैतानी मंसूबों को पूरा करने के लिए निःसंदेह ये घटनाएं एक क्रूर मनुष्य के दिमाग से जन्म लेती है और विचलित, ब्रेन लॉक मनुष्य के द्वारा अंजाम तक पहुंचाई जाती हैं। जिनका मकसद समाज में आतंक फैलाना होता है।

आतंकवादी ऐसे लक्ष्य विहीन लोग होते है जो कश्मीर की आड़ में कश्मीर को ही खोखला कर रहे हैं। कश्मीर में रहने वाला शायद ही कोई ऐसा परिवार होगा जिसने आतंक के इस डरावने चेहरे का सामान न किया हो। पाकिस्तान मैं बैठे कुछ लोग अगर कश्मीर की आजादी की बात कर रहे है तो इसमें कोई दो मत नहीं कि जितना वह आतंक और नरसंहार फैला रहे हैं, उसके बाद उनसे शांति और करुणा की बात फिजूल ही है।


ये न केवल अपने खूनी मंसूबों को ही अंजाम दे रहे हैं। बल्कि हथियारों का निर्माण और उनकी तस्करी करने वालों को सीधा फायदा पहुंचा रहे हैं। हथियारों की तस्करी करने वाले ये लोग अमीर देशों में बैठे हुए हैं। आतंकवादी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है मिडिल क्लास और निम्न तबके के लोगों का। जबकि इन आतंकियों के जो हुक्मरान होते हैं वह खुद अपने बच्चों और परिवार को लग्जरी लाइफ देते हैं और आमजन को बलि चढ़ाने के लिए आतंकवाद की आग में झोंक देते हैं।

वर्तमान घटनाक्रम की बात करें तो दिल्ली के लाल किला के पास हुए जोरदार कार धमाके में डॉ. उमर नबी ने करीब 30-40 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया था। पुलिस इस बात की आशंका जता रही है कि इस धमाके में अमोनियम नाइट्रेट का इस्तेमाल हुआ है। सूत्रों के मुताबिक आतंकी ने विस्फोट को और खतरनाक बनाने के लिए अमोनियम नाइट्रेट के अलावा दूसरे पदार्थों का भी इस्तेमाल भी किया होगा, जिसकी जांच अभी चल रही है। इन्हीं केमिकल पदार्थों के द्वारा धमाका काफी जोरदार हुआ था और इसकी गूंज काफी दूर तक सुनाई दी थी।

मार्च 2020 में गिरफ्तार अलीपुर महिला सुधार गृह में बंद परवीन जो मौलाना मसूद अजहर की बहन और लश्कर- ए-तैयबा की हैंडलर भी है, उससे पूछताछ में पता चला है कि वह खुद जैश की महिला शाखा की प्रमुख सईदा अजहर के निर्देशों पर काम करती थी। परवीन कथित तौर पर आतंकवादियों के लिए ऑनलाइन भर्ती का काम संभालती थी और उसकी गतिविधियों पर नजर रखती थी। आतंकी आज सिर्फ पहाड़ों में छिपे बंदूकधारी नहीं रह गए हैं बल्कि यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले डॉक्टर, इंजीनियर और टेक-सेवी नौजवानों को भी आतंकी बनाया जा रहा है। भारत के भीतर व्हाइट कॉलर टेरर का ऐसा नेटवर्क तैयार किया गया है, जो मेडिकल पेशे की आड़ में देश को अस्थिर करने की साजिश रच रहा था। फि दायीन आतंकी डॉ. उमर नबी जिसके इस विस्फोट में टुकड़े टुकड़े हो गए थे, उसके शव के कई टुकड़े मोर्चरी में रखे हुए हैं। डीएनए से उसके शव की पहचान भी हो गई है। फिर भी उमर का शव लेने के लिए अभी किसी ने दावा नहीं किया है। ये वही डॉ. उमर है जो विस्फोटक से लदी कार लेकर दिल्ली के वीआईपी इलाकों में घूमता रहा और बाद में इसने इस भयानक विस्फोट को अंजाम दिया। उमर की उम्र 43 वर्ष थी और वह अल फलाह यूनिवर्सिटी फरीदाबाद से जुड़ा हुआ था। हालांकि सुरक्षा एजेंसियां उसके परिवार से लगातार पूछताछ कर रही हैं। पर विचार करने वाली बात यही है कि ऐसे नौजवान जो आतंकियों के हाथों का खिलौना बनते हैं, अपने पीछे पूरे परिवार को जीवन भर के लिए बदनामी और सामाजिक बहिष्कार का हिस्सा बना जाते हैं।

## दैनिक पंचांग

29 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.44 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | मकर | 09.50 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.36 बजे से |
| बुध | तुला में | मीन | 13.09 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मेष | 14.39 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 16.20 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 18.18 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 20.31 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 22.47 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 00.59 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | तुला | 03.10 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 05.25 ब.से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 333 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 23.16 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 02.23 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** हर्षण 09.27 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 11.51 बजे तदनन्तर कौलव 23.16 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 8.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 29'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872543
**जूलियन दिन** 2461008.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 07

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 | बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 | बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 | बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 | बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 | बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 | बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 | बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 | बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### पत्थर से कुचलकर युवक की निर्मम हत्या



**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र के बोहा सतपुलवा के पास शुक्रवार की सुबह एक शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की मिलने की सूचना स्थानीय लोगो ने तालझारी थाना पुलिस को दिया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय अपने पुलिस दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन कर रही है। शव की पहचान जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा मदनशाही बैंक के समीप के निवासी धनसर मुंडा के तीस वर्षीय पुत्र बच्चन मुंडा के रूप में किया गया है। शव की हालत देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक के सिर पर किसी ने पत्थर से मारकर हत्या किया गया है। वहीं शव के आसपास शराब का बोतल प्लास्टिक ग्लास फेका हुआ है। इससे यह प्रतित होता है कि शराब पीने के बाद घटना को अंजाम दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया लग रहा है हत्या हो सकता, क्योंकि लड़का का सिर पर गम्भीर रूप से जख्म हैं। इधर घटना की जानकारी फैलते ही शव देखने के लिए आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### खेत में कीटनाशक दवा छिटने में युवक का बिगड़ा तबीयत

**साहिबगंज :** गंगा नदी थाना क्षेत्र के शोभनपुर दियारा के मो. आशिफ खेत में डालने वाला कीटनाशक दवा का छिड़काव के दौरान गलती से मुंह में चले जाने से उसकी तबीयत बिगड़ गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक तुरंत इलाज में लग गए। आगे परिजनों ने बताया कि युवक खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव कर रहा था, इसी दौरान उसका हाथ भूल बस मुंह में चला गया। जिससे वह मूर्छित होने लगा। युवक को अस्पताल में भर्ती कर चिकित्सक के देख-रेख में इलाज चल रहा है।

### युवक ने गले में गमछा का फंदा डालकर की आत्महत्या

**साहिबगंज :** जिला के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत कासिम बाजार में शुक्रवार को युवक ने गले में गमछा डालकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार जयदेव महलदार (24) रोजाना की तरह सुबह में गंगा स्नान कर घर आया और पूजा पाठ कर घर के परिजनों को प्रणाम बगैरह किया। इसके बाद उसकी मां किसी काम से घर से बाहर चली गई। जब वापस 8:00 बजे आई तो देखी कि घर के कमरे का दरवाजा खुला है और जयदेव पंखे के सहारे गले में गमछा का फंदा लगाकर लटक रहा है। हो-हल्ला के बाद आसपास के लोग जमा हो गए और उसे नीचे उतारा गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की मां और परिजनों ने बताया कि वह कुछ ही दिन से मानसिक रूप से अस्वस्थ था। घटना की सूचना राजमहल पुलिस को दी गई। सूचना पर एएसआई नंद कुमार यादव, एस तिर्की ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक गुफरान आलम ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# 'सेवा का अधिकार सप्ताह' के तीसरे दिन जिले के 20 ग्राम पंचायतों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में आयोजित हुआ विशेष शिविर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला :** 'सेवा का अधिकार सप्ताह' के तीसरे दिन जिले के 20 ग्राम-पंचायतों एवं नगर निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में आयोजित हुआ विशेष शिविर– अब तक 35,000 से अधिक आवेदन प्राप्त राज्य सरकार के दिशा-निदेर्शानुसार सेवा का अधिकार सप्ताह के तीसरे दिन आज जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं नगर निकाय क्षेत्रों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति देखी गई, जहाँ नागरिकों ने विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित अपने आवेदन जमा किए। अब तक जिले में 35,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। आज जिले के राजनगर प्रखंड के केंडमूड़ी, बुरुड एवं पटेल पंचायतों, सरायकेला प्रखंड के पठानमारा एवं गोविंदपुर पंचायतों, खरसावां प्रखंड के खरसावां एवं बिटापुर पंचायतों, गम्हरिया प्रखंड के नारायणपुर, बाँधडीह एवं चामरु पंचायतों, चांडिल प्रखंड के झावरी एवं उरमाल पंचायतों, नीमडीह प्रखंड के टेंगाडीह एवं लाकड़ी पंचायतों, इचागढ़ प्रखंड के पातकुम, गुदडी एवं गौरागकोचा पंचायतों, कुकड़ू प्रखंड के पारगामा पंचायत, तथा कुचाई प्रखंड के अरुवा एवं रोलाहातु पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया गया। इसके अलावा नगर निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में भी शिविर लगाकर नागरिकों के आवेदन स्वीकार किए गए। इन शिविरों में आय, जाति, स्थानीय निवासी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, दाखिलझ्रखारिज, भूमि धारण प्रमाण पत्र, भूमि मापी, दिव्यांग-विधवा-वृद्धा पेंशन, एवं झारखंड राज्य सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के अंतर्गत प्रदत्त सेवाओं सहित अनेक कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन लिए गए। इसके साथ ही SHG/क्लस्टर सदस्यों के बीच आईडी कार्ड वितरण भी किया गया। उपायुक्त, सरायकेला-खरसावां द्वारा सभी विभागीय पदाधिकारियों, बीडीओ एवं सीओ को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। 21 से 29 नवंबर तक संचालित इस अभियान में जिलेवासियों की सहभागिता लगातार बढ़ रही है।

## जहरीली पदार्थ खाने से महिला की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र के घोघी बेडो की एक महिला जहरीली पदार्थ खाने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घोघी बेडो निवासी बुधनी पहाड़ीन (20) ने घर में कोई जहरीली पदार्थ खाने से मूर्छित हो गई थी। आनन-फानन में परिजनों ने उसे इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती किया गया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वही घटना की सूचना मिलते ही एएसआई नीलम कुमारी सहित अन्य सशस्त्र बल सदर अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल करते हुए पोस्टमार्टम करा उनके परिजनों को सौंप दिया गया। एएसआई नीलम कुमारी ने बताई कि प्रथम दृष्टया से उनकी मौत जहरीली पदार्थ खाने से प्रतीत होता हैं। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट जानकारी मिल पाएगी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सिंगारसी में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़/अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड में स्तिथ पी एम केंद्रीय विद्यालय एएफएस सिंगारसी में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमित कुमार झा के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मौके पर विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या सौमी सरकार ने वर्षभर की उपलब्धियों को साझा करते हुए सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उत्सव का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। रंगारंग नृत्य, समूह-गान, नाटक आदि ने सभी उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति, देशभक्ति और आधुनिक रचनात्मकता का अनूठा मिश्रण दशार्या। विद्यालय में वर्षभर आयोजित शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। वहीं कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने छात्रों की ऊर्जा, अनुशासन और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क की भावना को मजबूत करते हैं। अभिभावकों ने भी विद्यालय द्वारा बच्चों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

## विधायक ने पीसीसी सड़क निर्माण का किया शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** बरहरवा-पाकुड़ विधानसभा की विधायक निसात आलम ने शुक्रवार को दरियापुर पंचायत में विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक निधि योजना मद से कॉकजोल ग्राम में साकिल के घर से आलीम के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का विधिवत फीता काटकर एवं नारियल फोड़ कर शुभारंभ किया गया। इस योजना की प्राक्कलित राशि 3 लाख रुपये तथा योजना संख्या 40/2025-26 है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक ने पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं स्थानीय मुद्दों को विस्तार से सुना। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और जनकल्याणकारी कार्यों को गति प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने ग्रामीणों को यह भी भरोसा दिलाया कि उठाई गई प्रत्येक समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, मोरसलीम खान, हजरत अली, अहदक हुसैन, कौसर, काजल, जमीरुल इस्लाम, नोबिद अंजुम, दिलदार आलम, नेहाल अख्तर, नजले, शरिक रब्बानी, अजीत कुमार रॉय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## डीसी ने भवन निर्माण निगम की योजनाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में भवन प्रमण्डल एवं झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं निमार्णाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान डीसी ने कॉरपोरेशन एवं पर्यटन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्माण कार्यों की प्रगति का नियमित अनुश्रवण करने, लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने तथा मानकों के अनुरूप कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल राजेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## दुगार्पूजा, काली पूजा एवं छठ पूजा के सफल शांतिपूर्ण एवं अनुशासित आयोजन को ले पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले में दुगार्पूजा, काली पूजा एवं छठ पूजा-2025 के सफल, शांतिपूर्ण एवं अनुशासित आयोजन के उपलक्ष्य में आज बाजार समिति, पाकुड़ में जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, परियोजना निदेशक आईटीडीए अरूण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, प्रशासक नगर परिषद अमरेन्द्र कुमार चौधरी एवं जिलेभर की पूजा समितियों के प्रतिनिधि एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि समन्वित प्रयासों एवं सरकार की योजनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ जनता तक पहुँचाते हुए पूरे डेढ़ महीने तक चलने वाले पूजा-पर्व का सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन संभव हो पाया। जिले के सभी मजिस्ट्रेट, पुलिस बल तथा नव-नियुक्त चौकीदारों ने प्रतिदिन अत्यंत निष्ठा, सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। पूर्व पुलिस अधीक्षक प्रभात सर के योगदान के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। वर्तमान पुलिस अधीक्षक मैम उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए भी धन्यवाद। सभी एसडीपीओ तथा अनेक पूजा पंडालों के निरीक्षण, ऑडिट और शांति समिति बैठकों के सफल संचालन हेतु धन्यवाद दिया। शांति समिति के सभी सदस्यों ने जिम्मेदारी और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सराहनीय भूमिका निभाई। स्वयंसेवकों, कलाकारों और कारीगरों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक एवं रचनात्मक पंडालों की प्रशंसा की गई। कई पंडालों में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश भी प्रस्तुत किए गए। जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित ब्लड डोनेशन ड्राइव में भाग लेने वाले सभी रक्तवीरों को विशेष धन्यवाद। दुगार्पूजा, काली पूजा तथा छठ पर्व– सभी आयोजनों में आस्था, अनुशासन और आध्यात्मिकता का उत्कृष्ट वातावरण देखने को मिला। बड़े पंडालों के साथ-साथ गाँवों के छोटे पंडाल भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, विशेषकर वे जो रक्तदान, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देते हैं। जिला प्रशासन के लिए यह आयोजन अत्यंत सफल रहा। लगातार पंडाल निरीक्षण, नई थीम्स का अवलोकन और जनता के बीच उपस्थिति ने संपूर्ण पर्व को अनुकरणीय बनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### कोल विस्थापितों के बीच बांटे 850 कंबल, ठंड से मिलेगी राहत



**पाकुड़/ अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड अंतर्गत संचालित बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड ने अपने कॉपोर्रेट सामाजिक दायित्व के तहत 27 और 28 नवम्बर को दो दिवसीय कम्बल वितरण अभियान चलाकर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। इस दौरान कुल 850 गर्म कम्बल परियोजना प्रभावित गांवों–बिशनपुर, चिलगो, डांगापाड़ा, सिंगदेहड़ी, चिरुदीह, सकलमा, धामनीचुआ, लिट्टीपाड़ा और पचवारा–अमरतोल — में वृद्धजनों, विधवा महिलाओं और जरूरतमंद परिवारों के बीच वितरित किए गए। तेजी से कड़ाके की ठंड बढ़ने के बीच कंपनी द्वारा वितरित किए गए ये कम्बल बुजुर्गों और विधवा महिलाओं के लिए संबल बनेंगे। गर्म कम्बल न केवल सर्द रातों में राहत देंगे, बल्कि उन्हें ठंड की मार से बचाकर स्वास्थ्य की सुरक्षा भी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान बीजीआर माइनिंग के अधिकारियों ने स्वयं गांव–गांव जाकर लाभार्थियों को कम्बल सौंपे। ग्रामीणों ने बताया कि इन पहाड़ी और दूरस्थ क्षेत्रों में सर्दी अपेक्षाकृत अधिक पड़ती है, जिससे बुजुर्गों और अकेली महिलाओं को असुविधा होती है। ऐसे में कंपनी की यह सहायता उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। 70 वर्षीय एक लाभार्थी ने भावुक होकर कहा, हम जैसे बुजुर्गों को ठंड में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। कंपनी हर साल हमारी जरूरत समझकर मदद करती है, इससे हमें बहुत सहारा मिलता है। बीजीआर माइनिंग वर्षो से स्थानीय समुदायों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका संबंधी उरफगतिविधियों के साथ–साथ जरूरत पड़ने पर राहत सामग्री भी वितरित करती रही है। कंपनी प्रतिनिधियों ने कहा कि उनका उद्देश्य परियोजना प्रभावित परिवारों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इस पहल ने फिर साबित किया है कि उद्योग केवल अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि मानवता को भी गर्माहट दे सकते हैं। कम्बल वितरण से नौ गांवों के सैकड़ों परिवारों को सर्द मौसम में बड़ी राहत मिली है।

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला की हुई मौत



**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत झगडू चौकी निवासी 65 वर्षीय वृद्ध महिला सबुनिया देवी पति स्वर्गीय रामेश्वर रविदास को अज्ञात ट्रक के धक्के से घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घंटों सड़क को जाम कर आवागमन बाधित कर मुआवजा की मांग की। जिसके बाद प्रशाशन ने समझा बुझाकर जाम हटवाई, ग्रामीणों ने प्रशाशन से मुआवजा की मांग की। वही प्रशाशन के आश्वासन के बाद जाम खत्म की गई। मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल साहिबगंज ले गई। पोस्टमार्टम करने के उपरांत पुलिस ने शव को परिजनों को सुपुर्द किया गया। वही पुलिस पदाधिकारी ने बताया की प्राथमिकी दर्ज की जा रही है जल्द ही घटना में शामिल वाहन एवं वाहन चालक को पकड़ लिया जायेगा। मृतक वृद्ध महिला अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई। वृद्ध महिला को दो बेटे, तीन बेटी है जो सभी शादीशुदा है।

### साहिबगंज में फोरलेन सड़क बनाने को लेकर विरोध

**साहिबगंज :** जिला के सदर प्रखंड के पटवर टोला, भोलिया टोला, डिहारी गांव के बीच से फोरलेन सड़क बनाने का विरोध ग्रामीण कर रहे हैं। फोरलेन बनाने के दौरान खेती भूमि व घर का अधिग्रहण हो रहा है। जिससे ग्रामीणों को कई प्रकार की परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने फोरलेन सड़क को गांव के बाहर स्थित गोचर जमीन होकर बनाने की मांग की है। इसके लिए कई माह से गांव के सामाजिक कार्यकर्ता लड़ाई लड़ रहे हैं और जिले के आलाधिकारियों से लेकर केंद्रीय मंत्रालय तक पत्राचार कर फोरलेन सड़क को गांव के बीचों–बीच बनाने पर विरोध किया गया है। इसके अलावा सामाजिक कार्यकताओं ने प्रसिद्ध सिमरतल्ला झील को पक्षी आश्रयणी के रूप में विकसित करने को लेकर केंद्रीय जलवायु व पर्यावरण विभाग से मांग की है। सामाजिक कार्यकताओं के समर्थन में अब गांव की महिलाएं भी आ गई है और उनका समर्थन कर 29 नवंबर से मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन व शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है। महिलाओं ने शुक्रवार को समाहरणालय पहुंचकर डीसी को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर रूपा भारती, सियावती देवी, श्यामा देवी, सोनी देवी, लक्ष्मी देवी, मंजू देवी, सहित अन्य महिलाएं मौजूद थी।

### झारखंड मजदूर संघ अधिवेशन को लेकर हुई अहम बैठक




**साहिबगंज :** शहर के रेलवे कॉलोनी तारा मंदिर परिसर में 10:00 बजे पूर्वाहन में झारखंड मजदूर संघ जिला अध्यक्ष प्रीतम कुमार पीयूष की अध्यक्षा में प्रस्तावित 21 दिसंबर 2025 जिला वार्षिक अधिवेशन सफलता को लेकर बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी, जिला महामंत्री मो. इमाम विश्वास और सेक्टर प्रभारी मोजम अली की देखरेख में बैठक संपन्न हुई। जिला महामंत्री मो. इमाम विश्वास ने कहा की प्रस्तावित आगामी 21 दिसंबर 2025 बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के पतना के बगल में छाता डागांल मैदान में झारखंड मजदूर संघ (प्रजातांत्रिक) का जिला अधिवेशन होना है इस कार्यक्रम की सफलता के लिए जिले के 9 प्रखंड और 3 नगर को 3 सेक्टर में बैठक की तैयारी चल रही है। शुक्रवार की बैठक में प्रखंड स्तरीय संयुक्त बैठक साहिबगंज सदर और बोरियो प्रखंड के कार्यकर्ता भाग लिए। वहीं केंद्र उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी ने कहीं की जिला वार्षिक अधिवेशन श्रमिकों को जागरूकता लाने की दृष्टिकोण से की जा रही है और यह अधिवेशन श्रमिकों के हक और अधिकार के बारे में विस्तृत चर्चा होगी। इस बैठक में सेक्टर क्षेत्र के साहिबगंज सदर प्रखंड, बोरियो प्रखंड व मंडरो प्रखंड के पदाधिकारी भाग लिए और संकल्प लिया अपने अपने क्षेत्र में अधिवेशन के बारे में बता कर अधिवेशन में भारी संख्या में पहुंचने का आग्रह करेंगे। मौके पर सुनील गुप्ता, मो. जावेद अख्तर, दिलीप हंसदा ,रोशन मुर्मू , शाहनवाज जियाउल हक, अब्दुल कयूम, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# रबी में लगायें गेहूं

**कमांड क्षेत्रों में दो फसल या आंशिक क्षेत्रों में तीन फसली कार्यक्रम के चलते आमतौर पर गेहूं की बुआई पिछड़ जाती है। पिछले 3 वर्षों से मानसून का मिजाज कुछ इस तरह बदला की खरीफ की प्रमुख फसल सोयाबीन की बुआई जुलाई की सीमा पारकर गई और उसकी कटाई में विलम्ब होने के कारण भूमि में नमी भी अपर्याप्त रह गई फलस्वरूप गेहूं की विलम्ब से बुआई करने की मजबूरी चुनौती बनकर उभरी, कपास, मिर्च, गन्ना काटने के बाद भी यही समस्या सामने रहती है। इस तरह गेहूं की पिछेती बुआई का रकबा सितंबर तक बढ़ता ही जा रहा है। उत्पादन में आंशिक फर्क ही आ पाये इस लिये पिछली गेहूं की बुआई तकनीकी का प्रादुर्भाव हुआ जिसे कृषकों को अंगीकरण करना आज की आवश्यकता बन गई है।**



## बीज दर- 125 किलो/हे.

गेहूं की फसल की बुवाई के समय 20-25 डिग्री सेल्शियस तापमान होना उपयुक्त रहता है। जिससे बीजों का अंकुरण अच्छा होता है तथा फसल का जमाव अधिक व जल्दी होता है। किंतु दिसम्बर-जनवरी माह में पिछेती गेहूं की बुवाई के समय तापमान घटकर 10 डिग्री सैल्शियस के आसपास आ जाता है जिससे बीजों का अंकुरण धीरे होता है तथा पौधों का जमाव कम व देर से होता है। अतः बीजों का जल्दी अंकुरण प्राप्त करने, अंकुरण क्षमता बढ़ाने व कम तापमान से होने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए उपयुक्त बीजोपचार करना चाहिए।

## बीजोपचार

परीक्षणों से पता चलता है कि 4-5 प्रतिशत पोटेशियम डाई सल्फेट या 0.1 प्रतिशत साइकोसिल या 2.5-3.0 प्रतिशत सोडियम क्लोराईड (साधारण नमक) के घोल में 18-24 घंटे डुबोकर बीज उपचार करने से न केवल बीजों के अंकुरण पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है बल्कि इससे पौधों का जमाव भी अधिक व जल्दी होता है। इसके अतिरिक्त पौधों में अधिक ठंड से होने वाले प्रतिकूल प्रभाव के प्रति लड़ने की क्षमता बढ़ जाती है। उपरोक्त सभी कारणों से सामान्य बीज की अपेक्षा 2-3 क्विं. प्रति हेक्टेयर की उपज में वृद्धि होती है।

बीज जनित रोगों से बचाव हेतु दो ग्राम पारद फफूंदनाशी या थायरम या दो से ढाई ग्राम मेन्कोजेब प्रति किलो बीज की दर से बीज को उपचारित कर बुवाई के काम में लें। अनावृत कण्डुआ एवं पात कण्डुआ का प्रकोप हो वहां नियंत्रण हेतु वीटावेक्स या कार्बेण्डाजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से बीज को उपचारित करें।

## बीज एवं बुवाई

अधिक बीज दर रखने के कारण कतारों की दूरी कम करके 18-20 सेंटीमीटर रखना लाभदायक रहता है. पौधों के बीच की दूरी 6 से 8 सेन्टीमीटर तक रखी जाती है। परीक्षणों से ये ज्ञात हुआ है कि गेहूं की प्रचलित विधियों की अपेक्षा क्रास (आर-पार) बुवाई से उत्पादन में 4.5 क्विं./हेक्टे. वृद्धि हो जाती है। इस विधि को अपनाने पर पौधों के बीच की प्रतिस्पर्धा कम हो जाती है। गेहूं की अधिक पैदावार लेने के लिये बीज की मात्रा व कतारों की दूरी इस प्रकार निर्धारित करनी चाहिए कि प्रति वर्ग मीटर 400-500 बाली युक्त पौधे प्राप्त किये जा सकें। बुवाई 4-5 सेन्टीमीटर की गहराई पर करना चाहिए।

पिछेती गेहूं में 130-200 किलो यूरिया, 250-280 किलो सिंगल सुपर फास्फेट तथा 33-40 किलो म्यूरेट ऑफ पोटाश प्रति हैक्टेयर की आवश्यकता होती है। मिट्टी की उर्वराशक्ति तथा बोई जाने वाली किस्म की उत्पादकता तथा पिछेती गेहूं से पूर्व में ली गई फसल के अनुसार नाइट्रोजन, फास्फोरस व पोटाश की मात्रा कुछ घटाई-बढ़ाई जा सकती है। तापक्रम कम होने के कारण मृदा में उपस्थित फास्फोरस की उपलब्धता कम हो जाने के कारण गेहूं की प्रारंभिक बढ़वार कम होती है इसलिये पिछेती गेहूं की अच्छी उपज लेने के लिये फास्फोरस का प्रयोग अत्यंत आवश्यक है. जस्ते की कमी वाले क्षेत्रों में, विशेषकर धान-गेहूं फसल पद्धति अपनाई जाती हो, बुवाई से पूर्व प्रति हेक्टेयर 25 किलो जिंक सल्फेट या 10 किलो चिलेटेड जिंक नाइट्रोजन के साथ मिला कर दें। जिन खेतों में मैंगनीज की कमी पायी जाये वहां बुवाई के समय 20 किलो मैग्नीज सल्फेट उर्वरकों के साथ ऊर कर दें. फास्फोरस तथा पोटाश की पूरी मात्रा तथा नाइट्रोजन की भारी मिट्टी में आधी तथा हल्की रेतीली मिट्टी में एक तिहाई मात्रा बुवाई के समय ऊर कर दें। भारी मिट्टी के लिये शेष आधी मात्रा पहली या दूसरी सिंचाई के साथ दें। खड़ी फसल में नाइट्रोजन सामान्यतः पहली सिंचाई की अपेक्षा दूसरी सिंचाई के बाद देना लाभप्रद है।

हल्की मिट्टी में शेष बची दो तिहाई मात्रा में से एक तिहाई पहली सिंचाई तथा एक तिहाई दूसरी सिंचाई के साथ यूरिया उर्वरक के रूप में दें। पहली सिंचाई बुवाई के 25-27 दिन बाद दें। किंतु मध्य फरवरी के बाद तापमान बढ़ जाता है व बालियां निकलने के बाद से फसल पकने तक फसल को गर्म व कुछ तेज हवाओं का सामना करना पड़ता है जिससे फसल की जल मांग भी बढ़ जाती है साथ ही दूधिया अवस्था, फूल आने की अवस्था तथा दाना सख्त होने की अवस्था सिंचाई हेतु क्रान्तिक अवस्थायें होती हैं। अतः इस समय भूमि में पर्याप्त नमी का होना अति आवश्यक है। अतः इस समय सिंचाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए अन्यथा दाना पतला पड़ जाता है फलस्वरूप उपज कम होने का भय रहता है। इन चारों अवस्थाओं के अतिरिक्त गेहूं की कल्लों के अच्छी तरह निकल जाने की अवस्था तथा तने में गांठें बनने की अवस्था भी सिंचाई की दृष्टि से क्रान्तिक अवस्थायें होती हैं। अतः इस समय भी खेत में नमी की कमी नहीं होनी चाहिए। सिंचाई हल्की करना चाहिए। विशेषकर फूल आने के बाद जिससे मार्च-अप्रैल में चलने वाली गर्म व तेज हवाओं से फसल आड़ी न गिर पाये। कुल मिलाकर पिछेती गेहूं में समय से बुवाई की अपेक्षा 1-2 अधिक सिंचाईयों की आवश्यकता होती है।



## बुवाई का उपयुक्त समयः-25 दिसम्बर तक

किस्मों का चुनावः पिछेती गेहूं के लिये गेहूं की किस्मों का चयन करते समय विशेष ध्यान रखना चाहिए। पिछेती बुवाई के लिये उन किस्मों को बोना चाहिये जो कम समय में पकने वाली हों क्योंकि देरी से बुवाई करने पर पकते समय तापक्रम अधिक होने से पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतः कम समय में पकने वाली किस्मों को बोने से स्थानीय तापक्रम बढ़ने से पहले पकने लग जायेगी तथा इसकी पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। पिछेती गेहूं की बुवाई के लिये कई किस्मों को बोने की सिफारिश की गई है जिनमें राज 3777, राज 3765, राज 3077, एच.डी. 2285. एन.डी.2236, राज 2184, लोक-1, जी.डब्ल्यू.173, जी. डब्ल्यू. 273, एच.आई. 8498, डी. एल. 803, डीएल 788-2, आभा, जे.डब्ल्यू 4010, एम.पी. 1202 इत्यादि.



# चना फसल से बढ़ेगा उत्पादन

**चना रबी मौसम की प्रमुख दलहनी फसल है। चने में लगने वाली इल्ली व उकठा रोग का प्रकोप इसकी उत्पादकता में प्रमुख बाधा है साथ ही कुछ क्षेत्रों में परम्परागत पुरानी किस्मों का उपयोग भी कम उत्पादकता का कारण है।**



## खेत की तैयारी

खरीफ मौसम के खाली पड़े खेतों में सितम्बर में या अक्टूबर के प्रारंभ में बार-बार जुताई करें ताकि बारिश की नमी का संरक्षण हो सके। खेत से कचड़ा आदि एकत्र कर नष्ट कर देना चाहिए व पाटा लगाकर बुवाई का कार्य करें। अथवा पलेवा लगाकर बोनी करें।

## उर्वरकों का उपयोग

दलहनी फसल होने के कारण चने को 743 कि.ग्रा. यूरिया व 373 कि.ग्रा. सिंगल सुपर फास्फेट की आवश्यकता सिंचित अवस्था में होती है एवं असिंचित अवस्था में 20 कि.ग्रा. यूरिया व 187 कि.ग्रा.फास्फेट, अंतिम जुताई से पूर्व एक कि.ग्रा. पी.एस.बी. कल्चर को 50 कि.ग्रा. गोबर की खाद में मिलाकर खेत में भुरकाव करने से अच्छे परिणाम मिलते हैं।

## उन्नतशील प्रजातियाँ

बीज, फसल उत्पादन का महत्वपूर्ण आदान हैं। अतः बुवाई पूर्व स्वस्थ, सुडौल, रोग रहित प्रजातियों का बीज एकत्र कर रख लेना चाहिए।

## बीज दर एवं बीजोपचार

देशी चने का 75 कि.ग्रा. जबकि बड़े आकार के काबुली चने की 125 कि.ग्रा. मात्रा प्रति हे. के मान से उपयोग करना चाहिए ताकि एक वर्गमीटर क्षेत्र में 25-30 पौधे हों। बुवाई के समय लाइन से लाइन की दूरी 30 से.मी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 से.मी. होना चाहिए. बोनी से पूर्व बीज को कार्बेन्डाजिम अथवा कार्बोक्सिन की 2 ग्राम मात्रा द्वारा प्रति कि.ग्रा. की दर से उपचारित करें. तत्पश्चात् राइजोबियम व पी.एस.बी. कल्चर से बीज का निवेशन करें इस हेतु 250 ग्राम गुड़ के घोल में कल्चर मिलाकर फिर बीज को उपचारित करें।

## अन्य शस्य क्रियाएं

बुवाई के 25-30 दिन बाद निंदाई कर घास निकालें. ताकि नमी का ह्रास न हो। इसी समय चने की खुटाई करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक शाखायें निकल सकें।

बुवाई से पूर्व खेत में भलीभांति तय कर लें कि पर्याप्त नमी है तभी बुवाई करें। चने की फसल में 45-60 दिन के भीतर सिंचाई करें। ध्यान रहे कि फूल आते समय सिंचाई न करें। हल्की भूमि में नमी की कमी होने पर फली लगते समय भी सिंचाई की जानी चाहिए।

## कटाई, गहाई व उपज

परिपक्व अवस्था में आने पर फलियाँ सूखकर पीली पड़ती हैं एवं पत्तियाँ झड़ने लगती हैं। इस समय कटाई करना चाहिए। फसल की कटाई कर 2-3 दिन तक खेत में पड़ा रहने दें तत्पश्चात् गहाई करें। इस प्रकार 15-20 क्विं. किस्मों के अनुसार उत्पादन मिलता है। दानों को भलीभांति सुखाकर 8-10 प्रतिशत नमी पर भंडारित करना चाहिए।



## किस्म

जे.जी. 315
जवाहर 218 जे.जी. 130 जे.जी. 412
जे.जी.16 जे.जी.11 जे.जी. 74 1 आईसीसीव्ही.10 (विजय)
भारती जे.जी.1
जे.जी.के.1

# 10 लाख महिलाओं के खातों में डाले गए 10-10 हजार





हमने जो भी वादे किए हैं सभी पूरे करेंगे। पहले वाली सरकार ने कोई काम नहीं किया। केंद्र सरकार भी हमारी पूरी मदद कर रही है। महिलाओं के लिए पहले भी किया, अब भी कर रहे हैं। आगे भी करते रहेंगे।

**नीतीश कुमार**
मुख्यमंत्री, बिहार

**पटना।** दिल्ली में कांग्रेस ने गुरुवार को हार पर मंथन किया। बैठक में कैंडिडेट्स के बीच जमकर हंगामा हुआ। एक दूसरे को गोली मारने तक की धमकी दी गई। बिहार चुनाव में हार का ठीकरा तेजस्वी पर भी फोड़ गया। कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के इस्तीफे की भी खबर है। इधर, सरकार बनने के बाद पहली बार आज नीतीश कुमार महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपए ट्रांसफर किए।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10 लाख और जीविका दीदियों के खाते में 10-10 हजार रुपए की राशि ट्रांसफर की।इस कार्यक्रम में बिहार के अलग-अलग जिलों से जीविका दीदियां जुड़ीं। एक दीदी ने कहा कि, मैंने भगवान से प्रार्थना की थी कि इस बार चुनाव में नीतीश भइया ही जीतें। देखिए आप जीत गए।ये सुनकर मुख्यमंत्री मुस्कुरा दिए। मंत्री विजय चौधरी ने कहा, आपने प्रार्थना की इसके लिए सरकार भी आपको धन्यवाद देती है। बाकी दीदियों ने भी मुख्यमंत्री को योजना के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान महिलाओं को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा, पहले 1 करोड़ 46 लाख महिलाओं ये राशि दी जा चुकी है। कुल मिलाकर 1 करोड़ 56 लाख महिलाओं को इसका फायदा पहुंचाया गया है।

जो महिलाएं अपना अच्छा काम करेंगी उन्हें 2 लाख तक की मदद दी जाएगी। जो महिलाएं बची हैं उन्हें अगले महीने तक राशि दे दी जाएगी।इससे पहले नीतीश सुबह अचानक सचिवालय पहुंचे। उन्होंने घूम-घूमकर ऑफिस देखे। विभागों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए। दिल्ली में बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार की समीक्षा बैठक में जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस के बड़े नेताओं की मौजूदगी में प्रत्याशियों के बीच गाली-गलौज से लेकर गोली मारने की धमकी दी गई। इसके बाद राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद पार्टी की ओर से आधिकारिक बयान आया। पार्टी ने कहा-बिहार चुनाव में हमारे वोट चोरी हो गए फिर भी कांग्रेस का वोट बढ़ गया है। कुछ कैंडिडेट्स ने हार का ठीकरा तेजस्वी पर भी फोड़ा। चर्चा है कि, पार्टी नेतृत्व की ओर से उम्मीदवारों की रिपोर्ट लेने से पहले ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने इस्तीफा दे दिया। हालांकि, पार्टी नेतृत्व की ओर से इस इस्तीफे पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पक्ष जानने की कोशिश भास्कर की ओर से की गई, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

## संक्षिप्त डायरी

## प्राइवेट फायर एंड सेफ्टी एकेडमी को बुलडोजर से तोड़ा



**दरभंगा।** में जमीन विवाद में फायरिंग और तोड़फोड़ की गई है। एक पक्ष के लोगों ने प्राइवेट फायर एंड सेफ्टी एकेडमी को बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया। कॉलेज में स्टूडेंट भी रह रहे थे। 4-5 छात्रों के घायल होने की भी सूचना है। तोड़फोड़ की सूचना पर कॉलेज के संचालक रहबर आलम अपने बेटों के साथ मौके पर पहुंचे। उन पर भी फायरिंग की बात सामने आ रही है। घटनास्थल से 2 खोखे बरामद हुए हैं। तोड़फोड़ फायरिंग की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क उठा। तारसराय मुरिया-रैयाम-जीरो माइल सहित पांच जगहों पर सड़क जाम कर दिया। दोषियों की गिरफ्तारी और तत्काल कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। करीब डेढ़ घंटे तक रोड जाम रखा। इस दौरान देने लेन में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। घटना बालपट्टी थाना क्षेत्र के मुड़िया की है। संचालक रहबर आलम ने कहा कि मुड़िया निवासी सद्दाम और नेमतुल्लाह (राजा भट्ठा मालिक का बेटा) ने कॉलेज पर हमला किया है। 10 साल से मुझे परेशान किया जा रहा है। जेसीबी लाकर मेरे पूरे घर को तबाह कर दिया गया। अगर 24 घंटे में कार्रवाई नहीं हुई तो हम लोग धरने पर बैठ जाएंगे। कई छात्र भी घायल हुए हैं। जाम की सूचना पर सदर एसडीपीओ राजीव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। लोगों को समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। उन्होंने बताया कि मामला जमीनी विवाद का प्रतीत होता है। एक पक्ष की ओर से जबरन तोड़फोड़ की गई है, जो साफ दिख रहा है। आवेदन के आधार पर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर फायरिंग की पुष्टि होती है, तो संबंधित आरोपियों पर अतिरिक्त धाराएं लगाई जाएंगी। मौके से दो खोखा बरामद होने की बात भी स्वीकार की है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि घटना पूर्व नियोजित थी या किसी ने बदमाशी की नीयत से अंजाम दिया है। पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है।

## पालीगंज सब्जी बाजार का स्थान बदला गया




**पटना।** जिले के पालीगंज में लंबे समय से चली आ रही यातायात जाम और सड़क पर अव्यवस्था की समस्या को देखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। बाजार रोड पर लगने वाले दैनिक सब्जी बाजार को अब पानी टंकी के पास एक नए स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है। इस कदम से क्षेत्र में यातायात सुगम होने और धूल की समस्या कम होने की उम्मीद है। पुराने बाजार में भीड़ और जाम से भारी परेशानी पुराना सब्जी बाजार सुबह से शाम तक भारी भीड़ और वाहनों की लंबी कतारों का कारण बनता था, जिससे मुख्य सड़क का अधिकांश हिस्सा अवरुद्ध रहता था। नए स्थल पर बाजार अधिक खुला और व्यवस्थित है, जिससे विक्रेताओं और खरीदारों दोनों को सुविधा होगी। मुख्य सड़क हुई पूरी तरह खुली बाजार के पुराने स्थान पर होने से विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों, कार्यालय कर्मचारियों और दैनिक यात्रियों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। स्थानांतरण के बाद मुख्य सड़क पूरी तरह से खुली दिखाई दी है, जिससे आवाजाही आसान हो गई है। बाजार हटते ही धूल की समस्या में आई कमी पहले सब्जी बाजार के बीच से गुजरने पर धूल-कणों की अधिकता रहती थी, जिससे स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ रही थीं। बाजार हटने से सड़कें साफ-सुथरी दिख रही हैं और हवा में धूल का स्तर भी कम हुआ है, जिससे पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों को लाभ हुआ है। विक्रेताओं को मिल रही बेहतर सुविधा सब्जी विक्रेता शंभु महतो ने बताया कि उन्हें नए स्थान पर सारी सुविधाएं मिल रही हैं। दुकानदार दीपक ने भी कहा कि यहाँ पर्याप्त जगह होने के कारण लोग बढ़िया से खरीदारी कर पा रहे हैं। विक्रेताओं का कहना है कि खुले स्थान के कारण दुकानें आसानी से लगाई जा रही हैं और खरीदारों को भी भीड़भाड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने बदलाव को लेकर राहत व्यक्त कीस्थानीय लोगों ने इस कदम पर राहत व्यक्त की है। स्थानांतरण के बाद सुबह से ही दुकानदार नए स्थल पर पहुंचने लगे और बाजार सुसंगठित तरीके से स्थापित हो गया। बाजार के स्थानांतरण के दौरान उमेश कुमार, राजीव, अविनाश कुमार और प्रियांशु उपस्थित रहे, जिन्होंने व्यवस्था सुनिश्चित करने में सहयोग किया।

## पटना के मुन्नाचक में रिसेप्शन पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग



**पटना।** के चित्रगुप्त नगर में गुरुवार देर रात हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है। शादी के रिसेप्शन पार्टी में हर्ष फायरिंग के दौरान एक मासूम को गोली लगी है। फिलहाल, घायल को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दूल्हा पक्ष के लोगों से घटना को लेकर पूछताछ की गई।मुन्नाचक में रिसेप्शन पार्टी की घटना यह घटना गुरुवार देर रात लगभग 11:30 बजे का बताया जा रहा है। मुन्नाचक में रिसेप्शन पार्टी चल रही थी। इसी दौरान दूल्हा पक्ष की ओर से एक युवक हवाई फायरिंग करने लगा। तकरीबन 6 से 7 राउंड उसने फायरिंग की। इसी बीच एक गोली 6 साल के बच्चे के पांव में लग गई, जिसे परिजन अस्पताल लेकर भागे। इस घटना के बाद रिसेप्शन पार्टी में भगदड़ मच गई। आरोपी की हुई पहचान अरढ सदर अभिनव कुमार ने बताया, 'मुन्नाचक में गुलशन नाम के शख्स की रिसेप्शन पार्टी चल रही थी। इसी दौरान पार्टी में शामिल एक शख्स ने हवाई फायरिंग किया। गोली एक 6 वर्षीय मासूम के पांव में लग गई। फिलहाल, आरोपी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# 100 की स्पीड में स्कॉर्पियो ने घोड़े-घुड़सवार को उड़ाया



**बेगूसराय।** में शादी के बाद घोड़े के साथ लौट रहे घुड़सवार को स्कॉर्पियो ने उड़ा दिया। मौके पर ही घोड़े और घुड़सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिहमा गोसाईं टोला के 21 साल के वशिष्ठ कुमार के रूप में हुई है।वशिष्ठ के साथ 2 और घुड़सवार शादी से लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि स्कॉर्पियो की स्पीड 90-100 के आसपास थी। हम दोनों साइड में चल रहे थे। वशिष्ठ सड़क के बीच में था, सामने से सफेद रंग की स्कॉर्पियो आई उसे उड़ा दिया।टक्कर लगते ही वो हवा में 10 फीट उछलते हुए सड़क पर गिरा। वो घोड़े के ऊपर बैठा था, इसलिए घोड़ा भी 5 फीट दूर जा गिरा। हादसे के बाद हमने जाकर देखा तो दोनों की मौत हो चुकी है।स्कॉर्पियो का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया। इसके बाद डायल 112 को इसकी सूचना दी। खड्ड की मदद से घोड़े को सड़क से हटाया गया।पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया गया है। हादसा मटिहानी थाना क्षेत्र में गुरुवार रात हुआ।वशिष्ठ के चाचा राजेश कुमार ने बताया कि, 'वो 2 भाइयों में बड़ा था। परिवार का कमाऊ सदस्य था। घोड़ा के सहारे परिवार का भरण पोषण करता था। वह शादी सहित समारोह में प्रदर्शन के लिए घोड़ा लेकर जाता था। उससे जो पैसा मिलता था, उससे उसका घर चलता था।गुरुवार को अपने गांव के पांच लोगों के साथ घोड़ा लेकर पर्रा गांव एक शादी में गए थे। रात में बारात दरवाजे पर लगने के बाद वह घर लौट रहा था। रास्ते में पर्रा के पास सामने से आ रही ओवर स्पीड स्कॉर्पियो ने कुचल दिया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जोरदार थी कि घोड़ा और वशिष्ठ दोनों सड़क पर गिर गया। स्कॉर्पियो का भी अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस बीच ड्राइवर मौके से भाग निकला। साथ चल रहे घुड़सवारों ने डायल-112 पर फोन किया। वीरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।' पंचायत के पूर्व मुखिया ने जताया दुख वहीं, हादसे की जानकारी मिलने के बाद बीजेपी नेता और सिहमा पंचायत के मुखिया संजीव सिंह सदर हॉस्पिटल पहुंचे। परिवार का ढांढस बंधाया। घटना पर दुख जताते हुए कहा कि वशिष्ठ अच्छा घुड़सवार था। काफी मिलनसार था। तेज रफ्तार ने उसकी जान ले ली। प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग करते हैं।

# सीवान जेल से रची गई ज्वेलरी लूटकांड की साजिश




**सीवान।** के रघुनाथपुर में ज्वेलरी शॉप से 30 लाख की लूट हुई। कृष्णा ज्वेलर्स खुलने के थोड़ी देर बाद 2 बाइक से 6 अपराधी आए। कृष्णा ज्वेलर्स के मालिक कृष्णा सोनी ने बताया कि वो गुरुवार की दोपहर 12 बजे के आसपास बेटे अंकित के साथ दुकान पर थे। दो महिलाएं ज्वेलरी खरीद रही थीं। 12:05 पर दो अपाचे बाइक पर सवार 6 युवक दुकान पर पहुंचे। एक ने पिस्तौल कनपटी पर लगा दी। दूसरे ने बेटे को जान से मार देने की धमकी देकर अलमीरा की चाबी छीन ली। फिर बंधक बनाकर 2 मिनट में सारे आभूषण बोरे में भर लिए। हमने शोर मचाया तो एक अपराधी दुकान में ही गोली चलाने लगा। टारी बाजार रघुनाथपुर मुख्यालय से सिर्फ 10ङट दूर और घनी आबादी वाला इलाका है।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जब बदमाश हथियार लहराते हुए आए, तब आसपास पुलिस तो दूर, कोई सुरक्षा व्यवस्था नजर नहीं आई। अपराधियों को माल समेटने और फायरिंग करते हुए भागने में कुल 2-3 मिनट लगे, लेकिन पुलिस के पहुंचने में काफी देर हो गई।जेल से रची गई साजिशगुरुवार को दिनदहाड़े रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के टारी बाजार में हुई लूट की यह पूरी घटना जेल से जुड़ी है। जेल में बंद कुख्यात रणजीत इस लूट का मास्टरमाइंड है। उसे जमानत के लिए रुपए चाहिए थे। इसी को जुटाने के लिए उसने जेल से ही इस लूट की प्लानिंग की। अपने गुर्गों की मदद से उसने लूट कराई।फास्ट फूड दुकानदार दुर्गा प्रसाद ने बताया कि, मैं अपने ठेले पर काम कर रहा था तभी 2 बाइक पर सवार 6 नकाबपोश बदमाश पहुंचे। 3 अपराधी दुकान में घुस गए और 3 बाहर खड़े होकर लगातार हवाई फायरिंग करते रहे।उन्होंने मुझ पर भी गोली चलाई, लेकिन मैं ठेले के नीचे बैठ गया जिससे जान बच गई। स्थानीय लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए अपराधियों पर ईंट-पत्थर फेंके, जिसके बाद बदमाश चैनपुरहसनपुरा की ओर भागने लगे। कुछ युवकों ने साहस का परिचय देते हुए पीछा किया और एक अपराधी को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। दुकान के मालिक कृष्णा सोनी ने बताया कि, 'मैं अपने बेटे अंकित और 2 ग्राहकों के साथ बैठा था, तभी 3 हथियारबंद अपराधी अंदर घुसे और कान पर बंदूक तानते हुए गहने और पैसे की मांग की। मैंने डर के मारे सब कुछ उनको सौंप दिया। लुटेरे 20 हजार कैश और लगभग 30 लाख के सोनेझचांदी के आभूषण बोरे में भरकर ले गए। लूटे गए सामान में करीब 300 ग्राम सोना और 4-5 किलो चांदी शामिल है। शादी का सीजन होने के कारण दुकान में घर की महिलाओं के गहने भी रखे गए थे, जिन्हें भी अपराधी उठा ले गए।' बेटे अंकित सोनी ने बताया कि, 'मैं मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था तभी एक अपराधी के द्वारा आकर गाल पर जोड़ से थप्पड़ मारा और गोली मारने की बात बोली, जिसके बाद मेरे पापा ने गोली नहीं मारने की विनती की, मेरे पापा ने डरकर कहा मैं सब कुछ तुम्हें दे दूंगा। इसके बाद वे लोग ज्वेलरी और कैश एक बोरा में भरकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई और कुछ युवकों ने पीछा किया और एक अपराधी को पकड़ लिया।' SP मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि दुकान मालिक के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और रउ्ढड के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी चल रही है। अब तक एक अपराधी की गिरफ्तारी हुई है और उसके बयान के आधार पर अन्य की तलाश जारी है। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार होने वाली आपराधिक घटनाओं के बावजूद पुलिस केवल बयानबाजी तक सीमित रहती है। घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और अपराधी बेखौफ होते जा रहे हैं। घटना के बाद दुकान मालिक ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, लेकिन स्थानीय लोगों में नाराजगी इस बात को लेकर है कि पुलिस की सक्रियता बेहद कमजोर रही। बाजार इतना घना होने के बावजूद अपराधी बिना किसी खौफ के हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले। लोगों का कहना है कि गश्त की व्यवस्था केवल कागजों में है, जमीन पर नहीं। अगर पुलिस की पेट्रोलिंग ठीक रहती तो अपराधियों का इस तरह खुलेआम वारदात कर निकल जाना नामुमकिन होता।

## ऑटो में लड़के इधर-उधर छूते हैं, गंदे कमेंट्स करते हैं



**पटना।** 'बिहार के डिप्टी CM सम्राट चौधरी ने गृह मंत्री बनते ही एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पिंक पुलिस की तैनाती का ऐलान किया है। अब स्कूल और कॉलेजों के पास पुलिस तैनात रहेगी। डिप्टी CM ने कहा कि अब रोमियो की खैर नहीं। इस फैसले से पटना के कॉलेजों में पढ़ रही छात्राएं काफी खुश हैं। उन्होंने बताया कि ऑटो में लोग हमें छूने की कोशिश करते हैं। सीने पर दुपट्टा होने के बाद भी गंदी नजरों से देखते हैं। सरकार के इस फैसले से लड़कियों में कॉन्फिडेंस आएगा, वह डरा हुआ महसूस नहीं करेंगी। इसके साथ ही हमें ऐसा लगेगा कि कोई गार्जियन के जैसा हमें सपोर्ट कर रहा है।संगम कुमारी ने बताया, 'सम्राट चौधरी का यह फैसला बहुत सही है। इस फैसले से लड़कियों के अंदर कॉन्फिडेंस आएगा और वो डरी हुई महसूस नहीं करेंगी। मैंने एक लड़की होते हुए कई बार असुरक्षित महसूस किया है। कॉलेज से जब ऑटो में बैठती हूं और अकेले रहती हूं तो ड्राइवर सुनसान रास्तों से ले जाने की कोशिश करता है। लड़कों का नेचर पता नहीं होता है कि वह किस नजर से देख रहे हैं।' अनुराधा ने कहा, 'सम्राट चौधरी ने लड़कियों की सेफ्टी को लेकर बहुत अच्छी बात बोली है। हम लोगों को भी कॉलेज के बाहर निकलने पर काफी प्रॉब्लम होती है। कई बार तो लड़कों के कमेंट सुनकर अनसुना करना पड़ता है। अगर सरकार हमें सेफ्टी दे रही है तो हम उनका आभार व्यक्त करते हैं।' किया मंडल ने कहा, 'महिलाओं को कॉलेज से निकलने के बाद कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह फैसला गर्ल सेफ्टी के लिए काफी जरूरी है। मेरी एक सहेली कॉलेज से लाल ड्रेस पहनकर बिना दुपट्टा के जा रही थी तो एक लड़के ने कमेंट करते हुए कहा कि देखो लाल परी जा रही है। यह सारी बातें काफी डिस्टर्ब करती हैं।' अनंदिता दिव्या ने कहा, 'मैं सरकार के इस फैसले से पूरी तरह सहमत हूं। हमें बाहर बहुत कुछ सुनने को मिलता है जो हम अपने घर पर नहीं बता सकते हैं। अगर कोई गार्जियन के जैसे मेरे सपोर्ट में रहेंगे तो इससे हमें बाहर निकलने में बहुत कॉन्फिडेंस मिलेगा और डर भी नहीं लगेगा।डिप्टी CM सम्राट चौधरी ने महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि 'एंटी रोमियो स्क्वॉड' यूपी मॉडल पर तैयार किया जाएगा। हर स्कूल-कॉलेज के छुट्टी के समय पिंक पुलिस तैनात रहेगी और किसी भी तरह की छेड़खानी पर सीधे कार्रवाई होगी। डिप्टी CM ने साफ कहा था कि अगर किसी भी महिला से छेड़खानी हुई तो आरोपी तो गिरफ्तार होगा ही, लेकिन लापरवाही करने वाली पुलिस पर भी कार्रवाई होगी।

## पूर्णिया में 2 टन प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली बरामद

**पूर्णिया।** में डंगराहा ओपी की पुलिस और मत्स्य विभाग ने दो मिनी ट्रक पर लदे 2 टन प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली को नष्ट कराया है। मत्स्य विभाग पटना से पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र से प्रतिबंधित मछलियों की बड़ी खेप गुजरने वाली है। ओपी पुलिस ने नाकाबंदी कर दोनों मिनी ट्रकों को पकड़ा और इस पर लदे 2 टन मछलियों को नष्ट कराया। पुलिस ने मौके से पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के रहने वाले ड्राइवर मो.आमिन, सुरजापुर निवासी मो. इमदाउल हक, देवाशी दास और अनिमेश गुप्ता को पकड़ा। बाद में पीआर बाउंड पर छोड़ दिया गया। मामला बायसी थाना क्षेत्र के डंगराहा ओपी से जुड़ा है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई बायसी थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मत्स्य विभाग की ओर से जानकारी मिली थी कि मिनी ट्रक में भरकर प्रतिबंधित मछली की खेप डंगराहा ओपी क्षेत्र से होकर गुजर रही है। मिली सूचना पर पुलिस हरकत में आई।

# आलम ने जबरन संबंध बनाए, गौमांस खाने को कहता था

## महिला बोली- पेपर पर लिखवाया- 3 महीने मेरी हो; उसकी पत्नी कहती- इसे पीटो, मुस्लिम बनाओ





आलम मेरे साथ जबरन संबंध बनाता था। विरोध करने पर मारपीट करता था। उसकी पत्नी सब जानती थी। वो कहता था 3 महीने की डील हुई है तुमको मैं जो कहूंगा करना होगा

**पीड़ित महिला**

**अररिया।** में एक शादीशुदा महिला ने आलम नाम के शख्स पर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि आलम उसे जबरन घर से ले गया और एक महीने अलग-अलग जगहों पर बंधक बनाकर रखा।महिला का आरोप है कि आलम उसे गौमांस खाने को कहता था। नमाज भी पढ़वाता था। जब मैं भगवान का नाम लेती थी तो वो थप्पड़ मारता था।आलम की पत्नी कहती थी, इसके इसके साथ शारीरिक संबंध बनाओ और मुस्लिम बनाओ। महिला का कहना है कि आलम मेरे पति का दोस्त है। उसने दोस्ती की आड़ में पति के मोबाइल से मेरा नंबर ले लिया था। वो 2 बार मुझे दिल्ली भी ले गया था।अररिया व्यवहार न्यायालय में गुरुवार को फारबिसगंज थाना क्षेत्र की एक विवाहित महिला ने 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। महिला का कहना है कि, नरपतगंज थाना क्षेत्र के पलासी गांव निवासी आरोपी मो. आलम आजाद ने उसे फोन पर झांसा दिया कि उसकेपति ने उसे बुलाया है।विश्वास में आकर वह घर से निकली तो आलम आजाद उसे जबरन अपनी कार में बैठाकर सुपौल जिले के वीरपुर प्रखंड के भीमपुर गांव ले गया। वहां उसने दो दिन तक मेरे साथ रेप किया। महिला का कहना है मैं पढ़ी नहीं हूं। इसका फायदा उठाकर उसने मुझसे एक पेपर पर साइन करवा लिया। किसी ने मुझे बताया कि उसने तुमसे उस कागज पर साइन करवा है, जिसमें लिखा है कि तुम 3 महीने तक उसके साथ रहने को तैयार हो। मैंने जब इसका विरोध किया तो वो मुझसे मारपीट करने लगा। वो कहता था कि 3 महीने के लिए तुम मेरी हो।2 बार दिल्ली ले गया, वहां भी संबंध बनाया महिला का कहना है कि कुछ दिनों तक उसने मुझे अपने घर में रखा। उसकी बीबी भी वहीं रहती थी। जब भी मैं आलम के साथ संबंध बनाने से मना करती थी वो मारपीट करता था। उसकी पत्नी कहती थी इसको गौमांस खिलाकर मुस्लिम बनाओ।मेरे विरोध करने पर वो मेरे बच्चों और पति को मार देने की धमकी देता था। एक दिन वो फारबिसगंज से मुझे सहरसा ले गया। वहां से वो मुझे दिल्ली ले गया। दिल्ली में भी वो मेरे साथ जबरदस्ती करता था। कुछ दिनों पहले वो मुझे दिल्ली से लेकर फिर अपने घर लौटा। बुधवार(26 नवंबर) को मैंने आलम से कहा कि मुझे जाने दो वरना मैं अब सुसाइड कर लूंगी। मैंने आलम से यह भी कहा कि मैं किसी से कुछ नहीं कहूंगी ना ही तुम्हारी किसी से शिकायत करूंगी। इसके बाद उसने मुझे जाने दिया। गुरुवार को मैंने कोर्ट में उसके खिलाफ केस किया है। 2 बच्चों की मां है प्रेमिकामहिला का कहना है कि, 2009 में मेरी शादी हुई थी। मेरे दो बेटे हैं। महिला के मुताबिक उसके पति पूर्णिया में एंबुलेंस चालक हैं। वो अररिया में 2 बेटों और सास के रहती है। पति पूर्णिया में ही रहते हैं, वो छुट्टी मिलने पर आते हैं। महिला ने बताया कि, आलम मेरे पति के साथ कभी कभी घर आता था। उसने एक दिन मेरे पति के मोबाइल से मेरा नंबर निकाल लिया। उसके बाद वो फोन करने लगा। बिना बताए वो मेरे घर भी आ जाता था। मैंने इसके लिए उसे मना भी किया था, लेकिन वो नहीं मानता था। उसने मेरे साथ गलत किया है। मुझे इंसाफ मिलने चाहिए।



# महिला-प्रधान फिल्म होगी कल्याणी प्रियदर्शन की अगली फिल्म

तमिल अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म लोका ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की और उन्हें पैन-इंडिया स्टार के रूप में मजबूती भी दी। इस सफलता के बाद दर्शक और फैंस अब उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। इस कड़ी में उनकी नई फिल्म की आधिकारिक जानकारी सामने आई है, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कल्याणी प्रियदर्शन की अगली फिल्म की खास बात यह है कि यह महिला-प्रधान कहानी है। फिल्म की पूरी कहानी एक महिला पात्र के इर्द-गिर्द घूमेगी और उसकी भावनाओं, संघर्षों और सफर को मुख्य रूप से दिखाया जाएगा। अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म का निर्देशन थिरियम एस. एन. कर रहे हैं, जो इस फिल्म के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण पोटेंशियल स्टूडियोज कर रहा है। यह फिल्म उनका सातवां प्रोजेक्ट है और इससे पहले वे माया, मानगरम, मॉन्स्टर, तानक्करन, इरुगापत्रु और ब्लैक जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। इन सफल फिल्मों के चलते दर्शकों का विश्वास इस बैनर पर पहले से ही बना हुआ है, और उम्मीद की जा रही है कि उनकी यह नई फिल्म भी उसी गुणवत्ता को आगे बढ़ाएगी। कल्याणी प्रियदर्शन की कामयाबी और पोटेंशियल स्टूडियोज की लगातार सफल फिल्मों की सीरीज ने इस नए प्रोजेक्ट को पहले ही एक बड़े स्तर पर पहुंचा दिया है। दर्शक यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि कल्याणी इस बार किस तरह का किरदार निभाएंगी। फिल्म में कल्याणी के साथ देवदर्शिनी और नान महान अल्ला फेम विनोद किशन भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म की शूटिंग चेन्नई में शुरू हो चुकी है। फिल्म के डायलॉग्स प्रवीण भास्कर, श्री कुमार और खुद निर्देशक थिरवियम ने मिलकर लिखे हैं। संगीत की कमान तमिल फिल्म जगत के उभरते हुए संगीतकार जस्टिन प्रभाकरन ने संभाली है, जिनकी धुनें हमेशा दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ती हैं।



# नेचुरोपैथी का समर्थन करने के बाद हुई ट्रोलिंग पर सोनाली बेंद्रे ने तोड़ी चुप्पी

सोनाली बेंद्रे कैंसर सर्वाइवर हैं। उन्होने 2018 में इस खतरनाक बीमारी के खिलाफ जंग लड़ी। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि कैंसर से जंग में नेचुरोपैथ भी उनके लिए काफी मददगार साबित हुई। इसके बाद वे मेडिकल प्रोफेशनल्स के निशाने पर आ गईं। डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स ने उनकी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने सोनाली की पोस्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि, आपका कैंसर कीमोथेरेपी, रेडिएशन और सर्जरी से ठीक हुआ, ना कि नेचुरोपैथी से। आलोचनाओं और सवाल के बाद सोनाली बेंद्रे ने चुप्पी तोड़ी है और सोशल मीडिया पर एक और पोस्ट शेयर किया है।

## सोनाली ने नेचुरोपैथी को लेकर क्या कहा था?

सोनाली बेंद्रे ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किए गए एक पोस्ट में लिखा था, साल 2018 में जब मुझे कैंसर का पता चला तो मेरे नेचुरोपैथ ने मुझे ऑटोफैगी नाम की एक स्टडी के बारे में बताया। इसने मेरी रिकवरी में बहुत बड़ी भूमिका निभाई, इसलिए मैंने इसे पढ़ा, सीखा, प्रयोग किया और धीरे-धीरे इसे अपने रूटीन में शामिल कर लिया। मैं तब से इसे फॉलो कर रही हूं। सोनाली के इस सवाल पर डॉक्टर्स ने सवाल उठा दिए। डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स ने एक लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर कर किया। बता दें कि डॉक्टर साइरिएक एबी फिलिप्स भारतीय हेपेटोलॉजिस्ट हैं, जो सोशल मीडिया पर द लिवर डॉक के नाम से जाने जाते हैं।

## विरोध के बाद सोनाली ने तोड़ी चुप्पी

विरोध के बाद सोनाली ने अब एक अन्य पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा है, हम सभी का सहमत होना जरूरी नहीं है, लेकिन हमें एक-दूसरे को सिर्फ इसलिए खारिज करने से बचना चाहिए क्योंकि हम अलग-अलग तरीकों की तरफ झुकते हैं। सोनाली लिखती हैं, मैंने कभी डॉक्टर होने का दावा नहीं किया, लेकिन मैं पक्का कोई नीम-हकीम भी नहीं हूं। मैं एक कैंसर सर्वाइवर हूं, जिसने इस बीमारी से होने वाले डर, दर्द, अनिश्चितता और फिर से बनने की प्रक्रिया को झेला है।

### सोनाली बेंद्रे का फिल्मी करियर

सोनाली बेंद्रे का कहना है, मैं हमेशा अपनी यात्रा ईमानदारी और विनम्रता के साथ शेयर करूंगी। कभी किसी नुस्खे के तौर पर नहीं, बल्कि अपने अनुभव के तौर पर। बता दें कि सोनाली मेटास्टेटिक कैंसर के खिलाफ जंग लड़ चुकी हैं। अभिनेत्री के करियर की बात करें तो उन्होंने आग (1994) से डेब्यू किया था। वे सरफरोश (1999), हम साथ-साथ हैं (1999), हमारा दिल आपके पास है (2000), लज्जा (2001) और कल हो ना हो (2003) जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं।



# शाहरुख की फिल्म 'किंग' में अक्षय ओबेरॉय की हुई एंट्री

शाहरुख खान की आगामी फिल्म किंग की एक-एक अपडेट का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है। अब फिल्म को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। जानकारी आ रही है कि इस फिल्म में एक और कलाकार का नाम जुड़ गया है। जानिए उस अभिनेता के बारे में। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता अक्षय ओबेरॉय ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि कर दी है कि वह शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'किंग' का हिस्सा हैं। आपको बताते चलें कि कई दिनों से चर्चा चल रही थी, अभिनेता इस फिल्म में नजर आने वाले हैं। हालांकि अब इसपर मुहर लगती दिख रही है। फिल्म किंग को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म में दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अनिल कपूर और अभिषेक बच्चन जैसे बड़े नाम भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# मल्टीस्टारर धुरंधर में अहम किरदार में नजर आएंगी गीतिका गंजू

आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी मोस्ट अवेटेड मल्टीस्टारर फिल्म 'धुरंधर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। एक्शन से भरपूर फिल्म में एक्ट्रेस गीतिका गंजू अहम किरदार में नजर आएंगी। गीतिका का मानना है कि धुरंधर एक ऐसी फिल्म है, जिसे दर्शक काफी पसंद करेंगे। गीतिका गंजू का मानना है कि बहुत कम ऐसी फिल्में आती हैं जो कहानी कहने का तरीका बदल देती हैं और दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ने में सफल होती हैं। धुरंधर भी ऐसी ही फिल्म है। एक्ट्रेस गीतिका ने को-एक्टर रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल और सारा अर्जुन जैसे स्टार्स के साथ काम करने को शानदार बताया। एक्ट्रेस ने कहा, धुरंधर एक जबरदस्त फिल्म बनने के साथ सिनेमाघरों में छाने को तैयार है। भारत में इस जॉनर को शायद पहले कभी इतनी सच्चाई और स्टाइल के साथ नहीं दिखाया गया। मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर बहुत खुश और उत्साहित हूं। फिल्म की तारीफ करते हुए गीतिका ने स्पष्ट कहा, मेरा मानना है कि कुछ ऐसी फिल्म आती है, जो कहानी कहने का तरीका बदल देती है, धुरंधर वैसी ही फिल्म है। गीतिका ने बताया, आदित्य धर और लोकेश धर ने फिल्म के लिए खूब मेहनत की है, जिसका नतीजा स्क्रीन पर दिखेगा। आदित्य धर ने कहानी को बेहद बोल्ड और रियल तरीके से पेश किया है। गीतिका ने आगे कहा कि फिल्म का हर एक एक्टर खास है। राकेश बेदी, रणवीर सिंह और सारा अर्जुन के साथ काम करना उनके लिए यादगार रहा। रणवीर सिंह को एक्शन में देखने का अनुभव शानदार रहा। गीतिका गंजू ने अपनी एक्टिंग से खास पहचान बनाई है। आमिर खान प्रोडक्शंस की 'लाल सिंह चड्ढा', 'म्यूजिक मेरी जान', 'आर्या सीजन 2' और 'तनाव सीजन 2' जैसे सफल प्रोजेक्ट में उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है।



# रणवीर सिंह से लेकर संजय दत्त तक

## खलनायक के रूप में नजर आए ये बड़े स्टार्स

**बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म धुरंधर में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।**



फिल्म सिंघम अगेन (2024) में **अर्जुन कपूर** ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म शैतान (2024) में **आर माधवन** ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म वश पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म एनिमल को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें **रणबीर कपूर** के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया। फिल्म पद्मावत (2018) में **रणवीर सिंह** ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म अग्निपथ में **संजय दत्त** ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।







# भगवान शिव का किरदार निभाने को लेकर बोले मोहित मलिक

**मोहित मलिक ने डोली अरमानों की और कुल्फी कुमार बाजेवाला जैसे टीवी शोज से घर-घर में अपनी पहचान बनाई। वह दो दशक से भी ज्यादा समय से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। दर्जनों टीवी शोज और वेब सीरीज कर चुके मोहित मलिक किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। इस वक्त वह माइथोलॉजिकल शो महागाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय में काम कर रहे हैं, जिसमें वह भगवान शिव का किरदार निभा रहे हैं। मोहित मलिक ने अपने इस किरदार के अलावा 8 घंटे की शिफ्ट पर छिड़ी बहस पर बात की।**

मोहित मलिक पहली बार माइथोलॉजिकल शो में काम कर रहे हैं। वह गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय में भगवान शिव के रूप में नजर आ रहे हैं। इस शो में काम करने की वजह पर वह कहते हैं, इस शो मेकर्स का नजरिया अलग था। उन्होंने मुझे कंवींस किया कि वह इसका प्रेजेंटेशन वैसे ही करेंगे जैसा उन्होंने मुझे बताया है। फिर इसमें शिव का रूप भी एकदम अलग है। वह उस तरह का टिपिकल नहीं है जैसा लोग अब तक देखते आए हैं। शिव और उनके परिवार को इंसानी रूप में दिखाया गया है। बकौल मोहित, शिव के आशुतोष रूप का प्रभाव मेरे ऊपर सबसे ज्यादा पड़ा है क्योंकि वह बहुत भोला है, दयालु हैं और सबको जल्दी से माफ कर देते हैं। मैं उनसे सबसे ज्यादा कनेक्ट करता हूं।

## AI का एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर कैसा रहेगा प्रभाव?

मोहित ने इस दौरान मनोरंजन जगत में AI पर भी बात की। जब हमने पूछा कि AI एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को किस तरह प्रभावित करेगा? तो मोहित ने कहा, मुझे नहीं लगता है कि कभी पूरी तरह AI से फिल्में और शोज़ बनेंगे। हालांकि यह बहुत अच्छी तकनीक है लेकिन उसे एक सीमित मात्रा में ही इस्तेमाल करना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि मैं कभी AI बेस्ड महाभारत देखूंगा क्योंकि मुझे असली परफॉर्मेंस, असली लोग, असली इमोशंस चाहिए। ऑडियंस भी एक्टर से कनेक्ट होती है। इसलिए मुझे नहीं लगता कि कभी पूरे AI बेस्ड शो बनेंगे।

## पैसे को लेकर आपका पहला सबक क्या है?

मेरी जिंदगी में पैसा कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। मैं हमेशा से अच्छा काम करना चाहता था। बस इतना था कि मैं अपना घर खरीद लूं और गाड़ी ले लूं। लेकिन अब लगता है कि थोड़ा सा बैलेंस होना चाहिए क्योंकि अब मेरे पास परिवार है। जैसे पहले मैं रोल को तवज्जो देता था और सोचता था कि उसके लिए पैसों से समझौता कर लूंगा। लेकिन अब मैं पैसों को लेकर समझौता नहीं करता। अब मैं जो डिजर्व करता हूं, वह मांगता हूं और वह मिल भी रहा है।

## 8 घंटे नहीं 12 घंटे की वर्किंग शिफ्ट ठीक

मोहित मलिक ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर कहा, हमारे यहां आमतौर पर 12 घंटे की शिफ्ट होती है और मुझे उससे कोई समस्या नहीं है। जो लोग यह कहते हैं कि बस आठ घंटे की वर्क शिफ्ट होनी चाहिए, तो यार आप प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के बारे में भी तो सोचो। एक एक्टर सेट पर आता है, फिर एक घंटा वह मेकअप करवाता है। तो आठ घंटे में कितना ही काम होगा। मुझे 12 घंटे ठीक लगते हैं। मैं उससे ज्यादा शूटिंग नहीं करता। हां, ये जरूर है कि शूटिंग के घंटे 14 नहीं होने चाहिए। 14 घंटे आप बतौर एक्टर काम कर भी नहीं सकते। 12 घंटे से ज्यादा काम करना आसान नहीं होता। मगर आठ घंटे से प्रोड्यूसर का बहुत नुकसान होगा।

## आपकी पहली कमाई क्या थी?

मेरी पहली कमाई दिल्ली में थी और उससे मैंने कुछ खरीदा नहीं था। मैंने अपनी दादीजी को जाकर चेक दे दिया था। उसके बाद तो मैंने शुरू में कपड़े खरीदना और जो लड़कों के शौक होते हैं, वह पूरे किए थे।

## आपका सेविंग मंत्र क्या है?

सेविंग मंत्र है कि लगभग 30-40 फीसदी कमाई में से बचाना होता है। ज़ाहिर है कि सेविंग करना बहुत जरूरी है क्योंकि हम जिस ऐक्टिंग की इंडस्ट्री में हैं, वह बहुत ही अनिश्चित है। हालांकि हम देखते हैं कि हमारा मासिक खर्च कितना है और हम कितना बचा सकते हैं।

आपने अब तक सबसे महंगा खर्च क्या किया है?

सबसे महंगा तो मैंने अपना घर ही लिया है मुंबई में।

## आपका रिटायरमेंट प्लान क्या है?

मैंने उसे लेकर कोई प्लान नहीं बनाया है। इसलिए चाहता हूं कि जब तक जिंदा रहूं, एक्टिंग करता रहूं।

आप युवाओं को क्या सलाह देना चाहेंगे?

पैसे की सेविंग बहुत जरूरी है। और उसी के साथ जिंदगी एंजॉय करनी भी जरूरी है। सिर्फ सेविंग के चक्कर में आज की जिंदगी मत गंवाओ। तो जितना कमा रहे हो, उसमें से थोड़ा एंजॉय करने के लिए खर्च करो। मगर पूरा मत खर्च करो। थोड़ा सेविंग भी करो।

# आरसीबी के बाद एक और आईपील फ्रेंचाइजी बिकने के लिए तैयार, वैल्यूएशन में उछाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग अपने इतिहास के सबसे बड़े ओनरशिप बदलाव का गवाह बन सकता है। लीग में शुक्रवार को उस समय खलबली मच गई, जब जाने-माने इंडस्ट्रियलिस्ट हर्ष गोयनका ने ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) पर दावा किया कि दो लोकप्रिय फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) और राजस्थान रॉयल्स (RR) बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। हालांकि इन दावों पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इस खबर ने क्रिकेट जगत और निवेशकों के बीच बड़ी चर्चा छेड़ दी है। माना जा रहा है कि टीम मालिक मौजूदा ऊंची वैल्यूएशन का फायदा उठाते हुए फ्रेंचाइज़ी बेचने पर विचार कर रहे हैं।



### हर्ष गोयनका के दावे से तेज हुई अटकलें

हर्ष गोयनका ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि न सिर्फ एक, बल्कि दो IPL टीमें खरीददार तलाश रही हैं। उन्होंने संभावित नए मालिकों के तौर पर पुणे, अहमदाबाद, मुंबई, बेंगलुरु और USA के ग्रुपों के शामिल होने की संभावना जताई। इस बयान ने आग में घी का काम किया और IPL की ओनरशिप स्ट्रक्चर पर बड़े सवाल खड़े कर दिए।

### राजस्थान रॉयल्सः क्या वाकई बिक्री की तैयारी में है फ्रेंचाइजी?

RR को लेकर स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। राजस्थान रॉयल्स की ओनरशिप रॉयल मल्टीस्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पास है। इसके मेजॉरिटी शेयरहोल्डर मनोज बडाले हैं, जिन्हें रेडबर्ड कैपिटल पार्टनर्स का मजबूत समर्थन प्राप्त है। ना फ्रैंचाइजी और ना ही ओनरशिप ग्रुप ने बिक्री पर कोई बयान जारी किया है। यानी RCB के विपरीत राजस्थान के मामले में दावे अब भी अफवाहों के दायरे में हैं। इसके बावजूद गोयनका के पोस्ट के बाद चर्चाएं काफी बढ़ गई हैं।

### RCB: सबसे पारदर्शी और पक्की बिक्री प्रक्रिया

RCB के मामले में तस्वीर काफी साफ है। टीम की पेरेंट कंपनी यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड (स्रु) ने 5 नवंबर 2025 को टीम पर अपने निवेश का स्ट्रेटेजिक रिव्यू घोषित किया। यह रिव्यू 31 मार्च 2026 तक पूरा होगा और इसमें तीन संभावनाएं हैं, टीम की पूरी बिक्री, आंशिक हिस्सेदारी बेचना और फ्रेंचाइजी का पूरा स्ट्रक्चर बदलना। रिपोर्ट्स के अनुसार, टीम मालिक डियाजियो RCB की वैल्यूएशन स्ड्ड 2 बिलियन (लगभग रू.17,000-18,000 करोड़) के करीब आंक रहे हैं। अगर यह डील फाइनल होती है, तो RCB दुनिया की सबसे महंगी स्पोर्ट्स फ्रेंचाइजी में शामिल हो जाएगी।

### नए खरीददार कौन हो सकते हैं?

नए ओनर के संभावित नामों में कई हाई-प्रोफाइल इंडस्ट्री लीडर्स दिखाई दे रहे हैं। चर्चित नामों में अदार पूनावाला भी शामिल हैं, जिनकी रुचि इस बिक्री में बताई जा रही है। कई अन्य ग्लोबल इन्वेस्टमेंट फर्म्स भी इस रेस में उतर सकती हैं। एनालिस्ट्स की राय में RCB की बिक्री 2026 IPL सीजन से पहले भी पूरी हो सकती है।

### IPL पर पड़ सकता है बड़ा असर

अगर RCB और RR दोनों टीमों का मालिकाना हक बदलता है, तो IPL के इकोसिस्टम में बड़े बदलाव संभव हैं। नए मालिक फ्रेंचाइजी में ताज़ा निवेश ला सकते हैं। टीम मैनेजमेंट, रणनीतियों और खिलाड़ी खरीद के तरीके में बदलाव दिख सकता है। ब्रांड आइडेंटिटी और फैन कनेक्ट पर भी प्रभाव पड़ सकता है, खासकर RCB जैसी लोकप्रिय टीम में। इन संभावित बदलावों के कारण IPL का अगला चरण नए बिजनेस मॉडल, नई रणनीतियों और नई प्रतिस्पर्धा के साथ और भी रोमांचक हो सकता है।

# विराट और रोहित को धोनी ने डिनर पर बुलाया, अपनी कार में होटल तक छोड़ा



**रांची (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार 30 नवंबर को होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के पहले मैच के लिए रांची पहुंच गये हैं। रांची भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी का गृहनगर है। ऐसे में उन्होंने विराट और ऋषभ के लिए अपने घर पर एक पार्टी रखी। ऐसें में ये तीन दिग्गज डिनर पार्टी में एकसाथ नजर आये। धोनी इसके बाद रोहित और विराट को स्वयं अपनी कार में होटल तक छोड़ने पहुंचे। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है और प्रशंसकों ने इसको काफी पसंद किया है। इस याराने को खूब पसंद कर रहे हैं।

गौरतब है कि विराट ने अपने करियर की शुरुआत धोनी की कप्तानी में खेलकर ही की थी। धोनी के कार्यकाल के दौरान विराट कप्तान के तौर पर तैयार हुए थे। धोनी के कप्तानी छोड़ने के बाद विराट ने ही हर प्रारुप में टीम की कप्तानी संभाली थी। इससे भारतीय क्रिकेट शीर्ष स्तर पर पहुंचा। धोनी ने आज से पांच साल पहले 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वहीं विराट कोहली ने टेस्ट और टी20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया है पर वह एकदिवसीय क्रिकेट खेल रे हैं। विराट कोहली बुधवार को ही लंदन से रांची पहुंचे थे और इसके अगले दूसरे ही दिन यानी वह धोनी से मिलने उनके घर पहुंच। लंबे समय बाद इन तीनो को देखकर प्रशंसक भी उत्साहित हैं।

# 2027 विश्वकप तक कोच बने रहेंगे गंभीर : बीसीसीआई

BCCI

**मुम्बई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम की करारी हार के बाद जहां प्रशंसकों और कई पूर्व क्रिकेटरों ने मुख्य कोच गौतम गंभीर को हटाने की मांग की है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसी) ने ऐसी किसी भी संभावना से इंकार करते हुए गंभीर पर भरोसा बनाये रखा है। बीसीसीआई के अनुसार अभी टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और ऐसे में उन्हें अपने काम को करने दिया जाएगा।

गंभीर 2027 विश्वकप तक टीम के साथ बने रहेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दौरान पिच, अंतिम ग्यारह और खिलाड़ियों के बल्लेबाजी क्रम को को लेकर भी गंभीर की रणनीति पर सवाल उठे हैं। गंभीर की ही कोचिंग में भारतीय टीम को न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा है।

रिपोर्ट के अनुसार अभी वह तीनों ही प्रारुपों में मुख्य कोच बने रहेंगे।

बीसीसीआई ने गंभीर को तीन साल के लिए भारतीय टीम का मुख्य कोच बनाया है। उनका कार्यकाल 2027 विश्व कप तक चलेगा। गंभीर के मार्गदर्शन में भले ही भारतीय टीम का टेस्ट रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। मगर उनकी कोचिंग में ही टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीत है।माना जा रहा है कि गंभीर के कोच रहते ही टीम टी20 में आक्रामक होकर उभरी है जिससे उसका प्रदर्शन बेहतर हुआ है। रिपोर्ट में ये बातें भी सामने आई है कि गंभीर से होने वाली बैठक में टीम के प्रदर्शन को सुधारने को लेकर बात की जाएगी और जरूरी फैसले भी लिए जाएंगे।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : सुपर ओवर में हरियाणा ने पंजाब को हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कप्तान अंकित कुमार और निशांत सिंधु के अच्छे प्रदर्शन से हरियाणा ने शुक्रवार को हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के एलीट ग्रुप सी क्रिकेट मुकाबले में पंजाब को सुपर ओवर में हरा दिया। जिमखाना क्रिकेट मैदान में खेले गए इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा की टीम ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 207 रन बनाए। शुरुआती विकेट गिरने के बाद अंकित ने निशांत के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 34 गेंदों में 74 रन बनाकर टीम को बेहतर स्थिति में पहुंचा दिया। अंकित ने 26 गेंदों में 4 छक्कों और 5 चौकों के साथ 51 रन बनाये।



वहीं निशांत संधु ने यशवर्धन दलाल के साथ तीसरे विकेट के लिए 31 गेंदों में 62 रन बनाकर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। निशांत ने 33 गेंदों में 3 छक्कों और 8 चौकों के साथ 61 रन बनाये। यशवर्धन दलाल ने 27, जबकि सुमित कुमार ने 28 रन बनाये।

वहीं पंजाब की ओर से अश्विनी कुमार ने ने 3 विकेट जबकि अभिषेक शर्मा, रमनदीप सिंह, हरप्रीत बरार और मयंक मार्कंडेय ने 1-1 विकेट लिया।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की टीम ने 20 ओवरों में ही 7 विकेट पर 207 रन बना दिये। शुरुआत में ही सलामी बल्लेबाजों के विकेट खोने के बाद साहिल अरोड़ा ने अनमोलप्रीत सिंह के साथ तीसरे विकेट के लिए 68 रन बनाकर पारी को संभाला। साहिल ने 18 गेंदों में 11 रन बनाये

नवल वढेरा ने अनमोलप्रीत सिंह के साथ चौथे विकेट के लिए 49 रन बनाकर टीम को 145 के स्कोर तक पहुंचाया। अनमोलप्रीत ने 37 गेंदों में 5 छक्कों और 8 चौकों के साथ सबसे अधिक 81 रन बनाये। इनके अलावा, सनवीर सिंह ने 16 गेंदों में नाबाद 30 रन बनाए और टीम को और टीम को 207 रनों पर पहुंचा दिया और मैच बराबरी पर आया गया।

हरियाणा की ओर से अंशुल कंबाज, युजवेंद्र चहल और सामंत जाखड़ ने 2-2 विकेट लिए।।

इसके बाद सुपर ओवर में विजेता का फैसला हुआ। यहां पंजाब ने 3 गेंदों में दो विकेट खोकर एक रन बनाया। वहीं हरियाणा की टीम ने पहली गेंद पर ही चौके लगाकर मैच जीत लिया।

# क्या दूसरी शादी करने जा रहे चहल ?

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल लगता है दूसरी शादी करने जा रहे हैं। इसका अंदाजा चहल की उसे पोस्ट से लगता है जिसमें उन्होंने कहा है कि वह शादी के लिए लड़की की तलाश में हैं। चहल की पहली शादी साल 2020 में डांसर धनश्री वर्मा से हुई थी पर अब दोनो का तलाक हो गया है। दोनों की ये शादी ज्यादा दिन तक चल नहीं पाई और साल 2022 में ही दोनों अलग हो गये थे। वहीं मार्च 2025 में इनका तलाक हो गया। वहीं अब चहल ने सोशल मीडिया में तस्वीर पोस्ट कर बताया कि वह शादी के लिए लड़की की तलाश में हैं। उन्होंने अपनी कई तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, "शादी के लिए तैयार हूं, बस एक लड़की चाहिए।" उनकी इस पोस्ट से प्रशसंकों की धड़कन बढ़ गयी है। कुछ ने जश्न मनाया है जबकि कुछ उन्हें पुरानी बातें याद दिला रहे हैं इसके अलावा कुछ ने आरजे महवश को भी टैग किया है। वहीं धनश्री ने एक शो में बताया था कि उनकी शादी लव और अरेंज दोनों थी। पहले अरेंज मैरिज की तरह शुरू हुई थी। वह बिना डेटिंग के शादी करना चाहता था और मैं शादी के बारे में सोच भी नहीं रही थी। लेकिन जब उससे मिली और उसने मुझे मनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी तब मैं शादी के लिए मान गई थी।



# ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर जाहिर की खुशी



नई दिल्ली । ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने भी भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा, 'भारत को 2030 में शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का सम्मान मिला है, जो एक सच्चे खेल राष्ट्र बनने की हमारी यात्रा में एक सशक्त कदम है। यह ऐतिहासिक क्षण प्रत्येक भारतीय खिलाड़ी, खेल प्रशंसक और नागरिक को अपार गर्व से भर देता है।' भारत के गुजरात प्रांत का अहमदाबाद शहर 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा। हाल में ग्लासगो में कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन (सीजीएफ) की आम बैठक में राष्ट्रमंडल के 74 सदस्य देशों ने इन खेलों की मेजबानी के लिए अहमदाबाद के नाम पर आधिकारिक मुहर लगा दी। राष्ट्रमंडल खेलों की महासभा की बैठक में सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने इन खेलों के लिये अहमदाबाद में मेजबानी के लिए भारत के प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

# राहुल की कप्तानी में अब एकदिवसीय सीरीज में दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला करेंगी भारतीय टीम

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम अब केएल राहुल की कप्तानी में 30 नवंबर से दक्षिया अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस सीरीज में जीत के साथ ही टेस्ट सीरीज में मिली 2-0 की करारी हार से उबरना रहेगा। नियमित कप्तान शुभमन गिल की गर्दन में अकड़न के कारण इस सीरीज में राहुल की कप्तानी में टीम कैसा प्रदर्शन करती है ये देखना होगा। इस सीरीज में जीत के लिए भारतीय बल्लेबाजों ओर गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। लेफ्ट-राइट मिश्रण, मध्यक्रम और गेंदबाज़ी ऑर्डर मिट्टी पर असर डाल सकते हैं। इस सीरीज में अनुभवी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी से भारतीय टीम को लाभ होगा हालांकि उसे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों विशेषकर स्पिनरों से सावधान रहना होगा।



वहीं टैम्बा बावुमा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीकी टीम अपने जीत के सिलसिले को बरकरार रखना चाहेगी। टेस्ट सीरीज में मिली जीत से उसका मनोबल बढ़ा हुआ है जिसका लाभ उसे मिलेगा। एकदिवसीय सीरीज का कार्यक्रम इस पकार है। पहला एकदिवसीय मैच- 30 नवंबर 2025, रांची में दोपहर 1꞉30 बजे से खेला जाएगा। दूसरा एकदिवसीय मैच- 3 दिसंबर 2025 को रायपुर में खेला जाएगा।तीसरा एकदिवीसय मुकाबला- 6 दिसंबरको विशाखापत्तनम में होगा। तीनों ही मैच दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से खेले जाएंगे

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान व विकेटकीपर), रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा,ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नितीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, रुतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल।

**दक्षिण अफ्रीकाः** टैम्बा बावुमा (कप्तान), ओत्तनेल बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, डेवॉल्ड ब्रेविस, नांद्र बर्गर, क्विंटन डी कॉक, टोनी डी ज़ोरज़ी, रुबिन हर्मन, केशव महाराज, मार्को जैनसन, एडेन मार्कराम, लुंगी ङ्गिडी, रयान रिकेलटन, प्रेनेलन सुब्रायेन।

# यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर डेविड बेकहम भारत की यात्रा पर, बच्चों से मिले



मुंबई । यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर सर डेविड बेकहम इस सप्ताह भारत की यात्रा के दौरान बच्चों और युवाओं से मिले और हर बच्चे के लिए समान अवसर, समावेशन और सशक्तिकरण की अपील की। बेकहम ने कहा, 'मैं आज मैं जिन बच्चों और युवाओं से मिला, उनके जोश, हिम्मत और जुनून को देखकर मैं बहुत खुश हूं। वे कम उम्र में ही बदलाव के लिए संघर्ष कर रहे हैं और अपने भविष्य पर अपनी बात रख रहे हैं। वे वास्तव में प्रेरणादायक हैं और कई चुनौतियों को पार कर यहां तक पहुंचे हैं। उनका सफर हमें यह याद दिलाता है कि हमें बच्चों और युवाओं में इन्वेस्ट करते रहना चाहिए।' मुंबई के कूपरेज फुटबॉल ग्राउंड्स में बेकहम ने 12 वर्षीय खुशी और 10 वर्षीय रोहित से मुलाकात की, जिन्हें फुटबॉल ने अपनी ओर आकर्षित किया। फुटबॉल ने उन्हें जीवन कौशल सीखने, आत्मविश्वास, आनंद और अपनापन का अनुभव दिया। खुशी ने कहा, 'मैं हमेशा बहुत शांत और अलग-थलग रहती थी। फुटबॉल खेलने से मुझे खुलने और बेहतर संवाद करने में मदद मिली। मैंने दूसरों के साथ बातचीत करना और निर्णय लेना सीखा।' बेकहम ने यूनिसेफ के सपोर्ट वाले एक प्रोजेक्ट के छोटे बच्चों से भी मुलाकात की, जिसका उद्देश्य मुंबई को रहने और खेलने के लिए बेहतर स्थान बनाना है, जहां हर नागरिक अपने समुदाय का समर्थन करने के लिए एकजुट होता है। 9 साल के तीर्थ, जो वेस्ट कम्पोस्ट चैंपियन हैं, ने कहा, 'जब मैंने देखा कि हमारे स्कूल का कचरा कम्पोस्ट में बदल रहा है और पौधों को बढ़ने में मदद कर रहा है – तो मुझे एहसास हुआ कि हम सिर्फ सफाई नहीं कर रहे हैं; हम धरती को वापस जीवन दे रहे हैं।' यूनिसेफ इंडिया प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्री ने कहा, 'पिछले 20 सालों से यूनिसेफ के गुडविल एंबेसडर के तौर पर, सर डेविड बेकहम ने लगातार दुनिया के बच्चों और उनके सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौतियों की ओर ध्यान दिलाया है। वह भारत और दुनिया भर के बच्चों के लिए एक प्रेरणा हैं और उनकी सराहना उन्हें अपने सपनों को पूरा करने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

# पूर्व क्रिकेटर अनिरुद्ध श्रीकांत मॉडल संयुक्ता के साथ शादी के बंधन में बंधे



चेन्नई । आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व क्रिकेटर अनिरुद्ध श्रीकांत मॉडल संयुक्ता शनमुगनाथन के साथ शादी के बंधन में बंध गये हैं। चेन्नई में पारंपरिक हिंदू रस्मों से ये शादी हुई। इसमें दोनो के परिवार और करीबी दोस्त शामिल हुए। दोनो की शादी की तस्वीरें सामने आते ही प्रशंसकों ने इस जोड़े को बधाई दी है। संयुक्ता और अनिरुद्ध की शादी बेहद सादगी और पारंपरिक माहौल में संपन्न हुई। इनकी शादी की तस्वीरें इंटरनेट पर आते ही तेज़ी से वायरल हो गईं, प्रशंसकों ने इन्हें ने अपनी शुभकामनाएं भेजी हैं। इसके अलावा, दोनों ने एक विशेष वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें परिवार, उनके बेटे और करीबी दोस्तों के साथ बिताए भावुक और खुशियों भरे पल शामिल थे। संयुक्ता और अनिरुद्ध ने अपने रिश्ते की झलक पहली बार दिवाली के दौरान दी थी, जब उन्होंने एक साथ तस्वीर पोस्ट की थी। इस तस्वीर ने तुरंत ही सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू कर दी और दोनों की संभावित सगाई और शादी को लेकर उत्सुकता बढ़ गई थीं जो शादी से के साथ ही समाप्त हो गयीं।

# टी20 वर्ल्ड कप में भारत को हराना मेरे करियर का सबसे गर्व का पल था: बाबर आजम

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज़ बाबर आज़म ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की सबसे यादगार उपलब्धि का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि कप्तान के तौर पर भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2021 में मिली ऐतिहासिक जीत उनके पेशेवर सफर का सबसे गर्व भरा पल है। यह वही मुकाबला था जिसने पाकिस्तान के विश्व कप इतिहास में पहली बार भारत के खिलाफ जीत दर्ज की थी। इस यादगार मैच ने न केवल बाबर के नेतृत्व को नई पहचान दी, बल्कि पाकिस्तान क्रिकेट की मनोवैज्ञानिक बाधा भी तोड़ी।

### भारत के खिलाफ पहली वर्ल्ड कप जीत

बाबर आज़म ने केविन पीटरसन के YouTube शो द स्विच पर बातचीत में बताया कि 2021 टी20 वर्ल्ड कप की वह रात उनके करियर का निर्णायक पल थी। इससे पहले पाकिस्तान 12 वर्ल्ड कप मैचों में भारत को कभी नहीं हरा पाया था। दुबई में खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान ने भारतीय टीम को 10 विकेट से मात देकर नया इतिहास रचा। बाबर ने कहा कि कप्तान के रूप में भारत को हराना उनके लिए किसी भी ट्रॉफी जितने सम्मान का एहसास था।

### बाबर और रिज़वान की रिकॉर्ड साझेदारी

टॉस जीतने के बाद पाकिस्तान ने पहले गेंदबाज़ी का फैसला किया और शाहीन अफरीदी की शानदार गेंदबाज़ी के दम पर भारत को 151 रन पर रोक दिया। विराट कोहली की फिफ्टी के अलावा कोई भारतीय बल्लेबाज़ बड़ा स्कोर नहीं कर पाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की ओपनिंग जोड़ी मोहम्मद रिज़वान (79*) और बाबर आज़म (68*) ने बिना विकेट खोए मैच खत्म कर दिया। यह जीत सिर्फ एक नतीजा नहीं, बल्कि पाकिस्तान क्रिकेट के लिए मनोबल बढ़ाने वाला मोमेंट था।

### बाबर की करियर-डिफाइनिंग इनिंग्स

बाबर ने अपनी कुछ खास इनिंग्स का भी ज़िक्र किया। उनके अनुसार, दक्षिण अफ्रीका दौरा उनके क्रिकेटिंग माइंडसेट के लिए टर्निंग पॉइंट था, जहाँ उन्होंने डेल स्टेन और कागिसो रबाडा की आक्रमक गेंदबाज़ी के खिलाफ महत्वपूर्ण पारियाँ खेलीं।2019 वर्ल्ड कप में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ उनकी मैच-विनिंग इनिंग को वह अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक मानते हैं।

### कप्तानी छूटने के बाद बाबर का नया लक्ष्य

2023 ODI वर्ल्ड कप और 2024 टी20 वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद बाबर को कप्तानी से हटाया गया। हालांकि हाल ही में टीम में वापसी के बाद बाबर ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य पाकिस्तान को ICC खिताब दिलाना है। उन्होंने बताया कि वे फिटनेस और स्किल्स पर पहले से ज्यादा मेहनत कर रहे हैं ताकि देश के लंबे इंतजार को खत्म किया जा सके।



### ICC ट्रॉफी जीतना है सबसे बड़ा सपना

बाबर का मानना है कि पाकिस्तान काफी करीब आ चुका है और सही तैयारी तथा फोकस के साथ टीम बड़े टूर्नामेंट जीत सकती है। उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि पाकिस्तान ICC ट्रॉफी उठाए। इसके लिए मैं खुद को और बेहतर बनाने में जुटा हूं।'

# सैंटियागो नीवा बने भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम के नये मुख्य कोच, 2028 ओलंपिक के लिए तैयार करेंगे टीम

नई दिल्ली । स्वीडन के सैंटियागो नीवा भारतीय महिला मुक्केबाज टीम के नये मुख्य कोच बनाये गये हैं। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने नीवा को मुख्य कोच बनाने की घोषणा करते हुए कहा है कि उनके आने से मुक्केबाजी टीम और बेहतर होगी। नीवा साल 2017 से 2021 तक भारतीय टीम के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर भी रहे हैं। इस दौरान उनका कार्यकाल काफी अच्छा रहा है। नीवा के ही मार्गदर्शन में भारतीय पुरुष मुक्केबाजों ने 2019 विश्वकचैंपियनशिप में पदक जीते थे। तब अमित पंघाल ने रजत जबकि मनीष कौशिक ने कांस्य पदक जीता था। इसके बाद भारतीय टीम ने 2020 टोक्यो ओलंपिक में सबसे बड़ी टीम उतारी। इसमें लवलीना बोरगोहेन ने कांस्य पदक जीता। लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक को देखते हुए नीवा का लक्ष्य सभी वजन वर्ग में भारतीय महिला खिलाड़ियों को बेहतर बनाना रहेगा। नीवा के पास दो दशकों से ज्यादा का कोचिंग अनुभव है, उन्होंने विश्व मुक्केबाजी में काफी अच्छी भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय महिला टीम ने हाल ही में ग्रेटर नोएडा में आयोजित विश्व कप फाइनल्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सात स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते। इस मौके पर नीवा ने कहा, मैं भारत वापस आकर बहुत उत्सुक हूं। मेरे पिछले कार्यकाल के पांच साल बहुत शानदार रहे हैं। मैं इस नए अध्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। उम्मीद है कि हम साथ मिलकर बड़ी सफलता हासिल करेंगे। भारतीय महिला टीम में बहुत क्षमता है। ओलंपिक में हम इतिहास रचना चाहेंगे।

## अखिलेश यादव ने एसआईआर अभियान को देशवासियों के खिलाफ एक बहुत बड़ी साज़िश बताया

लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने एसआईआर अभियान को देशवासियों के खिलाफ एक बहुत बड़ी साज़िश बताया, जो उनके अनुसार, अंग्रेजों की गुलामी से भी खराब स्थिति में ले जाएगी। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया को लोकतंत्र के साथ धोखाधड़ी करार देकर जनता से जागरूक होने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि आज वोट काटा जा रहा है, कल को खेत-ज़मीन-मकान-राशन-जाति-आरक्षण से नाम काटा जाएगा, और फिर बात खातों और मध्यम वर्ग के लॉकर तक पहुंच जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा, भाजपा के संगी-साथी और भाजपा सरकार की तिकड़ी व निर्वाचन आयोग के कुछ भ्रष्ट लोग मिलकर पूरी चुनावी व्यवस्था का अपहरण कर रहे हैं। उन्होंने देशवासियों से सारे काम छोड़कर एसआईआर की घपलेबाजी को रोकने और वोट के रूप में अपनी पहचान को बचाने की अपील की। अखिलेश ने सभी विपक्षी दलों के साथ-साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी सहयोगी दलों से भी एकजुट होने और भाजपा के इस महा-षड्यंत्र का पर्दाफाश करने का आह्वान किया। उन्होंने राजग सहयोगियों को आगाह किया कि जो दल भाजपा को अपना सहयोगी मान रहे हैं, सबसे पहले भाजपा उन्हीं का ख़ात्मा करेगी।

## चित्तौड़गढ़ के गोल्डमैन खटीक को रोहित गोदारा गैंग से प्रोटेक्शन मनी की धमकी

चित्तौड़गढ़ (एजेंसी)। राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के कन्हैयालाल खटिक (जिन्हें गोल्डमैन और बप्पी लाहिरी के नाम से जाना जाता है) को रोहित गोदारा गैंग के नाम पर 5 करोड़ की प्रोटेक्शन मनी की धमकी मिली है। बात दें कि पीड़ित कन्हैयालाल खटिक की उम्र 50 वर्ष हैं, और वे एक फल कारोबारी है। वह करीब साढ़े तीन किलो सोना पहनकर घूमते हैं, जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपये है। वह अखिल भारतीय खटीक समाज के राजस्थान में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। उन्हें दो दिन पहले एक मिस्ड कॉल, फिर वॉट्सएप कॉल और एक ऑडियो रिकॉर्डिंग मिली, जिसमें 5 करोड़ रुपये की मांग की गई है। धमकी में कहा गया है कि रकम न देने पर वह सोना पहनने लायक नहीं रह जाएंगे। बात दें कि रोहित गोदारा, बीकानेर के लूणकरणसर का निवासी है, माना जाता है कि वह कनाडा में रहकर गैंग चलाता है। उस पर पहले भी फिरौती वसूली के आरोप लगे हैं और उसका नाम सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी आया था। उसके खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी है। कन्हैयालाल खटिक ने कोतवाली पुलिस थाने में केस दर्ज कराया है।

## कपिल शर्मा के 'कैप्स कैफे' पर फायरिंग का साजिशकर्ता दिल्ली से गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के 'कैप्स कैफे' पर फायरिंग कराने के मुख्य साजिशकर्ता को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। इस गैंगस्टर की पहचान बंधु मान सिंह सेखों के रूप में हुई है, जो गोल्डी ढिल्लों गैंग का भारत-कनाडा बेस्ड हैंडलर बताया जा रहा है और उसके खिलाफ कई क्रिमिनल केस दर्ज हैं। क्राइम ब्रांच ने उसके कब्जे से हाई-एंड पीएक्स-3 पिस्टल 8 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस साल जुलाई में खुले कनाडा के सरे इलाके में कपिल शर्मा के 'कैप्स कैफे' को सबसे पहले 10 जुलाई को अज्ञात लोगों ने निशाना बनाया था। उसके बाद 7 अगस्त और 16 अक्टूबर को कैफे पर दो और हमले हुए। कपिल शर्मा ने मुंबई में कहा था कि कनाडा में उनके कैफे पर फायरिंग की तीन घटनाओं ने अधिकारियों को देश में ऐसे हमलों के खिलाफ कार्रवाई करने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वहां के नियम और पुलिस के पास शायद ऐसी घटनाओं को कंट्रोल करने की शक्ति नहीं है, लेकिन जब हमारा मामला हुआ, तो यह संघीय सरकार के पास गया और कनाडा की संसद में इस पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि भगवान जो भी करते हैं, हमें उसके पीछे की कहानी पता नहीं चलती...मुझे वहां से बहुत से लोगों के कॉल आए जिन्होंने मुझे बताया कि बहुत कुछ हो रहा था। शर्मा ने कहा कि मैंने मुंबई या हमारे देश में कहीं भी कभी असुरक्षित महसूस नहीं किया। मुंबई जैसा कोई दूसरा शहर नहीं है।

## आतंकवाद से जुड़े हवाला रैकेट का पर्दाफाश, मुंबई कस्टम्स का दो दशकों में सबसे बड़ी कार्रवाई

मुंबई (एजेंसी)। सीमा शुल्क विभाग (कस्टम्स) ने एक बिना अनुमति वाले हवाला रैकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कंपनी मेसर्स एच.एम.फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड से कुल 7 लाख रुपये की विदेशी करेंसी और 2 करोड़ रुपये के भारतीय करेंसी नोट ज़ब्त किए गए हैं। यह पूरी रकम हसन मोहम्मद करोडिया उर्फ ??हसन गोगा से ज़ब्त की गई है। मिली जानकारी के अनुसार गुप्तचर विभाग को गुप्त जानकारी मिली थी कि हसन गोगा नाम के हवाला कारोबारी के पास विदेश से बड़ी मात्रा में विदेशी करेंसी की स्मगलिंग की जा रही है। जिसके बाद कस्टम्स विभाग ने जाल बिछाया और गोगा के ऑफिस पर छापा मारा। इस छापे में गोगा के पास से बड़ी मात्रा में भारतीय करेंसी नोट मिले और पता चला है कि वे संदिग्ध हैं। इसलिए, शुरुआती जांच में गोगा के आतंकवादी संगठनों से लिंक होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। देश की आर्थिक सुरक्षा के नज़रिए से इस मामले में अभी पूरी जांच चल रही है। जांच में पता चला है कि गोगा विदेश से आने वाले यात्रियों के ज़रिए भारत में विदेशी करेंसी लाता था। वह इस काम के लिए बड़ी संख्या में छात्रों का इस्तेमाल करता था। भारत आने के बाद वह उस फॉरेन करेंसी को इंडियन करेंसी के बदले खरीद लेता था। इसी तरह वह रेगुलर तौर पर विदेश जाने वाले यात्रियों के ज़रिए फॉरेन करेंसी को भारत से बाहर भेजता था। इस पूरे एक्सचेंज में दुबई और दूसरे गल्फ देशों से आने-जाने वाले लोगों का खास तौर पर इस्तेमाल होता था। इसलिए, जांच अधिकारियों को अहम सुराग मिले हैं कि यह नेटवर्क सीधे तौर पर अंतरराष्ट्रीय हवाला और स्मगलिंग रैकेट से जुड़ा हुआ है। हसन गोगा को 26 नवंबर को कस्टम्स एक्ट के सेक्शन 1962 और फेमा (फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट) के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# हाईकमान के आदेश के इंतजार में सिद्धारमैया-शिवकुमार, उधर जातीय संगठनों ने दिया अल्टीमेटम

**बेंगलुरु(एजेंसी)।** कर्नाटक में सत्ता के ढाई साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री पद को लेकर कांग्रेस के भीतर चल रहा तनिहित संकट अब खुलकर सड़क पर आ गया है। सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के समर्थक जातीय संगठन एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोल चुके हैं और दोनों पक्ष पार्टी हाईकमान को खुली चेतावनी दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक संसद के शीतकालीन सत्र (1 दिसंबर से) शुरू होने से पहले इस विवाद को सुलझाने की कोशिश तेज हो गई है। माना जा रहा है कि मई 2023 में हुई कथित ÷सीक्रेट डील÷ (ढाई-ढाई साल का फॉर्मूला) ही मौजूदा तनाव की जड़ है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पहले ही दोनों नेताओं को दिल्ली बुलाकर बैठक करने के संकेत दे चुके हैं। सिद्धारमैया ने कहा, अगर बुलाया जाएगा तो जरूर जाऊंगा। वहीं डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार का बयाना था, सीएम और मैं मिलकर चर्चा करेंगे, फिर जाएंगे। पहले 28-29 नवंबर को दिल्ली में बैठक की चर्चा थी, लेकिन



आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

दूसरी तरफ वोक्कलिगा समुदाय के संगठन भी पीछे नहीं हैं। वोक्कलिगा संघ ने पार्टी से अपील की है कि डीके शिवकुमार को तुरंत मुख्यमंत्री बनाया जाए। संघ के अध्यक्ष श्रीनिवास ने कहा, 'शिवकुमार दिन-रात बिना थके पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, वे इसके हकदार हैं। अगर उन्हें मौका नहीं मिला तो संतों के मार्गदर्शन में पूरे समुदाय के साथ बड़ा आंदोलन करेंगे।' पूर्व अध्यक्ष बी कंचप्पागौड़ा ने और सख्त लहजे में कहा, 'अगर शिवकुमार को अनुचित तरीके से दरकिनार किया गया तो अगले चुनाव में कांग्रेस को समुदाय सबक सिखाएगा।' कर्नाटक स्टेट फेडरेशन ऑफ बैकवर्ड क्लास कम्युनिटीज (केएसएफबीसीसी) ने साफ चेतावनी दी है कि अगर सिद्धारमैया को हटाने की कोशिश हुई तो इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा। अध्यक्ष केएम रामचंद्रप्पा ने कहा, 'जो लोग जाति जनगणना के खिलाफ हैं, वही सीएम को हटाने पर तुले हैं। अहिंदा (अल्पसंख्यक-ओबीसी-दलित) समुदाय चुप नहीं बैठेगा। धमकियां नई नहीं हैं, आजादी के बाद से चल रही हैं, लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं।'

गुरुवार को भी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपना सरकारी कामकाज जारी रखा, लेकिन एक दिन पहले बुधवार को उन्होंने अपने विश्वस्त माने जाने वाले वरिष्ठ नेताओं-विधायकों से बंद कमरे में लंबी बैठक की। इसमें गृह मंत्री जी परमेश्वर, पीडब्ल्यूडी मंत्री सतीश जरकिहोली, राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा (रिपोर्ट में नाम नहीं लेकिन आमतौर पर शामिल रहते हैं), एचसी महादेवप्पा, के वेंकटेश और पूर्व मंत्री केएन राजन्ना जैसे अहिंदा खेमे के दिग्गज शामिल थे। कुल मिलाकर कर्नाटक कांग्रेस ढाई साल के फॉर्मूले पर बुरी तरह उलझ गई है। दोनों तरफ के जातीय संगठन सड़क पर उतर आए हैं और हाईकमान पर दबाव बना रहे हैं। आने वाले दो-तीन दिन में दिल्ली से जो भी फैसला आएगा, वह न सिर्फ कर्नाटक बल्कि पूरे दक्षिण भारत की कांग्रेस राजनीति की दिशा तय करेगा।

## संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक 30 नवबंर को

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 30 नवंबर को संसद के शीतकालीन सत्र से पहले एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अनुसार, बैठक का मुख्य उद्देश्य विपक्ष के नेता के साथ विधेयकों की सूची साझा करना और उनके सुझाव लेना है। विभिन्न विभागों के सचिवों के साथ लंबित विधेयकों की समीक्षा के बाद, सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं के सुझावों के अनुसार शीतकालीन सत्र के लिए रणनीति बनाई जाएगी। संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरकार के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होनी हैं।

### चंडीगढ़ संशोधन विधेयक पर स्पष्टीकरण

विधेयक-संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2025 के तहत चंडीगढ़ को अनुच्छेद 240 के तहत शामिल किए जाने की अटकलें हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि यह प्रस्ताव केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के लिए केंद्र सरकार की कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से अभी भी विचाराधीन है। मंत्रालय ने कहा कि इस प्रस्ताव का इरादा चंडीगढ़ के शासन या प्रशासनिक ढांचे में बदलाव करना या चंडीगढ़ और पंजाब या हरियाणा राज्यों के बीच पारंपरिक व्यवस्थाओं को संशोधित करना नहीं है। इस मामले पर कोई भी निर्णय सभी हितधारकों के साथ पर्याप्त परामर्श के बाद ही लिया जाएगा, ताकि चंडीगढ़ के हितों की पूरी तरह से रक्षा हो सके।

## एण्डटीवी के कलाकारों ने बताए अपने पसंदीदा विंटर वॉर्डरोब एसेंशियल्स!

**मुंबई (एजेंसी)।** सर्दियां जैसे-जैसे दस्तक देती हैं, फैशन में भी गर्माहट और स्टाइल का खूबसूरत मेल दिखाई देने लगता है। एण्डटीवी के लोकप्रिय कलाकारों ने इस मौसम के लिए अपने जरूरी विंटर फैशन टिप्स और पसंदीदा वॉर्डरोब आइटम्स साझा किए। इन कलाकारों में शामिल हैं-सीरत कपूर (आगामी शो घरवाली पेडवाली की सावी), सोनल पंवार (हप्पू की उलटन पलटन की मलाइका) और शुभांगी अत्रे (भाबीजी घर पर हैं की अंगूरी भाबी)। सीरत कपूर, जो घरवाली पेडवाली में सावी का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, मेरे लिए विंटर फैशन एक आरामदायक झप्पी जैसा है! मुझे सॉफ्ट निट्स, लॉन्ग कोट्स और वॉर्म अर्थी टोन में लुक्स बनाना पसंद है। मेरा फॉमूर्ला है आराम पहले, लेकिन स्टाइल भी साथ में। ओवरसाइज्ड टर्टलनेक, स्ट्रेट फिट डेनिम और हाई बूट्स मेरी पहली पसंद हैं। मैं विंटर वॉर्डरोब में इंडियन टच भी जोड़ती हूं, जैसे छोटी कुर्ती और जेगिंग्स के साथ ऊनी दुपट्टा। मैं सस्टेनेबिलिटी में भी विश्वास रखती हूं, इसलिए पुराने स्वेटर्स को ब्रॉच लगाकर या समर ड्रेसेज के ऊपर लेयर करके नया लुक देती हूं। विंटर मेरे लिए टेक्सचर के साथ खेलने का मौसम है कॉर्डरॉय, वेलवेट, मोटे निट्स सब मेरे फेवरेट हैं! सोनल पंवार, जोकि हप्पू की उलटन पलटन में मलाइका की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा, सर्दियां मुझे लेयरिंग का सबसे अच्छा मौका देती हैं! डे शूट्स के लिए मैं स्वेटशर्ट्स या फिटेड पुलओवर्स के साथ जॉगर्स पहनती हूं, जो सिंपल और गर्म होता है। लेकिन शाम को तैयार होना मुझे ज्यादा पसंद है। क्रॉप्ड स्वेटर, हाई-वेस्ट ट्राउजर्स और लॉन्गलाइन कोट मेरा गो टू स्टाइल है। ब्लैक लेदर जैकेट मेरी बेस्ट फ्रेंड हैयह किसी भी आउटफिट को तुरंत स्टाइलिश बना देती है। मुझे बीनी कैप्स और मफलर भी बहुत पसंद हैं। ठंड में भी क्यूट दिखने का आसान तरीका! इन दिनों मेरा फेवरेट है कैरामल कलर का ऊनी कोट, जो लगभग हर चीज पर चल जाता है। ट्रेडिशनल लुक के लिए मैं कॉटन साड़ियों के साथ कश्मीरी शॉल पहनती हूं-गर्म भी और एलीगेंट भी।

# निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे पर 140 की स्पीट से गाड़ी दौड़ाकर गडकरी ने परखी गुणवत्ता

**-यह देख लोग बोले- शानदार एक्सप्रेसवे, प्रोजेक्ट समय पर पूरा करने के दिए निर्देश**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पूरे देश में एक्सप्रेसवे और हाईवे का नेटवर्क बिछा दिया है। कई जगह काम चल रहा है। गडकरी खुद इसकी मोनिटरिंग कर रहे हैं और निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे में जाकर गुणवत्ता की जांच कर रहे हैं। इतना ही नहीं एक्सप्रेसवे पर अपने वाहन को तेज दौड़ाकर भी इसकी गुणवत्ता परख रहे हैं, जिससे सफर के दौरान वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी न हो। इस तरह एक एक्सप्रेस के निरीक्षण के दौरान उनकी गाड़ी 140 की स्पीड में दौड़ी और वह आगे बैठकर देखते रहे।

दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे तैयार होने वाला है। यह कई पैकेज में बनाया जा रहा है, जैसे-जैसे पैकेज तैयार होते जा रहे हैं, उसे आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। नितिन गडकरी इस ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे वड़ोदरा मुंबई एक्सप्रेसवे के पैकेज छह और सात के निरीक्षण के लिए गए। इस दौरान उनके साथ मंत्रालय और एनएचएआई के सभी अधिकारी मौजूद थे। गडकरी ने एक्सप्रेसवे का रिव्यू किया और अधिकारियों को निर्देश



दिए कि गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ कुछ प्रोजेक्ट को समय पूरा करने के भी निर्देश दिए, क्योंकि कई जगह काम धीमा चल रहा है।

रिव्यू करने के बाद वे अपनी गाड़ी में बैठे और गाड़ी 140 किमी की स्पीड से दौड़ाई। इतनी स्पीड इसलिए रखी, जिससे पता चल सके कि अगर लोग अपना वाहन इस स्पीड से दौड़ाएंगे तो उनकी गाड़ी में झटके तो नहीं लगेंगे। वे सुविधाजनक और सुरक्षित सफर कर सकें। यह देखकर लोगों ने कहा कि बहुत ही शानदार एक्सप्रेसवे बन रहा है। वडोदरा-मुंबई ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे कुल 380 किमी लंबा है, जिसमें से पैकेज-6 और 7 महाराष्ट्र के पालघर-ठाणे इलाके में आते हैं।

भारतीय रेलवे द्वारा तैयार की गई सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदेभारत एक्सप्रेस 180 किमी प्रति घंटे की स्पीड के हिसाब से डिजाइन की गई है, लेकिन 160 की स्पीड में दौड़ सकती है। मौजूदा समय दिल्ली से भोपाल वाली ट्रेन आगरा तक ही 160 की स्पीड में दौड़ती है, अन्य सभी ट्रेनें 100 से 130 किमी की स्पीड से दौड़ती हैं, इसलिए नितिन गडकरी की गाड़ी वंदेभारत की स्पीड से दौड़ी।

एनएचएआई दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है, जिसकी लंबाई 1250 किमी है। नौ फेज में बन रहे एक्सप्रेसवे का 80 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। छठवां और सातवां पैकेज इसी एक्सप्रेस का हिस्सा है। इससे दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के तमाम शहरों के लोगों का आवागमन आसान होने जा रहा है। कुछ पैकेज पहले ही खोले जा चुके हैं और ट्रैफिक चल रहा है।

# अजित पवार ने मुंबई की मतदाता सूची पर सवाल उठाए... लाखों डुप्लीकेट मतदाता

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मुंबई की मतदाता सूची पर सवाल उठा दिए हैं। उन्होंने कहा है कि लिस्ट में लाखों डुप्लीकेट मतदाता होने की बात कही हैं। अजित पवार का बयान तब आया है, जब देश भर में एसआईआर यानी विशेष मतदाता पुनरीक्षण का काम जोर पकड़ रहा है। साथ ही बीएमसी चुनाव की तैयारियां भी जारी हैं। राज्य के कई स्थानीय निकायों के चुनाव दो दिसंबर को होने वाले हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना की रैली में पवार ने कहा, मुंबई में दोहरे, तिहरे और चौगुने मतदाताओं की संख्या करीब 11 लाख है। हाल ही में एक ट्रेंड देखा गया है, जहां अगर किसी के पक्ष में मतदान नहीं हो रहा है, तब कुछ मतदाताओं को अलग वार्डों में भेज दिया जाता



है। मैंने निर्वाचन आयोग से सूची में हुई गलतियों को सुधारने का अनुरोध किया है। ऐसा सालों से हो रहा है। महाराष्ट्र में इस तरह की डबल, ट्रिपल वोटिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रहीमतपुर नगर परिषद चुनावों से पहले रैली में उन्होंने मेयर पद के लिए नंदन सुनील माने का समर्थन किया। उन्होंने कहा, चुनाव धमकियां देकर नहीं जीते जाते। मतदाताओं से बदतमीजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉक्टर बाबासाहब आंबेडकर ने हर जाति और धर्म, अमीर और गरीब के लिए वोट के समान अधिकार सुनिश्चित किए हैं। अगर कोई अधिकारी जानबूझकर या अनजाने में गलती कर रहा है, तब उस तत्काल सुधारा जाना चाहिए। लोगों को फैसला करने दें कि वे किसे जीतते देखना चाहते हैं। पवार के 'वोट तुम्हारे हाथ में है, तब निधि हमारे हाथ में है' वाले बयान पर राकंवा (एसपी) चीफ शरद पवार ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पैसों का वादा कर वोट मांगना गलत है। अजित पवार ने पिछले सप्ताह पुणे जिले की बारामती तहसील के मालेगांव में मतदाताओं से कहा कि यदि वे उनकी पार्टी के उम्मीदवारों को चुनते हैं, तब शहर के लिए पैसों की कमी नहीं होने दी जाएगी, लेकिन अगर मतदाताओं ने उन्हें नकार दिया गया, तब मैं भी नकार दूंगा।

## दिल्ली बम धमाकों ने आतंकवाद से जुड़े कई मिथकों को तोड़ दिया : राम माधव

नई दिल्ली,(एजेंसी)। आरएसएस नेता राम माधव ने दिल्ली लाल किला ब्लास्ट से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल के बारे में बयान दिया है। संघ के नेता राम माधव ने अल फलाह यूनिवर्सिटी से सामने आए डॉक्टर मॉड्यूल और लाल किले के पास हुए आतंकी हमले के मुख्य आरोपी (जो कि एक डॉक्टर था) के बारे में कहा कि आतंकवाद से जुड़े कई मिथकों को तोड़ा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अब तक यह माना जाता था कि आतंकवाद का शिक्षा से कोई लेना-देना नहीं है और यह गरीबी का परिणाम है। लेकिन लाल किला ब्लास्ट की घटना ने साबित कर दिया है कि आतंकवाद का शिक्षा या गरीबी से कोई लेना-देना नहीं है। यह एक धारणा (परसेप्शन), एक सोच (आइडियोलॉजी) का परिणाम है। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि ओसामा बिन लादेन इंजीनियर था और अल-जवाहिरी डॉक्टर था, फिर भी आतंकवादी थे। उन्होंने इस बात को खारिज किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने यह स्वीकार किया कि किसी एक धर्म को पूरी तरह से आतंकवाद से नहीं जोड़ा जा सकता। एक आतंकवादी का अपना धर्म होता है। लोग धार्मिक आधार पर आतंक की तरफ बढ़ रहे हैं। दिल्ली ब्लास्ट का मुख्य आतंकी अपने कृत्यों को सही ठहराने के लिए कुरआन की आयतों का हवाला दे रहा था। हमें अब यह मानना पड़ेगा कि आतंकवादियों की धार्मिक प्रेरणा होती है।

# धुएं का अलर्ट: दिल्ली-अहमदाबाद फ्लाइट की कराना पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली से अहमदाबाद जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2939 गुरुवार को बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बची। टेकऑफ के ठीक बाद कॉकपिट में कार्गो होल्ड से धुएं का इंडिकेशन मिला, जिससे क्रू ने तुरंत एहतियाती कदम उठाए। स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पायलटों ने फ्लाइट को दिल्ली वापस लौटाया और सुरक्षित लैंड कराया। एयर इंडिया के अधिकारी ने बताया कि अलर्ट के बाद क्रू ने कोई जोखिम नहीं लिया और विमान को रनवे पर उतार दिया। जांच में पता चला कि धुएं का इंडिकेशन गलत था, यानी कोई वास्तविक खतरा नहीं था।

एयर इंडिया ने एक्स पर आधिकारिक बयान जारी कर स्पष्ट किया, 27 नवंबर को फ्लाइट एआई 2939 के क्रू ने टेकऑफ के तुरंत बाद स्मोक इंडिकेटर दिखने पर दिल्ली लौटने का फैसला किया। पूरी जांच के बाद यह फॉल्स अलार्म पाया गया। विमान सुरक्षित उतरा और सभी पैसेंजर्स व क्रू को उतार लिया गया। ग्राउंड टीम ने यात्रियों को तुरंत सहायता दी और वैकल्पिक व्यवस्था कर उन्हें गंतव्य



तक पहुंचाया। इस असुविधा के लिए खेद है। सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।÷ इस घटना से यात्रियों में घबराहट हुई, लेकिन क्रू की सतर्कता से सब सुरक्षित रहे।

### गुवाहाटी-हैदराबाद फ्लाइट रद्द

इसी दिन एयर इंडिया एक्सप्रेस की गुवाहाटी से हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट आईएक्स 2884 'अनदेखे ऑपरेशनल कारणों' से रद्द हो गई। यह घटना तब सुर्खियों में आई जब भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज ने एयरलाइन पर देरी और कम्युनिकेशन की कमी का आरोप लगाया। फ्लाइट शाम 7-25 बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन बिना सूचना के देरी हुई और अंततः कैंसिल कर दी गई। सिराज ने एक्स पर पोस्ट कर नाराजगी जताई, ÷एयर इंडिया की फ्लाइट आईएक्स 2884 को 7-25 बजे टेकऑफ करना था, लेकिन कोई कम्युनिकेशन नहीं। बार-बार फॉलो-अप के बाद भी सही वजह बताए बिना देरी की गई। यह बेहद फ्रस्ट्रेटिंग है। हर पैसेंजर को बेसिक अपडेट का हक है।

### एयरलाइन की सफाई और माफी

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सिराज के पोस्ट का जवाब देते हुए खेद जताया, अनदेखे कारणों से फ्लाइट कैंसिल हुई। एयरपोर्ट टीम सभी मेहमानों को मदद कर रही है। हम स्थिति की गंभीरता समझते हैं और आपके धैर्य की सराहना करते हैं। अपडेट देते रहेंगे। कंपनी ने सभी प्रभावित यात्रियों को वैकल्पिक फ्लाइट्स या रिफंड की व्यवस्था का आश्वासन दिया। सिराज की शिकायत से एयरलाइन की कम्युनिकेशन प्रक्रिया पर सवाल उठे, जो पैसेंजर्स की असुविधा का मुख्य कारण बनी। ये दोनों घटनाएं एयर इंडिया ग्रुप की ऑपरेशनल चुनौतियों को उजागर करती हैं। धुएं का फॉल्स अलार्म सुरक्षा प्रोटोकॉल की मजबूती दिखाता है, जबकि फ्लाइट कैंसिलेशन कम्युनिकेशन गैप को। एयरलाइन ने दोनों मामलों में सुरक्षा और सहायता पर जोर दिया, लेकिन यात्रियों की शिकायतें सेवा सुधार की मांग करती हैं।

# भारत में युवाओं की संख्या 65 फीसदी, देश विकसित बनाने का संकल्प लें: राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**लखनऊ (एजेंसी)।** देश के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार की शाम लखनऊ में हुए स्काउट एंड गाइड के जंबूरी कार्यक्रम के समापन समारोह में कहा कि देश की कुल आबादी के 65 फीसदी ऐसे युवा हैं जिनकी उम्र 35 साल से कम है। इन्हीं युवाओं को भारत को विकसित बनाना है, 2047 तक यह सपना पूरा करना है। उन्होंने कहा कि जंबूरी जैसे कार्यक्रम युवाओं को जोड़ते हैं देश में अखंडता की स्थिति बयां करते हैं। इन्हीं युवाओं का आत्म बल हमको विकास की राह पर ले जाएगा।

लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में 23 से 29 नवंबर 2025 तक भारत की सबसे बड़ी युवा सभा-राष्ट्रीय जंबूरी हुई। 61 साल बाद उत्तर प्रदेश को यह सम्मान मिला। देश-विदेश के लगभग 30 हजार स्काउट, गाइड, रेंजर और रोवर इस सात दिवसीय शिविर में शामिल हुए। समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि रहे। अपने सम्बोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बच्चों से कहा कि 35 साल से कम उम्र के युवा कुल आबादी के लगभग 65 प्रतिशत हैं। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना तभी पूरा होगा जब हमारा युवा वर्ग दृढ़ संकल्प के साथ आगे आएगा। उन्होंने खुशी जताई कि जंबूरी जैसे आयोजन न सिर्फ अनुशासन और राष्ट्रीय एकता सिखाते हैं, बल्कि आपदा के समय स्काउट-गाइड हमेशा सबसे आगे लोगों की मदद के लिए खड़े रहते हैं। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अब यह संगठन व्यक्तित्व विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी बहुत अच्छा काम कर रहा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जंबूरी को 'भारतीय युवा ऊर्जा का महोत्सव' बताया। उन्होंने कहा कि 61 वर्ष बाद उत्तर प्रदेश को यह आयोजन मिला है। इतने बड़े स्तर पर युवाओं का एकत्रित होना महाकुंभ की याद दिलाता है। यहां दुनिया के कोने-कोने से आए बच्चे विश्व बंधुत्व का संदेश लेकर जाएंगे। सीएम ने स्काउट-गाइड के अनुशासन की तारीफ की और कहा कि ऐसे आयोजन उत्तर प्रदेश को नई पहचान दे रहे हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने युवाओं को संदेश दिया कि युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। तुम्हारी सकारात्मक सोच और ऊर्जा इस देश की सबसे बड़ी पूंजी है। यही ताकत भारत को विश्व गुरु बनाएगी। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड केवल कौशल नहीं सिखाते, बल्कि मानवता, कर्तव्य और मूल्यों का मजबूत कवच भी देते हैं। स्वच्छ, स्वावलंबी और विकसित भारत की कल्पना इन्हीं मूल्यों से साकार होगी।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**